

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 जो लोग हवाबाजी कर रहे हैं, जनता के सामने...

सीएम स्टालिन ने लोकसभा चुनाव को ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 323 | पटना, रविवार, 07 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,985

चांदी 80,700

सेंसेक्स 74,248

निफ्टी 22,513

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पुजारी कांकेर क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करीगुर्टा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ का सुरक्षाबल तेलंगाना के नक्सल रोधी बल ग्रे हाउंड के साथ दोनों राज्यों की सीमाक्षेत्र में नक्सल रोधी अभियान पर है। उन्होंने बताया कि संयुक्त दल जब पुजारी कांकेर के करीगुर्टा गांव के जंगलों में था, तब सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए और घटनास्थल से हथियार भी बरामद किये गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत, 15 घायल

भुवनेश्वर। ओडिशा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह गंजम जिले के सोमपुर चौराहे पर एक पिकअप के पलट जाने से डंडा नाता (लोक कला) समूह के दो सदस्यों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल हुए व्यक्तियों को हिंजिली अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनमें से सात की हालत बिगड़ने पर उन्हें बरहामपुर के ह्यएमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों के सिर में चोट लगी है। डंडा नाता कलाकार एक कार्यक्रम करने के बाद दो ह्यपिकअप वैनह्ण में दहीमुंडली गांव से खेती बरहामपुर लौट रहे थे। एक अन्य हादसे में जाजपुर जिले के बरुहान चौराहे के पास एक सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के सिमुलुआ गांव निवासी सैंदा जेना और उनके बेटे मुना जेना के रूप में की गई है। वे मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार के यहां से अपने घर वापस आ रहे थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटे ने जाजपुर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**भाजपा के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम ने कार्यकर्त्ताओं को किया संबोधित**

# भाजपा ने हाशिए पर पड़े लोगों को आशा व आवाज दी : मोदी

### कहा-देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गई है भाजपा

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके त्याग एवं तप से भाजपा आज 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गई है जिसे लोग 21वीं सदी में भारत के योग्य नेतृत्वकारी दल मानते हैं। श्री मोदी ने सुबह एक्स पर कई पोस्ट में स्थापना दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा, आज, भाजपा के स्थापना दिवस पर, मैं पूरे भारत के सभी साथी पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुख दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए अपनी पहचान बनाई है। हमारे कार्यकताओं द्वारा संचालित, हमारी पार्टी 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नई परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है जिससे प्रत्येक भारतीय के लिए जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी। आज के भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन पर जोर दिया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि विकास का लाभ गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। श्री मोदी ने कहा कि हमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच पूर्ण सामंजस्य प्रदर्शित करता है। राजग एक जीवंत गठबंधन है, जो भारत की विविधता को समाहित करता है। हम इस साझेदारी को संजोते हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी। भारत नई लोकसभा चुनने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे विश्वास है कि लोग हमें एक और कार्यकाल के लिए आशीर्वाद देंगे ताकि हम पिछले दशक में हासिल की गई जमीन पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा, ह्मैं अपने सभी भाजपा और राजग कार्यकताओं को भी शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे लोगों के बीच काम कर रहे हैं और हमारे एजेंडे को विस्तार से बता रहे हैं। भाजपा की स्थापना 1980 में पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के नेताओं ने की थी। भारतीय जनसंघ ने आपातकाल के बाद 1977 के चुनावों में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए जनता पार्टी बनाने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ विलय कर लिया था। भाजपा ने 1984 में लड़े गए अपने पहले राष्ट्रीय चुनाव में केवल दो लोकसभा सीट जीती थीं। बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में यह पार्टी तेजी से मजबूत हुई और यह 90 के दशक में एक गठबंधन का नेतृत्व करते हुए सत्ता में आई। इसके बाद मोदी के नेतृत्व में 2014 में पार्टी को पहली बार पूर्ण बहुमत मिला और फिर 2019 में उससे भी बड़ा जनादेश मिला।

### भाजपा का स्थापना दिवस : जेपी नड्डा ने लोस चुनाव में 400 पार के संकल्प का किया आह्वान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 पार के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के अलावा मीडिया को भी संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो जनसंघ के दिनों से लगातार अपने वैचारिक अधिष्ठान राष्ट्रवाद के साथ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर चल रही है। भाजपा वैचारिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया। तीन तलाक को खत्म किया गया। आज भाजपा के लोकसभा में 303 सदस्य हैं। भाजपा जनता का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा नेताओं के माध्यम से कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जिस मुकाम पर पहुंची है, उस यात्रा में 4-5 पीढ़ियां खप गईं। उनके तप, योगदान और तपस्या के कारण आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। जेपी नड्डा ने भाजपा के करोडों कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस बार मोदी जी के नेतृत्व में 2024 के चुनाव में हम पूरी ताकत से लग जाएं। इस चुनाव में एनडीए 400 पार करेगी, इस संकल्प को दोहराएं और इस संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क करें और प्रत्येक व्यक्ति तक मोदी जी के संदेश को पहुंचाएं।

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर साधा निशाना**

# यह देश चंद लोगों की जागीर नहीं है : सोनिया गांधी

### ये देश हमारे बच्चों का आंगन है, हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है

प्रात : किरण




जयपुर/एजेंसी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि देश से ऊपर कोई नहीं होता, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद को महान मानते हैं। यह देश चंद लोगों की जागीर नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है। ये देश हमारे बच्चों का आंगन है। सोनिया गांधी जयपुर के विद्याधरनगर स्टेडियम में आयोजित कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय पत्र को जारी करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमारे महान पूर्वजों ने अपने संघर्ष के बल-बूते देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा और पाया था। इतने सालों बाद महान ज्योति मद्धम पड़ गई है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 सालों से ऐसी सरकार के हाथ में जिसने बेरोजगारी, आर्थिक संकट को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को सीने की आग से जलाएंगे और हजारों आंधियों से संभाल आगे बढ़ेंगे। जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी संबोधित किया। खड़गे ने कहा कि मोदी हमेशा लोगों को भ्रमित करते हैं। आपने देश के लिए कुछ नहीं किया, फिर भी कहते रहते हैं कांग्रेस वालों ने कुछ नहीं किया, 70 सालों में कुछ नहीं किया। हम तो 55 साल का हिसाब दे रहे हैं। राजस्थान-जयपुर में या उसका हिसाब दे रहे हैं। आप दो न हिसाब, तुमने क्या किया। तुम में बोलने की ताकत नहीं है। बात उठी तो कांग्रेस को गालियां देना, बात करें तो गांधी परिवार को गालियां देना। राजस्थान में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि एयरपोर्ट, आईआईटी और एम्स कांग्रेस लाई और मोदी जी कहते हैं देश का विकास हो रहा है। मैं देश के विकास के लिए काम कर रहा हूं। इस बार नया सॉन्ग और ड्रामा लाए हैं। मोदी की गारंटी.. वे पार्टी और भाजपा का नाम नहीं लेते। मोदी है तो मुमकिन है...मोदी है तो गारंटी है। ये हर जगह कह रहे हैं..मेरी गारंटी, ये हमारा शब्द है, जो मोदी ने चुरा लिया। उन्होंने कहा कि ये आदमी सब जगह कहता है मैंने ये किया, मैंने वो किया। मोदी के इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों पर तंज कसते हुए खड़गे ने कहा कि आजकल रेलवे लाइन को लेकर चर्चा में हैं। ये लाइन तो ब्रिटिश के जमाने से लेकर पंडित नेहरू के जमाने से है। मोदी अब क्या कर रहे हैं। मोदी उन लाइन पर एक-एक ट्रेन को छोड़कर हरी झंडी दिखा रहे हैं। ये इंफ्रास्ट्रक्चर तो हमने तैयार किया है और उसका क्रेडिट भी आपने लिया। स्टेशन पर जाकर हरी झंडी दिखाते हैं। बगैर काम का क्रेडिट लेना मोदी का काम है। खड़गे ने कहा कि हम कभी झूठ बोलने वालों में नहीं है। जैसा मोदी झूठ बोलते हैं। हर जगह कुछ न कुछ नया झूठ बोलकर आते हैं। उन्होंने कितनी गारंटी हमसे पहले दी हैं। पहली गारंटी में युवाओं को कहा कि मैं हर साल दो-दो करोड़ नौकरियां दूंगा। 10 साल में 20 करोड़ नौकरी देनी थी, क्या 20 करोड़ नौकरियां देश के युवाओं को मिला है। मोदी पीएम है वो ऐसा झूठ कैसे बोल सकते हैं, आप लोग झूठ बोल रहे हो। जनसभा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के न्याय पत्र की प्रमुख बातों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता और मोदी जी खोखले संसार और दुनिया में रह रहे हैं। गाजे बाजे में, शोहरत में, आपको केवल अच्छा-अच्छा दिखता है, बड़ी-बड़ी इवेंटबाजी दिखती है। ये सब सच्चाई छिपाने के लिए हैं। दो सीएम जेल में हैं। कहते हैं कि भ्रष्टाचार पर वार है, लेकिन सब भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं। सारी पार्टियों को, भ्रष्टाचारियों को न्योता देकर अपने साथ ले रहे हैं और उन पर कोई सवाल नहीं उठाता। हम न्याय की गारंटी दे रहे हैं, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र को बचाया है, नेताओं ने जान दी। इस चुनाव को आप अपने मुद्दों पर लड़वाएं, जो आपका अनुभव है वो ही सत्य है। प्रियंका गांधी ने कहा कि असलियत को पहचानने का समय आ गया है। आपको ये ही सुनने को मिलता है कि अबकी बार 400 पार। मोदी कहां भ्रमण कर रहे हैं। कभी हवाई जहाज, कभी समुंदर में पानी के नीचे...ये ही दिख रहा है। आपको जहां-जहां तकलीफ हुई वहां कोई मदद के लिए नहीं आया।

## लाओस से 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश: जयशंकर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, लाओस में भारतीय दूतावास ने अच्छा काम किया। सुरक्षित वापसी में मदद के लिए लाओस के अधिकारियों का धन्यवाद। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में नौकरी के अवसर तलाश रहे भारतीयों से भावी नियोक्ता की पृष्ठभूमि की अच्छी तरह से जांच करने का आह्वान किया था। परामर्श में कहा गया था, ऐसा पता चला है कि कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं।

## जब निरीक्षी जज ने कोर्ट के वकील की बेंच पर बैठकर कार्यवाही देखी

### अधिवक्ता भवन में किया गया स्वागत, समस्याओं का सौंपा ज्ञापन, मिलने को बुलाया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी। व्यवहार न्यायालय में औचक निरीक्षण करने के लिए पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश पीवी वैजयंत्री शनिवार को अचानक पहुंच गए। उनके यहां आने के साथ उन्हें पहचानने वाले में सूचना फैला दी। आनन-फानन में विभिन्न न्यायाधीश, जुडिशल मजिस्ट्रेट से लेकर कर्मचारीगण सक्रिय हो गए। औचक निरीक्षण के दौरान निरीक्षी न्यायाधीश पीवी वैजयंत्री विभिन्न कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान कोर्ट में चल रही कार्यवाही को सुनने, समझने और देखने के लिए वह अधिवक्ताओं के बीच बेंच पर बैठ गए। एक-एक कर निरीक्षी न्यायाधीश ने विभिन्न कोर्ट का निरीक्षण किया। बाद में वह संबंधित न्यायाधीशों और न्यायिक दंडाधिकारियों से मिलकर बातें भी कीं। इसके बाद वह अधिवक्ता भवन में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, रामप्रीत राम, तुषार कॉल आदि साथ में थे। अधिवक्ता भवन में वकीलों के द्वारा उन्हें बुके और अंग वस्त्र प्रदान किया गया। साथ ही यहां अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर एक स्मार पत्र भी दिया गया। इसमें अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था करने, फेमिली कोर्ट, एससी/एसटी कोर्ट, बिजली कोर्ट शहरी के अलावा अधिवक्ता भवन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात शामिल थी। निरीक्षी न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह सब तीन-चार दिनों के बाद आकर उनसे मिलें और बात करें। वह आप सबों की मांग पर सकारात्मक पहल करेंगे। इस दौरान अधिवक्ता रामबाबू प्रसाद, राजीव रंजन, दिलीप झा, राम कुमार, राकेश कुमार, दीनानाथ सिंह, अशोक कुमार सिंह, विनय मेहता, सागर कुमार, विजय मेहता, मोहित कुमार, डॉ राकेश कुमार, राजीव रंजन उर्फ रिंकू, हेमलता शर्मा, डॉ प्रदीप गुप्ता, अजय साह आदि शामिल थे।

## मोदी सरकार का 2024 में होगा 2003-04 वाला हाल : खड़गे

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मोदी सरकार 2024 के आम चुनाव को लेकर भले ही बहुत आत्मविश्वास जता रही है लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि इस बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वही हाल होना हैं जो 2003 04 के आम चुनाव में उसके इंडिया शाइनिंग नारे का हुआ था। श्री खडगे ने ट्वीट किया, मोदीजी दुनिया भर के हर विषय पर चर्चा करते हैं लेकिन कभी आपने सुना कि महंगाई, बेरोजगारी, अमीर और गरीब की बढ़ती खाई, किसानों की आमदनी पर कोई चर्चा हुई। मोदी सरकार का 2024 के चुनाव में वही हाल होगा जो 2003-04 में ह्यइंडिया शाईनिंगह्ण नारे का हुआ था। भाजपा 200 से भी नीचे सिमट जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए देश के सामने पांच न्याय और 25 गारंटी का एजेंडा रखा है। इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल है। युवा न्याय में हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की और एक लाख रुपए सालाना स्टाइपेंड मिलेगा जबकि नारी न्याय में गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख की मदद देंगे। किसान न्याय में किसानों की कर्ज माफ कर एएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।श्रमिक न्याय में मनरेगा में 400 रुपए रोज न्यूनतम मजदूरी मिलेगी और हिस्सेदारी न्याय के तहत सामाजिक, आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना होगी।

## चुनाव से पहले घाटी में घुसपैठ की कोशिश पाकिस्तान की हताशा : सेना

प्रात : किरण



श्रीनगर/एजेंसी। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में शुक्रवार को पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की नाकाम कोशिश देश में आम चुनाव से पहले कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की पाकिस्तान की हताशा को प्रदर्शित करती है। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए जब वे कश्मीर में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। सेना ने एक बयान में कहा कि घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान एलओसी के आसपास पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से रुक-रुक कर गोलीबारी की गई। सेना ने कहा कि भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान में कल घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया था। उन्होंने कहा कि उरी सेक्टर में एलओसी के पार घुसपैठ की योजना बनाने और उसका अंजाम देने वाले आतंकवादी समूहों के बारे में कई खुफिया एजेंसियों से पहले ही कई जानकारियां प्राप्त हुई थीं। इन सूचनाओं और निगरानी के आधार पर घुसपैठ रोधी ग्रिड की समीक्षा की गई और उसे मजबूत किया गया। शुक्रवार तड़के उनकी निगरानी से पता चला कि आतंकवादियों का एक समूह नियंत्रण रेखा की ओर बढ़ रहा था। सेना ने कहा कि हमारे बलों ने शत्रुतापूर्ण हरकतों पर लगातार नजर रखी और संपर्क स्थापित किया जिसके कारण भारी गोलीबारी हुई। जब अभियान चल रहा था, तब नियंत्रण रेखा के आसपास पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गये और दो एके राइफल, तीन मैगजीन, चार हथगोले, गोला-बारुद तथा अन्य सामग्रियां बरामद की गई। सेना ने कहा कि आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश से पाकिस्तान की हताशा का पता चलता है कि जो शांतिपूर्ण कश्मीर घाटी में ऐसे समय में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है जब आम चुनाव होने वाले हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल का प्रदर्शन करती है जो कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान पांचवें चरण में 20 मई को होना है और यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के समीप होने के कारण बहुत संवेदनशील है। बारामूला संसदीय क्षेत्र में कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला के तीन जिले शामिल हैं और ये सभी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के साथ अपनी सीमाओं को साझा करते हैं।

**जानकारी** ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने अपने दौरे के दौरान मुंबई की नौसेना गोदी देश में ही निर्मित विध्वंसक और एक पनडुब्बी को भी देखा

## ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान का दौरा किया

प्रात : किरण/एजेंसी



मुंबई। शाही ऑस्ट्रेलियाई नौसेना (आरएएन) के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान (डब्ल्यूएनसी) का दौरा किया और आपसी हित और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को लाल सागर और अदन की खाड़ी में सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को अपने दौरे के दौरान मुंबई की नौसेना गोदी देश में ही निर्मित विध्वंसक और एक पनडुब्बी को भी देखा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा नौसेना ठिकाने का दौरा किये जाने के दौरा उसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड की क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई और भारतीय नौसेना के लिए चल रही परियोजनाओं के बारे में बताया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक ₹पांच सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीफ ऑफ आरएएन, एओ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड ने किया। इसने पांच अप्रैल को मुंबई स्थित भारतीय नौसना के पश्चिमी कमान के मुख्यालय का दौरा किया।'' भारतीय नौसेना ने बताया, ''प्रतिनिधिमंडल ने वाइस एडमिरल संजय जे सिंह, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान के साथ बातचीत की और दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिक हित और अंतर-संचालनीयता के मामलों पर चर्चा की।''

## संक्षिप्त खबरें

### न्यायाधीश न्यायमूर्ति पवन कुमार भीमप्पा बैजंतरी शनिवार को व्यवहार न्यायालय पहुंचे

दानापुर। नगर के अंतर्गत पटना न्यायमंडल के निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति पवन कुमार भीमप्पा बैजंतरी शनिवार को दानापुर व्यवहार न्यायालय पहुंचे। न्यायमूर्ति ने न्यायालय परिसर और अधिवक्ता संघ का निरीक्षण किए।साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं से बातचीत किए। इससे पहले अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव राजेश्वर यादव,वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव,नवाब लाल यादव, विद्या लक्ष्मी, शिवमूर्ति, संजय समेत अन्य अधिवक्ताओं ने सह सम्मान स्वागत किया।न्यायमूर्ति के आने की खबर से न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी।

### जदयू प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट की सूची जारी

पटना। जदयू ने शनिवार को नए प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्ट की सूची जारी की है। पार्टी का पक्ष रखने के लिए प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्ट की नियुक्ति की गई है. इस बार मुख्य प्रवक्ता के अलावे सिर्फ दो प्रवक्ता होंगे। जबकि मीडिया पैनल में 11 नेताओं को जगह दी गई है। डॉ. निहोरा प्रसाद यादव और अरविंद निषाद को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं मीडिया पैनल में ओमप्रकाश सिंह सेतु के अलावे अन्य 10 लोगों के नाम हैं। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता की तरफ से यह लिस्ट जारी की गई है। ये सभी मीडिया में पार्टी या गठबंधन का पक्ष रखेंगे। मीडिया पैनल में 11 लोगों को मिली जगह : जिन लोगों को मीडिया पैनल में शामिल किया गया है उनमें इम्तियाज अहमद अंसारी, श्वेता विश्वास, मनोरंजन गिरी, कमल नोपानी, ओमप्रकाश सिंह सेतु, प्रतिभा सिंह, हुलेश मांझी, अजीत पटेल, पूजा एन. शर्मा, पल्लवी पटेल और मधुरेंद्र पांडेय शामिल हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट रोड पर अज्ञात वाहन से कुचल कर एक युवक की मौत हो गई। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि मृत युवक की पहचान 40 वर्षीय मुकेश कुमार के तौर पर की हुई है। शव परिजनों भगीना शुभम को सौंपा गया है। पुलिस मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन कर कार्रवाई कर रही है। हालांकि बताया जाता है कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं करने का पुलिस से अनुरोध किया।

### नाला में मिला अज्ञात युवक का शव

पटना सिटी (प्राकि)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर नहर के निजी विद्यालय के पास से शनिवार को अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष पूर्णेंदु कुमार बताया कि जनता की ओर से सूचना दी गयी कि बोरा में बंधा एक युवक का शव नाला में फंसा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने अज्ञात युवक के शव को बरामद किया। उसका शव बोरा में लिपटा था। शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। डीएसपी शरथ आरएस ने बताया कि मृतक की पहचान होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। उसकी उम्र करीब 35 साल आंकी गई है।

# बाइपास थाना के अखिलेश नगर के कबाड़ी गोदाम में लगी भीषण आग

- पटना सिटी, कंकड़बाग, लोदीपुर आदि से दर्जनाधिक दमकल वाहन पहुंचा







पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के अखिलेश नगर में बड़े कारपेट एरिया (करीब दस कट्ठा से अधिक) में प्लास्टिक कचरे यानी कबाड़ी का गोदाम था। यहां अपराह्न में आग लग गई। हालांकि शुरूआती दौर में धुआं निकलते देखा लोगों ने उस पर काबू पा लिया। मगर देखते ही देखते आग की लपट इतनी तेज हुई कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं दिया। सिटी फायर स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार अपराह्न करीब 2.45 बजे सूचना मिली कि गुलजारबाग स्टेशन के दक्षिण और मेहंदीगंज रेल गुमटी के अंदर जाकर दीप नगर की तरफ अखिलेश नगर चौराहा के पास स्थित बड़े कबाड़ी परिसर में आग लगी है। इसके बाद आनन-फानन में पहले बाइपास थाना और चौक थाना से वहां मिक्स्ड टेक्नोलॉजी का छोटा वाहन भेजा गया। पहले मिस्ट टेक्नोलॉजी की गाड़ी वहां भेजी गई, मगर आग की भयावहता को देखते हुए पटना सिटी फायर स्टेशन के फायर ऑफिसर गयानंद सिंह ने इसकी सूचना जिला फायर ऑफिसर मनोज कुमार नट को दी। इसके बाद कंकड़बाग और लोदीपुर से भी अतिरिक्त अग्निशमन की गाड़ियां एनएच 30 के 70 फीट से होते हुए घटनास्थल को पहुंची। यहां अप्रत्याशित भीड़ महिला और पुरुषों की लगी आग को देखने को जुटी थी। इससे फायरमैन को आग पर काबू पाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यहां मेहंदीगंज, बाइपास, आलमगंज एवं अन्य थाना की पुलिस भी पहुंची हुई थी। आग की लपट और उससे धुआं इतना निकल रहा था कि जेपी सेतु यानी मरीन ड्राइव पर से गुजर रहे वाहन में सवार लोगों को, कंकड़बाग तक के लोगों को और पूरब में हाजीगंज तक और दक्षिण में एनएच 30 रोड से भी दक्षिण आसमान में धुएं का गुबार दिख रहा था। मानो लग रहा था कि पास में ही कहीं आग लगी है। हालांकि स्थानीय स्तर पर कबाड़ के आसपास के करीब दर्जन भर मकान में भी आग पकड़ लिया। परिसर में रहे खजूर और ताड़ के पेड़ को भी आग ने नहीं छोड़ा। लोग जिनके मकान कबाड़ के आसपास सटा हुआ था, उन सबों ने आग से सटे कारपेट एरिया से सामान को हटा लिया और अपने को सुरक्षित करने का प्रयास किया। घटनास्थल पर फायर के डीआईजी, जिला फायर ऑफिसर मनोज कुमार नट, कंकड़बाग के सहायक जिला फायर ऑफिसर इंद्रजीत कुमार, पटना सिटी के सहायक जिला फायर ऑफिसर गयानंद आदि जुटे थे। इस दौरान 20 बड़े वाटर टैंडर (जिसकी क्षमता करीब 4500 लीटर पानी की है), चार वाटर वाउजर (जिसकी क्षमता करीब 12000 लीटर है) और चार मिक्स्ड टेक्नोलॉजी वाली गाड़ी (जिसकी क्षमता करीब 500 लीटर की है) यहां आग पर काबू पाने के लिए जुटी रही। महिला और पुरुष अग्नि कर्मी अपनी चिंता किए बिना आग पर काबू पाने में अपने को झोंक रखा था। बड़े पैमाने पर फोम का इस्तेमाल किया गया, ताकि प्लास्टिक के कवर पर काबू पाया जा सके। हालांकि अनेक प्लास्टिक के बंडल को बाहर खींचकर निकाला भी गया। इस दौरान कबाड़ के अगल-बगल करीब सौ मकान को सुरक्षित बचाया गया। आग को फैलने से रोकने का भरसक प्रयास किया गया। भले कबाड़ का सामान जल जाए, मगर उसे चारों दिशाओं में फैलने से रोकने की पूरी कोशिश अंत-अंत तक की गई। हालांकि इसके बावजूद करीब दर्जन भर मकान की दीवार आग की तपिश से दरार आ गया। कुछ बगल के घर के सामान जल भी गए। लोग अपने घर से सामान को बाहर निकाल कर खुले परिसर में भी रखा। वे सब लगातार आग पर काबू पाने में लगे दिखे। फायर ऑफिसर और जवानों से आग को फैलने से रोकने के लिए उस तरफ पानी देने की गुहार लगा रहे थे। इस दौरान फायरमैन अपने पीठ पर सिलेंडर लाद, मास्क लगाए और हाथ में ग्लव्स पहन कर बिल्डी ऑपरेशन के लिए जुट गए। हालांकि आग की भयावहता कबाड़ के पश्चिम और दक्षिण हिस्से में अधिक देखी गई। इस पर काबू पाने के लिए लगातार दमकल की गाड़ियों से फोम मिला पानी का बौछार किया जा रहा था। यहां पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार भी पहुंचे। उन्होंने भीड़ को पीछे धकेलवाने का काम किया। दरअसल भीड़ के कारण भी आग पर काबू पाने में लगे अग्निशमन कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भीड़ के द्वारा लगातार फोटो और वीडियो बनाने का काम किया जा रहा था और बीच-बीच में उक्त घटना के बारे में अनर्गल बातें भी की जा रही थीं। यह लोगों को कहना था कि करीब 10 कट्ठा से अधिक एरिया में प्लास्टिक का कबाड़ का भंडारण था इसके दक्षिण के तरफ भी लोहा अल्मुनियम तीन आदि का गोदाम है यही नहीं न 30 से अखिलेश नगर चौराहा की ओर आने वाले रास्ते में करीब आधा दर्जन कबाड़ का गोदाम भी है। इस एरिया में बड़े-बड़े गोदाम भी हैं, जो ज्वलनशील सामान से भरा है। मगर इन गोदाम में या कबाड़ के गोदाम में भी आग से बचने का कोई भी यंत्र नहीं लगाया गया है। अधिकांश बिना अग्निरोधी यंत्र के ही चल रहा है। जिस कारण से आग लगने के बाद सिवाय नुकसान के अगल-बगल के लोगों का बचाव संभव नहीं है। बताया जाता है कि तुलसी मंडी के रहने वाले कोई मेहता जी का यह बड़ा कबाड़ का गोदाम था। पुलिस पहले आग पर काबू पाने के प्रयास में लगी है। इसके बाद उसका नाम व पता करने के बाद उसकी खोज की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। हालांकि रात तक आग पर काबू पाया जा सका था, मगर रुक-रुक कर निकल रहे धुआं में फिर एक बार आग दिख जाता था। फायर ऑफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि यहां स्टैंड बाई में दो दमकल को पूरी रात के लिए रखा जाएगा। जैसे-जैसे जरूरत पड़ेगी, उसका इस्तेमाल किया जाएगा।

## रामनवमी, ईद, चैती छठ पर्व एवं लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शनिवार को थाना परिसर में रामनवमी, ईद, चैती छठ पर्व एवं लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित फतुहा डीएसपी 1 निखिल कुमार ने कहा रामनवमी, ईद के साथ छठ पर्व बहुत ही सद्भभाव का पर्व है। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से अपने-अपने पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्वक मनाने की अपील की। किसी भी तरह के धार्मिक आयोजनों में सदस्यों का फोटोयुक्त आइकार्ड का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर अचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का ख्याल रखते हुए सभी लोग पर्व को मनाएं। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों को कहा की प्रशासन हमेशा आपकी सेवा में तत्पर है। आप लोग को किसी तरह अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। आप लोग भी प्रशासन की मदद करें। असामाजिक तत्व एवं अराजकता फैलाने वाले व्यक्ति के बारे पुलिस को जानकारी दें। वहीं थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने कहा की रामनवमी, ईद समाज में आपसी भाई चारे का संदेश देता है। साथ ही उपस्थित लोगों से कहा कि कोई व्यक्ति पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने का अगर कोशिश करता है तो इसकी जानकारी आप लोग पुलिस प्रशासन दें। किसी भी तरह के आयोजन और जुलूस के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखी। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, जिला पार्षद अमित राज, पार्षद दीपक कुमार, अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी, दानवीर यादव, डिंपल पटेल, राजन पासवान, अनिल राज सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



फतुहा। शनिवार को गोविंदपुर स्थित गाइडेंस सेन्ट्रल स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. अरूण कुमार, बीपीएम पंचम कुमार एवं कौलेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। स्कूल के प्राचार्य बबीता देवी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी, स्कूल टॉपर एवं बेस्ट टीचर अवार्ड में मिथलेश कुमार एवं सरिता कुमारी को आगत अतिथियों के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षकों में मिथलेश सर, स्नेहा सिंह, शुभम सर, मो. शाहनवाज वारसी सर, सरिता मैम, रेणु मैम, बिन्दु मैम, कुंदन सर सहित सैंकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## परिवारवाद पर बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांके भाजपा नेता : एजाज अहमद

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के द्वारा परिवारवाद पर की गई टिप्पणी पर कहा कि भाजपा के नेता दूसरे के परिवारवाद पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांक ले तो बेहतर रहेगा। भाजपा ने जहां पहले चरण के चुनाव में चारों सीट पर परिवारवाद परिवारवादियों को चुनाव मैदान में उतारा है और उसका चुनाव प्रचार लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है, पहले जमुई अब कल नवादा और 15 को गया में चुनावी सभा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा और परिवार वादियों को प्रोत्साहित और संरक्षित किया जाएगा और उन्हें राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए लोगों से आह्वान किया जाएगा। यह किस तरह की राजनीति है, भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की उसे स्पष्ट करें ,क्योंकि जो लोग कल तक परिवारवाद पर कसीदे पढ़ा करते थे, वह आज स्वयं परिवारवादियों को संरक्षण दे रहे हैं और अपने यहां बढ़ावा दे रहे हैं। एजाज ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद के द्वारा उपकृत किए गए सम्राट चौधरी राजद के पाठशाला से नाबालिग से बालिग हुए हैं और उन्हें राजद ने ही राजनीति में स्थापित होने का मौका दिया है तो वह उस समय क्या दिए थे यह बात भी स्पष्ट कर दें क्या वह परिवारवाद के अंग नहीं है। उस समय इनके लिए लालू प्रसाद जी ने जो कार्य किए थे उस कार्यों को भी याद कर लिए होते, तो ऐसी भाषा बोलने से पहले वह सौ बार सोचें होते। एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने ऐसी अपसंस्कृति और अशोभनीय टिप्पणी करके कहीं ना कहीं स्वयं को ही कटघरे में खड़ा कर लिया है। इन्होंने यह अभी कहा कि दोनों उपमुख्यमंत्री जनता के कर्तव्यों के प्रति और जनता के हितों के लिए कोई काम नहीं करना चाहते हैं और सिर्फ बयानवीर बनकर जनता को बरगलाने दिगभ्रमित करने का काम कर रहे हैं। आज सबसे अधिक बिहार में एनडीए के ही परिवार के लोग राजनीति में लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और मंत्रिमंडल में भी परिवारवादी भरे पड़े हैं।

## गोलीबारी करने के मामले में दो गिरफ्तार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

घोड़वा गली में चार अप्रैल को अपराह्न में विशाल कुमार एवं विकास कुमार को जान से मारने के लिए चार अपराधियों के द्वारा फायरिंग की गई थी। इस संबंध में शांति देवी के द्वारा चौक थाना में कांड संख्या 164/24 धारा 307, 34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। पूरे मामले का अनुसंधान करते हुए पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें नामजद नीरज कुमार और अप्राथमिकी अभियुक्त विशाल कुमार उर्फ लंगड़ा है। यह जानकारी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने चौक थाना परिसर में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने कहा कि दरअसल विकास और विशाल दोनों दो गुट है और दोनों एक-दूसरे को जान लेने पर तुले हैं। स्व प्रमोद कुमार की पत्नी शांति देवी ने 4 अप्रैल को अपराह्न में घर पर गोलीबारी करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों को नामजद कराया था। सिटी एसपी पूर्वी के निर्देशन पर पुलिस उपाधीक्षक पटना सिटी-2 डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा 24 घंटा के अंदर नामजद अभियुक्त विशाल कुमार पिता मनोज कुमार, जो इसी थाना क्षेत्र के मथनी तल मजार पर का रहने वाला है, को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जब विशाल से पूछताछ की गई, तो उस क्रम में उसने अप्राथमिकी अभियुक्त नीरज कुमार पिता सुमंजय राय, जो बक्शी मैदान इमामबाड़ा के पास सुषमा देवी के मकान में बतौर किराएदार रहता है, को पकड़ा गया। उसके पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन एवं 7.65 एमएम का एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया है, जो घटनास्थल से गोलीबारी के बाद पांच अप्रैल को मिला था। घटना के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार में नीरज कुमार के अलावा विशाल कुमार उर्फ लंगड़ा को भी गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, एसआई मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, विपुल कुमार सिंह, परीक्षण एसआई श्रवण कुमार के अलावा सिपाही राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार और योगी कुमार यादव शामिल थे। डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि चौक थाना में विशा कुमार उर्फ लंगड़ा पर आठ मामला दर्ज है। इसमें हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और 392 के तहत है। अन्य थाना से भी इसका आपराधिक इतिहास मंगवाया जा रहा है।

## लोकतंत्र की मजबूती को हर कोई करें मतदान: एसडीओ




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएसएस एवं ईएलसी के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका शीर्षक ह्यबनो देश के भाग्य विधाता अब तो जागो प्यारे मतदाताह्न था। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस पदाधिकारी डॉ जयंती रानी और ईएलसी क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ नीना कुमारी ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना सिटी की एसडीओ श्रीमती गुंजन सिंह थीं। रेडक्रॉस पटना सिटी शाखा के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया विशिष्ट अतिथि थे। छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को मतदान करने के लिए शपथ दिलवायी। उन्होंने छात्राओं से यह भी कहा कि मतदान के पूर्व आप सब और लोगों को भी प्रोत्साहित वोटिंग करने को करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग सजग होकर करना चाहिए। प्राचार्या ने कालेज में विभिन्न प्रकार के सजगता प्रोग्राम भी करवायीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के त्रैमासिक पत्रिका का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन नैक को-ऑर्डिनेटर डॉ अंजू जैन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ईएलसी क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ नीना कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ नीलम कुमारी, डॉ किरण कुमारी, डॉ सुषमा, डॉ नीना कुमारी, डॉ ईना बहन, डॉ सीमा, डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ अमोल कुमार आदि मौजूद थे।

## हाई स्कूल में परीक्षाफल वितरण सह पैरेंट्स-टीचर मीट

प्रात :किरण संवाददाता




फतुहा। स्थानीय हाई स्कूल स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सेक्शन वाइज फर्स्ट, सेकंड और थर्ड के साथ सांत्वना पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान 9वीं की कक्षाओं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उनके रिजल्ट भी दिखाए जा रहे हैं। हालांकि सरकारी स्कूलों में ज्यादातर अभिभावक पैरेंट-टीचर मीटिंग में नहीं पहुंचे लेकिन बच्चों में परीक्षा को ले अलग ही उत्साह दिख रहा था। इस दौरान हाई स्कूल के प्राचार्य सुभाष चन्द्र ने अभिभावकों से कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ अभिभावक घर में भी बच्चों पर ध्यान दें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका बबीता गुप्ता ने किया। इस दौरान मौके पर ठाकुर दिनेश प्रसाद सिंह और शिक्षकों में सदाकत हुसैन, चांदनी कुमारी, अर्चना कुमारी, अंगूरी मैम, अभिनंदन सर, संजय सर, साहिल सर, पंकज सर, प्रशांत सर सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।


## सूर्योदय से पूर्व घर में झाड़ू लगाने से लक्ष्मी की प्राप्ति

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्थानीय साधन धाम में चल रहे श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के सातवें दिन अयोध्या निवासी पंडित हरिनारायण द्विवेदी द्वारा पाठ से पूर्व आचार्य पवन मिश्रा व पंच देवता की पूजन परंपरा का निर्वहन किया गया। पाठ में 51 भूदेवों के अलावा बड़ी संख्या में नर-नारी सस्वर पाठ में शामिल हुए। अयोध्या धाम से आए श्रीश्री 108 बालक दास जी द्वारा रावण द्वारा सीता हरण प्रसंग एव ब्रह्मा जी के द्वारा लिखा हुआ भाग्य को मिटाने का अधिकार प्रथम वाल्मीकि जी एवं दूसरे शिव हैं, का विस्तार से वर्णन किया। व्यास जी ने कहा कि शिव की आराधना से कुछ प्राप्त हो या न हो, परंतु प्रभु श्री राम की कृपा जरूर मिल जाती है। आज की कथा में आईं माताएं अपने आंसू को रोक नहीं पाईं।

# एनएमसीएच की एलुमनाई मीट में पहुंचे देश-विदेश के डेलिगेट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज के 24 वें एलुमनाई मीट में आज बिहार के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्र और विदेश से चिकित्सकों का दल राजधानी पटना पहुंचा। यह वह चिकित्सक है जो नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं। 1969 से लेकर अब तक के छात्र इस इस मीट में शामिल हुए। इस बार के 24वे एलुमनाई मीट के आयोजक 1991 बैच के छात्र समूह रहे। आयोजन का जिम्मा आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सचिव अजय कुमार अतुल वर्मा संजीव कुमार सुधीश कुमार ,वत्सला श्रीवास्तव मिलकर संभाले हुए थे। अरे संजय तुम तो बिल्कुल नहीं बदले, अजय बहुत हेल्दी हो गए हो । ऐसे हंसी मजाक और गर्मजोशी के साथ सभी पूर्ववर्ती छात्र एक दूसरे से मिल रहे थे । एकदिवसीय एनएमसीएच एलुमनाई मिट का शुभारंभ अहले सुबह 91 बैच के छात्रों द्वारा साइकिल यात्रा कर निकाली गई । वर्ल्ड हेल्थ डे के एक दिन पूर्व साइकिल यात्रा का उद्देश्य स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना, और प्रदूषण मुक्त समाज का उद्देश्य था। साइकिल यात्रा का नेतृत्व एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार कर रहे थे। उनके साथ सचिव डा अजय कुमार, डॉ जितेंद्र मोहन सिंह,डा सुधीश कुमार, डा रोबिन कुमार दुबे सहित दर्जनों चिकित्सक ने राजभवन गोलंबर से इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए वापस राजभवन गोलंबर तक साइकिल चला कर स्वास्थ जागरूकता का संदेश दिया । डॉक्टर ने कहा कि भागती दौड़ती जिंदगी में हमें अपने पुराने भौतिक सुविधाओं को पुनः आत्मसात करने की जरूरत है। साइकिल केवल शारीरिक रूप से ही स्वस्थ नहीं रखता बल्कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी बहुत जरूरी है। 24 वें एनएमसीएच एलुमनाई मीट का शुभारंभ डा सहजानंद प्रसाद सिंह, प्रथम बैच के डॉ एलबी सिंहा , डॉ एसके चौहान, डॉ महेश प्रसाद, डॉ चंद्र भूषण प्रसाद, आयोजन समिति के डा संजय कुमार , डा अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। आज होटल मौर्या के सभागार में आयोजित एनएमसीएच एलुमनाई मीट के पहले सत्र में साइंटिफिक सेशन का आयोजन किया गया । जिसमें तेरह चिकित्सक ने अपने केरियर के दौरान मिले चैलेंजिंग को साझा किया। अपने-अपने विषय के नए अनुभव को इस सत्र में रखा। एम्स के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप कुमार, डॉ ललित मोहन, डॉ रवि शेखर, रिम्स रांची से डॉ जयप्रकाश, डॉ अमित राज नेत्र विशेषज्ञ ने ऑकुलर मेनिफेस्टेशन पर अपने विचार रखें वही कान की एंडोस्कोपी सर्जरी पर डॉ संजीव कुमार ने बताया कि कान की सर्जरी में एंडोस्कोपी सर्जरी आसान प्रक्रिया तो है पर यह निर्भर करता है की यह कितना जटिल है। डॉ प्रवीण साहू, डॉ दयानिधि कुमार ,डॉ सुधीश कुमार डॉ अभय कुमार ने भी अपने विचार रखें। मौके पर एनएमसीएच के प्रथम बैच के छात्र भी पहुंचे जो आज अपना अनुभव शेयर किया । जिन पुरातन छात्रों को सम्मानित किया गया उनमें प्रथम बैच के डा एलबी सिंहा, डा चंद्रभूषण प्रसाद, डॉ महेश प्रसाद, डॉ एसके चौहान, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉक्टर रामजी प्रसाद सिंह, डॉक्टर सैफुल्लाह दक्षिण भारत के डॉक्टर आर रेड्डी, डॉ कमलेश तिवारी, डा जयश्री प्रसाद रहे । सभी को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। पहली बार एलुमनाई मीट में उन चिकित्सकों का सम्मान किया गया जो दुर्गम क्षेत्र में रहकर और अपने करियर में अप्रत्याशित परिणाम दिया है सम्मानित होने वाले में डा सलभ समृद्धि, डॉ सुनील कुमार, डॉ अभिषेक आनंद, डॉक्टर संजय कुमार, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ संगीता सिंह, डॉ नीरज सिन्हा डॉ मनोज भदानी, डा शिवांगी सिन्हा, डॉ गौतम कुमार, डॉ नीरज कुमार शाह, डॉ अभिषेक बहादुर सिंह शामिल रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार एवं सचिव अजय कुमार ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ पुराने दिनों की यादों को ताजा नहीं करना था बल्कि अपने चिकित्सकिय जीवन के अनुभव को और उससे मिली सफलता को बताना था। यह अनुभव दूसरे के लिए भी लाभकारी होगा। प्रथम बैच के डा एल बी सिन्हा ने कहा की अच्छा लगता है जब हम अपने बैच के लोगों से मिले, हमारे बाद के छात्र और भी बेहतर कर रहे हैं।डा सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा की एनएमसीएच का अपना गौरवमयी इतिहास रहा है । यहां के छात्र देश में ही नहीं विदेश में भी अपना परचम लहरा रहे हैं । अंतिम सत्र में कॉलेज के दिन में गाए जाने वाले गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता का समूह गायन 91 बैच के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मैजिक शो , नृत्य एवं संगीत पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ बीबी भारती , डॉ संजय कुमार डॉ अजय कुमार डॉक्टर अतुल वर्मा डॉक्टर सुधीश कुमार, डॉ रौबीन दुबे ,डा रितिका, डॉ संगीता डा किशवर जबिन आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया ।

## कंगन घाट से चौक थाना जाने वाले रास्ते के चौड़ीकरण को हटाया अतिक्रमण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गायघाट से लेकर कंगन घाट के बीच जेपी सेतु के इस माह के अंत तक चालू होने की संभावना जताई गई है। इसे लेकर जिला प्रशासन के द्वारा गंगा किनारे भद्र घाट से पटना घाट के बीच बने रोड के कंगन घाट से चौक थाना के उत्तरी चहारदीवारी के बीच के रास्ते के चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाने का काम शनिवार को किया गया। इस दौरान पटना सदर के सीओ, चौक थाना के थानाध्यक्ष, नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ पहुंची। इसके बाद कंगन घाट रोड से दक्षिण की ओर जाने वाले रास्ते में रहे चहारदीवारी एवं अन्य निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इस काम में लगे डीजीएम अरुण कुमार ने बताया कि गायघाट से कंगन घाट के बीच जेपी सेतु यानी मरीन ड्राइव को अप्रैल के अंत तक चालू किए जाने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए कंगन घाट से चौक थाना के दक्षिण चहारदीवारी तक सड़क को 15 मीटर तक चौड़ाई करनी है। इस दौरान जो भी अगल-बगल अतिक्रमण है, उसे हटाया जा रहा है। इसके पूर्व सेक्शन 11 एवं 19 की प्रक्रिया पूरी करते हुए इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया जा चुका था। जमीन मालिकों से भी सहमति बनी हुई है। यही कारण रहा कि कोई विरोध नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण का काम जिला प्रशासन के द्वारा किया जा चुका है। जिन लोगों की जमीन सड़क के चौड़ीकरण में गई है, वह सब अपने वैध कागजात के साथ भू-अर्जन पदाधिकारी से मिलकर मुआवजा की राशि ले सकते हैं।

## सुनिधि ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर पटना साहिब का बढ़ाया मान



पटना सिटी (प्राकि)। सुनिधि ने बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण हो गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। पटना विमेंस कालेज से सत्र 2021- 23 की वह छात्रा थी। शिक्षाविद् डा ध्रुव कुमार ने सुनिधि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर कर कहा कि पटना साहिब की धरती उत्कृष्ट मेधाओं से भरी है। स्वरांजलि के महिला युवा प्रकोष्ठ की प्रभारी, संगीत साधिका के साथ शिक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त करना सराहनीय है। अनिल रश्मि ने कहा कि बिहार दूरदर्शन के निदेशक डॉ राजकुमार नाहर ने कहा सुनिधि ने बिहार का सीना ऊंचा किया है। डॉ दिलीप कुमार, नेक आलम, समर्थ नाहर, राजा पुट्ठ, सार्थक, डॉ शीला कुमारी, रीता नाहर, सुनीता रानी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, रविवार, 07 अप्रैल, 2024



# अपने पूर्वजों के सपने को साकार कर रही है भाजपा : सम्राट

## बिहार प्रदेश कार्यालय में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

● भाजपा के कार्यकर्ता एक मिशन , एक ध्येय को लेकर आगे बढ़ता है : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा आज देश, दुनिया में अपना स्थापना दिवस मना रही है। इसी के तहत बिहार भाजपा कार्यालय में भी धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में झंडोतोलन किया गया तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को याद किया गया।

पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यंमत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने आरएसएस के चिंतक और संगठनकर्ता तथा एकात्मक मानववाद विचारधारा के प्रणेता दीनदयाल उपाधयाय और भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्थापना दिवस के मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संगठन प्रभारी नागेंद्र जी, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, कार्यालय प्रभारी प्रवीण राय पटेल ने भी दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस उपलक्ष पर मिठाइयां भी बांटी गई।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा कि हमारे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, आडवाणी जी , जोशी जी जैसे दिग्गज नेताओं ने भाजपा की स्थापना , भारत को आगे बढ़ाने और बिहार को आगे बढ़ाने के लिए किया था। उनकी चिंता समाज के हाशिये पर रहे लोगों की रही। आज हम उन्हीं के सपने को पूरा करने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रारम्भ में विपक्ष के लोग हम पर हंसते थे। वाजपेयी जी ने सदन में अपने व्यक्तव्य में इसे उद्धृत किया है। आज स्थितियां बदली नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहले 282 और उसके बाद 303 सीटों के साथ देश मे एनडीए की सरकार बनी। सरकार मोदी जी के नेतृत्व में 2047 में देश को सबसे ताकतवर बनाने के लिए काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जनसेवा के संकल्पों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता सतत अपने परिश्रम से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने को लेकर हम अपने पूर्वजों के सपने को साकार करने के रास्ते पर चल पड़े हैं। उन्होंने कार्यकताओं को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि बिहार में 40 पार और देश में 400 पार के मिशन के साथ विकसित बिहार और विकसित भारत बनाने के संकल्पों को लेकर हम चले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक मिशन और एक ध्येय लेकर आगे बढ़ता है। आज हमें संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का दिन है।

इस मौके पर एमएलसी अनिल शर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल और प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, नीरज कुमार भी मौजूद रहे।

# एनडीए को बिहार में 40 सीटों पर जीत जितान के लिए करेंगे समर्थन : पारस



● रालोजपा प्रमुख ने एनडीए को समर्थन का किया ऐलान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं दिए जाने के बाद पशुपति पारस ने शनिवार को एक बार फिर से कहा कि वे एनडीए के साथ हैं। साथ ही बिहार में 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाने के लिए प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस ने शनिवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेस कर ऐलान किया कि वे एनडीए के साथ हैं। एनडीए के उम्मीदवार बिहार में सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करे इसके लिए रालोजपा सभी का समर्थन करेगी।

उन्होंने कहा कि एक बार फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। एनडीए को अबकी बार 400 से ज्यादा सीटें आएंगी। साथ ही एनडीए में बने रहने को लेकर उन्होंने फिर से साफ किया कि वे पूरी निष्ठा के साथ एनडीए में है। पिछले दिनों एनडीए ने बिहार में 40 सीटों पर घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा किया। इसमें पशुपति पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई जबकि उनके पास अब तक 5 सांसद थे।

पशुपति पारस ने इसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। पारस से जब इस्तीफा देने के बाद अब की परिस्थितयों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो बात बीत गई, वो बीत गई,,सारे शिकवे शिकायत खत्म हो गये। हम एनडीए के पार्ट थे और रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में रालोजपा ने अपनी ताकत दिखाने और एकजुटता का भी प्रदर्शन किया। पशुपति पारस के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता सूरजभान सिंह आदि मौजूद रहे।

## केजरीवाल के समर्थन में आप कार्यकर्ता रखेगें उपवास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में रविवार को आम आदमी पार्टी बिहार के कार्यकर्ता सामूहिक उपवास करेगें। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा एवं प्रदेश प्रवक्ता बब्लू प्रकाश ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अरविंद केजरीवालप की गिरफ्तारी के विरोध में देश भर के कार्यकर्ता सामूहिक उपवास कर रहे हैं।

आप नेताओं ने कहा कि दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले के बहाने भारतीय जनता पार्टी के इसारे पर ईडी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आगामी लोकसभा में चुनाव प्रचार करने से रोकना चाहती है। उल्लेखनीय है कि राजधानी पटना के अतिरिक्त बिहार के सभी जिलों के कार्यकर्ता भी कल एक दिन का उपवास रखेगें।

# झूठ का पिटारा है कांग्रेस का घोषणा पत्र : राजीव रंजन

● कहा-कांग्रेस के किसी वादे पर नहीं किया जा सकता भरोसा



पटना। कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पिटारा बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि अपना किया वादा यह कभी नहीं पूरा करते। इनकी कथनी और करनी कभी भी एक नहीं रही है। इनके वादे सिर्फ छलावे होते हैं, जिनसे यह जनता को बहला-फुसला कर आज तक अपना उल्लू सीधा करते आये हैं। इस बार भी इनका यही मंसूबा है, जिसे जनता कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में चुनाव जीतने पर पूरे देश में जातिगत गणना करवाने का वादा किया है। उन्हें बताना चाहिए कि इतने दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद इन्होने आज तक इसे क्यों नहीं करवाया था? उन्हें बताना चाहिए कि उन्हें अपने शासित राज्यों में जातिगत गणना करवाने से कौन रोक रहा है?

वह बताएं कि इंदिरा गाँधी के समय से दिया जा रहा उनका गरीबी हटाओ का नारा आज एनडीए सरकार में क्यों पूरा हो रहा है, 2009 तक उनकी सरकार इस मुद्दे पर क्यों सोयी हुई थी? जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह कांग्रेस ने घोषणापत्र में महिलाओं को आरक्षण देने का वायदा भी किया है। उन्हें बताना चाहिए कि अगर आधी आबादी के सशक्तिकरण को लेकर उनकी नीयत इतनी साफ है तो उन्होंने अपने इतने दशकों के राज में इसपर अमल क्यों नहीं किया? वह बताएं कि क्यों सुप्रिया श्रीनेत से लेकर रणदीप सुरजेवाला जैसे उनके नेता महिला नेत्रियों पर अभद्र टिप्पणी करते रहते हैं और क्यों उनकी पार्टी ऐसे नेताओं पर कोई कारवाई नहीं करती? उन्होंने कहा कि वास्तव में कांग्रेस का घोषणापत्र कंफ्यूजन से भरा हुआ है। जिन विषयों का यह आज तक विरोध करते आये हैं अब उन्हीं के सहारे यह लोग अपनी चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। लेकिन जनता जानती है कि कांग्रेस का मतलब काम नहीं बल्कि घोटाला है। अगर इन्हें मौका मिल गया तो एक बार फिर से देश में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला हो जाएगा। तेजी से आगे बढ़ रहा देश फिर से घोटालों की बाढ़ में फंस जाएगा।

# रंगदारी मांगने मामले का मास्टरमांइड सहित तीन गिरफ्तार

● डेढ़ करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाला निकला कंपनी का पुराना कर्मी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में रंगदारी मांगने के अपराधों के मामलों में आई तेजी के बीच पटना पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पटना से सटे सालिमपुर थाना स्थित ईंट भट्ठा के मैनेजर से डेढ़ करोड़ रंगदारी मांगने के ममाले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। तीन अप्रैल को अपराधियों ने ईंट भट्ठा प्रबंधक की गाड़ी बीच सड़क पर रोक थी। तीन अपराधियों द्वारा डेढ़ करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी नही देने या पुलिस को जानकारी देने पर जान से मार देने की धमकी दी थी। इस मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने बताया कि बीते 3 अप्रैल को तीन अपराधियों यह धमकी दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आया जिसके बाद बाढ़-2 अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले का अनुसंधान किया गया। महज 24 घंटे के अंदर डेढ़ करोड़ की रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन शातिर अपराधकर्मी गुंजन यादव , दिलखुश कुमार और धीरेंद्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने कहा कि रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधियों में गुंजन यादव इसका मास्टर माइंड है। इसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर रंगदारी मांगने की पूरी प्लानिंग की थी। गिरफ्तार अपराधकर्मी और रंगदारी मांगने वाला मास्टर माइंड गुंजन यादव पर सालिमपुर थाने में अपहरण का एक मामला पहले से दर्ज है। वही दूसरा दिलखुश कुमार मालसलामी थाना से बाईक चोरी के मामले में जेल जा चुका है। तीसरा अपराधकर्मी धीरेंद्र कुमार अभी इस अपराध की दुनिया में नया खिलाड़ी हैं। दरअसल ईट भट्ठा मैनेजर से डेढ़ करोड़ की रंगदारी मांगने वाला गुंजन यादव ईट भट्ठा कंपनी में पहले काम किया करता था जिससे उसे रंगदारी में मांगे गए रकम मिलने की पूरी उम्मीद थी। लिहाजा उसने भट्ठा मैनेजर को चुना और उससे ही रंगदारी की मांग की।

# निषाद समाज शुरू से धर्म और राष्ट्र रक्षक रही है : हरि सहनी

## कहा- मुकेश सहनी के महागठबंधन में जाने से एनडीए पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा



पटना । बिहार के मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हरि सहनी ने शनिवार को साफ कहा कि वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी के महागठबंधन में जाने से एनडीए को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता जाति -पाती की राजनीति झेलते - झेलते ऊब चुकी है। इस दौर में यहां की जनता जंगलराज को भी देख ली है , ऐसे में मेरा मानना है कि अब यहाँ की जनता जातिवादी नहीं बल्कि विकासवाद और राष्ट्रवाद की बात करेगी। इस स्थिति में जब विकासवाद और राष्ट्रवाद की बात होती है तो नरेंद्र मोदी के अलावा कोई और नाम नही दिखता है।

भाजपा मीडिया सेंटर में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सहनी ने वीआईपी के नेता मुकेश सहनी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी खास व्यक्ति के किसी खास व्यक्ति के साथ जाने से एनडीए को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जब इन्हें समाज के लिए कुछ करने का समय मिला था, तब तो उसने कुछ नहीं किया, अब क्या करेंगे। इनके पास मछुआ समाज को बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा तो मछुआ समाज के उत्थान के लिए चिंतन करती है।

उन्होंने वीआईपी के नेता को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये समाज के नाम पर सहयोग लेते हैं लेकिन, व्यक्तिगत भावना से जीते हैं, इसकारण उनके कहीं जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जो बोलते हैं वह करते हैं। बिहार में मछुआ आयोग का गठन किया तो मत्स्य संपदा योजना से मछुआ समाज के विकास के कई काम किये गए। आज पूरा समाज एनडीए और मोदी जी के साथ है। पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश मे इतने वर्षों तक सत्ता में रही, लेकिन मछुआ समाज के लिए कुछ नहीं कर सकी जबकि भाजपा ने राजनीति में भागीदारी दी। जब पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष बनाने की बात आई तो निषाद के बेटे को आगे किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के लिए कुछ करने के लिये मंशा और नियत साफ होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजनीति करने के लिए लोग कुछ भी बोल सकते हैं लेकिन दावा है कि मोदी सरकार में सबसे अधिक लोगों को रोजगार दिया गया, यह विरोध में बोलने वाले भी मानेंगे। आज जनमानस का विचार मोदी हैं।

इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता जयराम विप्लव, राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट धनन्जय गिरी और रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

# देश के अंदर खत्म हो रहा है लोकतंत्र : सहनी

## कहा-हर किसी को किया जा रहा है परेशान



पटना। महागठबंधन में विकासशील इंसान पार्टी की एंट्री होते ही मुकेश सहनी भाजपा पर अक्रामक हो चुके हैं। अब सहनी चुनावी जनसभा में भी शिरकत करने जा रहे हैं। सहनी और तेजस्वी शनिवार को दोनों एक साथ एक मंच से जमुई में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले मुकेश सहनी से भाजपा को आड़े हाथों लिया है। सहनी से कहा है कि- पीएम मोदी की सरकार में किसी की बात सुनी नहीं जाती है। दरअसल, जमुई में राजद की कैंडिडेट अर्चना रविदास के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करने से पहले पटना से मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि- आज तरफ बिहार में रोजगार की चर्चा है और इसका हक तेजस्वी यादव को जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि- आज से हम और हमारी पार्टी के लोग इंडी गठबंधन के नेता के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। सहनी ने कहा कि- देश में अलग परिवर्तन की हवा चल रही है। एक तरफ पीएम मोदी की सरकार है जो किसी की सुनती ही नहीं है। उन्हें गरीब, दलित,शोषित, पिछड़ा, अति पिछड़ा के हक से कोई मतलब ही नहीं है। वो अब अपनी मनमर्जी से काम करते हैं। आज तरफ लोग परिवर्तन की बात कर रहे हैं और इस परिवर्तन में बिहार को हमारी पार्टी भी भागीदार बनेगी। इसके साथ ही सहनी से कहा कि - आज देश के अंदर लोकतंत्र खत्म हो रहा है। देश के अंदर सीधा मुख्यमंत्री को ही जेल भेजा जा रहा है। हर किसी को परेशान किया जा रहा है। ये लोग तो हमारी पार्टी भी खत्म करने में लगे हुए थे। हमारी पार्टी का सिंबल बदल दिया गया। इतना ही नहीं देश के अंदर 927 राजनीतिक पार्टी को खत्म कर दिया गया। उधर, एनडीए में विकास की बात को लेकर सहनी ने कहा कि - सिर्फ पांच किलों चावल देने से देश का विकास हो जाता है क्या? अब इसी को विकास बता रहे हैं तो फिर बात क्या है आप खुद समझ सकते हैं। मैं उनसे सवाल करना चाहता हूं कि दो करोड़ रोजगार के वादे का क्या हुआ ? ये वादे पूरे क्यों नहीं हुए। हम उनसे कई बार निषाद के आरक्षण की मांग किए उन्होंने इसको लेकर के दफे वादा भी किया। लेकिन, आज तक इसपर कुछ नहीं हुआ है।

# जो लोग हवाबाजी कर रहे हैं, जनता के सामने उनकी पोल खोलेंगे : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जमुई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी आगाज करने के बाद शनिवार को राजद उम्मीदवार अर्चना रविदास के समर्थन में आयोजित जनसभा में जाने से पहले तेजस्वी ने प्रधानमंत्री मोदी पर बड़ा हमला बोला है। तेजस्वी ने बताया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमुई की रैली में परिवारवाद पर क्यों कुछ नहीं बोला। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए जमुई जा रहे हैं, अपनी बातों को जनता के बीच रखेंगे। जो लोग झूठ बोलकर जनता के बीच हवाबाजी कर रहे हैं, जनता के सामने उनकी पोल खोलेंगे। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जमुई गए थे तो एक बार भी परिवारवाद के बारे में उन्होंने जिक्र नहीं किया। पूरे बिहार में उनकी पार्टी के खुद के जो प्रत्याशी हैं किसी न किसी घराने से हैं, इसलिए प्रधानमंत्री ने परिवारवाद पर कुछ नहीं बोला। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए था कि जमुई के विकास के लिए उन्होंने क्या किया? जमुई में कौन सा कारखाना लगाया और कौन सा निवेश लाया। गरीबी क्यों नहीं मिटाई, युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिला। प्रधानमंत्री के यह कहने पर कि पिछले 10 साल में जो काम हुआ है वह ट्रेलर है और अभी देश को और भी आगे ले जाना है, इसपर तेजस्वी ने कहा कि सब तो देश में खत्म हो ही चुका है और बाकी जो बचा है उसे भी खत्म कर देंगे। बता दें कि जमुई संसदीय सीट से एनडीए उम्मीदवार के तौर पर लोजपा (रामविलास) के चीफ चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती चुनाव मैदान में हैं। बीते चार अप्रैल को चिराग पासवान के जीजा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा के जरिए पीएम मोदी ने बिहार में अपने चुनावी अभियान का आगाज किया था। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी को निशाने पर लेते हुए जोरदार हमला बोला था। पीएम मोदी के दौरे से पहले तेजस्वी यादव ने एनडीए के परिवारवाद की लिस्ट जारी की थी।

# बीजेपी का मतलब हो गया है भ्रष्टाचारी जुटाव पार्टी : दीपंकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाकपा माले के महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 कोई आम चुनाव नहीं है यह देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने ली जंग है। भाकपा माले महासचिव शनिवार को बिहारशरीफ स्थित सिटी पैलेस में इंडिया महागठबंधन द्वारा आयोजित नालन्दा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य वक्ता के बतौर सम्बोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के भाकपामाले प्रत्याशी संदीप सौरभ, इस्लामपुर से राजद विधायक राकेश रौशन, बिहार शरीफ के पूर्व विधायक पप्पू खान, सीपीआइ के जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, भाकपा माले के वरिष्ठ नेता केडी यादव, घोसी के माले विधायक रसम्बली यादव, राजद के जिला महासचिव सुनील यादव आदि समेत आम आदमी पार्टी और वीआईपी नेताओं ने भी सम्बोधित किया। श्री दीपंकर ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। इसकी तुलना 2004 के चुनाव से किया जा सकता है। जहाँ एक तरफ गुजरात दंगों से जल रहा था और इंडिया साइनिग का नारा दे रहा थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी 400 के पार का नारा दे रहें हैं और उनके मंत्री यह बता रहे हैं यह इसलिये कि संविधान में ज्यादा से ज्यादा अपने हिसाब से बदलाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी भाजपा के इस खतरनाक इरादे को समझ चुका है इसलिए उसने वीवीपैट का सम्पूर्ण वेरिफाई करने का बात किया है ताकि ईवीएम के जरिये की जा रही गड़बड़ी को रोक जा सके जिससे वोटर सन्तुष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड घोटालों का भंडार है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि यह संविधान विरोधी काम है। मोदी जी बोल रहे हैं कि जो लोग इसका विरोध कर रहें हैं उन्हें पछताना पड़ेगा। क्या यह उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट को दी गई धमकी नही है? उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश में लोकतंत्र व संविधान को बचाने का आखिरी मौका है और हमें इसे चूकना नहीं है। का. दीपंकर ने कहा कि मोदी सरकार अब तक का सबसे भ्रष्ट सरकार है और बीजेपी सबसे भृष्ट पार्टी है। बीजेपी कह रही है हम भ्रष्टाचारियों को छोड़ेंगे नहीं। लेकिन हम देख रहे हैं कि सभी भृष्टाचारियों को बीजेपी में जुटाया जा रहा है। इसलिए बीजेपी का नाम हो गया है - भ्रष्टाचारी जुटाव पार्टी। पिछले दस साल में बीजेपी द्वारा 400 विधायक खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष पर भारी हमला है। झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को फर्जी मामले में सजा देकर जेल भेज दिया गया। दिल्ली के कई आप नेता- मंत्री जेल में डाल दिया गया और अब मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में है। अगिआंव में मनोज मंजिल को अगिआंव के के भाकपा(माले) विधायक का. मनोज मंजिल जिन्हें जनता ने करीब 90 हजार वोट से जीता कर भेजा था और जो जनता के सवालों को लेकर लगातार सड़क से लेकर विधानसभा में लड़ते रहे हैं, उनको फर्जी केस में जेल भेज दिया गया और उनकी सद्स्यता छीन ली गई। अगर चुनाव में विपक्ष ना हो तो कैसा चुनाव? बीजेपी चाहती हैं की यह चुनाव हम अकेले लड़े. लेकिन जनता समझ गई है। वह अपने रोजगार, महंगाई, आर्थिक संकट, सुरक्षा, के मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहती है। इस चुनाव में एक तरफ भाजपा है दूसरी तरफ देश की सपूर्ण जनता है और वह भाजपा को धूल चतायेगी।

# मंत्री मंगल पांडेय ने की एनआईए पर हमले की निंदा

पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री और प्रभारी पश्चिम बंगाल भाजपा मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। ममता बनर्जी के कुशासन में अराजकता एवं अपराधियों के राज की स्थिति जारी है। ईडी पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी पर हमला हुआ है। एनआईए अधिकारियों की एक टीम पर पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हमला हुआ।

## लोकसभा चुनाव : गया सुरक्षित सीट से चौथी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व सीएम

# गया सु. सीट पर जीतन राम मांझी व कुमार सर्वजीत के बीच रोचक मुकाबला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार लोकसभा चुनाव में गया सुरक्षित सीट से चौथी बार चुनाव लड़ रहे हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी के लिये यह सीट अबतक सुरक्षित नहीं रही है और उन्हें तीन बार इस सीट से पराजय का सामना करना पड़ा है। गया (सु) सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बैनर तले हम प्रमुख जीतनराम मांझी चौथी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत चुनावी रणभूमि में ताल ठोक रहे हैं। कुमार सर्वजीत स्व. राजेश कुमार के पुत्र हैं, जिन्होंने जीतनराम मांझी को वर्ष 1991 के गया सु सीट पर हुये लोकसभा चुनाव में पराजित किया था। इस तरह 33 वर्षो के बाद जीतन राम मांझी पिता के बाद पुत्र से मुकाबला कर रहे हैं। गया (सु) इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा। फिर एक बार रोचक मुकाबला होने की उम्मीद है। गया सु सीट से श्री मांझी ने तीन बार पहले भी अपनी किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। सबसे पहले वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में गया संसदीय सीट से जीतन राम मांझी ने कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था। इस सीट पर जीतन राम मांझी की टक्कर जनता दल उम्मीदवार राजेश कुमार से हुयी। राजेश कुमार ने जीतन राम मांझी को 53795 मतों के अंतर से पराजित किया। भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार नगिया देवी तीसरे नंबर पर रही। श्री मांझी ने वर्ष 1991 के बाद 2014 में जनता दल यूनाईटेड के टिकट पर दूसरी बार गया संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा।इस चुनाव में भी जीतन राम मांझी को हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में जदयू, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल नहीं थी। भारतीय जनता पार्टी के हरि मांझी ने राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रामजी मांझी को पराजित किया। जदयू प्रत्याशी जीतन राम मांझी तीसरे नंबर पर रहे। श्री मांझी ने इसके बाद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गया सु सीट पर महागठबंधन के बैनर तले हम उम्मीदवार के रूप राजग के विरूद्ध चुनाव लड़ा था। गया सु सीट से हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी को जदयू उम्मीदवार विजय कुमार मांझी से पराजय मिली थी।इस तरह गया (सु) सीट पर जीतन राम मांझी को तीन बार पराजय का सामना करना पड़ा है। गया (सु) सीट अबतक जीतन राम मांझी के लिये सुरक्षित सीट नहीं रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 के चुनाव में श्री मांझी महागठंधन छोड़कर राजग में शामिल हो गये हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी (हम) को दे दी गई है। जीतन राम मांझी ने अपने राजनीतिक सफर में जीतनराम मांझी मंत्री से मुख्यमंत्री तक कई अहम पदों पर रहें लेकिन वह कभी लोकसभा सांसद नहीं बन सके।बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किये जायेंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु),औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.), के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा।

# संसदीय राजनीति में चारो तरफ कमल ही खिल रहा है : ऋतुराज

● भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा नेता दी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के सभी कार्यकताओं को हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा की 6 अप्रैल 1980 को इसकी स्थापना की नीव जब रखी गई थी, तब किसी ने भी यह नही सोचा था कि एक दिन न सिर्फ यह अपने मूल स्वरूप जनसंघ से भी बड़ी पार्टी बनेगी। वह भी इतनी बड़ी , जिसके सामने न सिर्फ देश बल्कि विश्व की तमाम राजनीतिक पार्टियां छोटी पड़ जाएगी। पार्टी के मुंबई में हुए पहले अधिवेशन में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था अंधियारा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा । आज भारत के संसदीय राजनीति में चारो तरफ कमल ही तो खिल रहा है तभी तो 2 सांसदों की पार्टी के सफर से शुरूआत कर आज भाजपा 303 सांसदों की पार्टी बनने का गौरव तक पहुंची है आशा ही नही मुझे पूर्ण विश्वास है की भाजपा 2025 में अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही होगी, तब हमारी अपनी पार्टी लोकसभा में 400 से ज्यादा सांसदों के साथ विजय के एक नयी गाथा लिखेगी। उन्होंने कहा की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जब अंत्योदय की बात करते हैं तो मुझे श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, श्रद्धेय पंडित दीन दयाल उपाध्याय, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. लाल कृष्ण आडवाणी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी के समय का संघर्ष याद आता है। नजर आता है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सीधी पहुंच का जो राजनीतिक स्वप्न देखा गया था, आज वह सरजमी पर उतर चुका है। पर शून्य से शिखर तक की यात्रा आसान नही थी। जनसंघ के 30 सालों के इतिहास में पहले उन्हें उपेक्षा, फिर दुष्प्रचार रूपी कीचड़ उनपर फेका गया । संस्था को बैन कर दिया गया , यहां तक की इसे हत्यारा पार्टी भी कहा गया ,पार्टी के लोगो के ऊपर स्वंत्रता संग्राम मैं भागीदारी के ऊपर भी सवाल उठाए गए। 1980 में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के बाद प्रारंभ हुआ दौर कीचड़ से कमल खिलाने का जिस विचारधारा को वामपंथियों और नेहरूवादियों ने सिरे से नकार दिया था, आज उसी विचारधारा के दम पर प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के पंजे में जकड़े देशवासियों को उबारकर, उन्हें विकास और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा के मार्ग पर प्रशस्त कर रहे हैं। जिस पार्टी को पूंजीपतियों और शहरी लोगों की पार्टी बुलाई जाती थी, उसने मात्रा 10 वर्षों के शासन में अंत्योदय के कई कीर्तिमान स्थापित कर दिए। आज गरीबों को उनका पैसा सीधे उनके खाते में मिलता है, अब पश्चिमी देशों की ताड़ना को हम ब्रह्मवाक्य नहीं मान लेते, बल्कि अंतराष्ट्रीय मंचो पर उन्हें करारा जवाब देते हैं, पाकिस्तान जो की भारत के लिए 2014 तक नासूर बना हुआ था आज अप्रासंगिक हो चुका है। आज से दस साल पहले बड़े बड़े अर्थशस्त्री चीन के विकास दर को देखकर व्यंग्य करते हुए कहते थे कि भारत के लिए इसे पीछे छोड़ना असंभव है। एक बार फिर सभी अर्थशास्त्रियों की भविष्यवाणियाँ धरी की धरी रह गयी, और मोदी जी के नेतृत्व में वन्दे भारत एक्सप्रेस ने पूरी रफ़्तार पकड़ ली है। उन्होंने कहा की आज भारत को विश्वगुरु कहा जा रहा है और महाशक्तियों से हम प्रभावित नहीं हो रहे बल्कि वह हमसे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए, भारत की आम जनता अब प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें तीसरी बार कुर्सी सौंपने का मन बना चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट के आरोप में गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 4. अप्रैल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक पर अमर्यादित टिप्पणी एवं धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाने वाला भड़काऊ टिप्पणी तेजी से वायरल हो रहा था। इस लोक रिष्टी कारक वक्तव्य से समाज में विद्वेष उत्पन्न करने एवम लोक शांति भंग करने का प्रयास किया गया। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए कुढ़नी थाना एवं साइबर थाना की टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर घटना में संलिप्त अभियुक्त . रमेश सहनी पिता यदुनंदन सहनी ग्राम विशुनपुर धनराज उर्फ गेरहुआ थाना कुढ़नी को गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में कुढ़नी थाना कांड सं0 106/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अमर्यादित पोस्ट के आरोप में पूर्व में भी 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### करंट से महिला की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के औराई प्रखंड की सहिला बल्ली पंचायत के असमानपुर गांव में गेहूं काटने खेत पर जा रही महिला की मक्के के खेत में लगाए गए नंगे विद्युत प्रवाहित तार के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों समेत महिला के मायकेवाले भी मौके पर पहुंच गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी। उधर, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि मात्र दो कट्ठा खेत में मक्के की फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए किसान विन्देश्वर सहनी ने नंगे तार लगाकर विद्युत प्रवाहित किया था। शनिवार सुबह करीब नौ बजे पगडंडी से गेहूं काटने जाने के दौरान उधर से सहिला बल्ली पंचायत के असमानपुर निवासी रानी देवी (40) पति संजय सहनी गुजरीं। इसी दौरान खेत में लगाए गए नंगे तार के करंट की चपेट में आ गईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग को फोन कर लाइन कटवाया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। मृतका के परिजनों को लिखित आवेदन देने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बस से कुचल कर बच्चे की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के मेंहदी हसन चौक के निकट एक दुखद घटना में, एक 5 वर्षीय बच्चे की सरकारी बस द्वारा कुचले जाने से मौत हो गई। बच्चा, जिसकी पहचान सोनबरसा के अबू बकर के रूप में की गई है। वह अपने परिजनों के साथ ईद की खरीदारी के लिए बाइक से शहर आ रहा था जब यह घटना घटी। इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश उत्पन्न हो गया। आक्रोशित लोगों ने बस पर पथराव किया और चालक की मौके पर ही पिटाई कर दी। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद चालक को भीड़ से छुड़ाया। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए और लगभग डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रही। डीएसपी नगर --2 विनीता सिन्हा ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। यातायात को सामान्य कर दिया गया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चालक के खिलाफ ऋफ दर्ज की जाएगी और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है।इस घटना ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे को फिर से उजागर किया है और स्थानीय प्रशासन से इस दिशा में और अधिक सख्त कदम उठाने की मांग की जा रही है।

### रसोईया को दिया गया प्रशिक्षण

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सिंधिया घाट में रसोईया के उन्मुखीकरण विकास हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मध्य विद्यालय सिंधिया घाट, मध्य विद्यालय बेलसंडी तारा एवं मध्य विद्यालय नरहन संकुल के सभी रसोईया प्रशिक्षण में भाग लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक राम ललित राय, एमडीएम बीआरपी रिपु सुदन कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुशील कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# बॉर्डर चेक पोस्ट पर 24 x 7 सक्रिय हुई पुलिस, हर वाहन की ली जा रही है तलाशी

## विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 48 अभियुक्तों व 15 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

● 26 साल पुराने डकैती मामले के अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस टीम की तैयारियों व कार्रवाइयों के संबंध जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में बाहरी अपराधकर्मियों के प्रवेश एवं अवैध शस्त्र, अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाने को लेकर 30 बॉर्डर चेक पोस्टों पर 247 घंटे चेकिंग के साथ-साथ जिले के अंदर 79 चेकपोस्टों को सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बॉर्डर चेक पोस्टों पर पुलिस के साथ-साथ दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है और जिले में प्रवेश व निकास के स्थानों को चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट, एससी-एसटी व अन्य गंभीर मामलों में फरार एवं वारंटियों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस को इसमें सफलता भी मिल रही है। पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 48 अभियुक्तों व 15 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या, डकैती व एससी-एसटी के प्रतिवेदित मामले में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। इस दौरान वाहन जांच में 44 वाहनों से 42 हजार 500 रुपए का जुमार्ना वसूल किया गया। वहीं इस दौरान 19 हजार 160 रुपए, 319.02 लीटर विदेशी शराब, छह लीटर देसी शराब व दो मोबाइल बरामद किया गया। वहीं इस दौरान तीन जमानतीय व 12 अजमानतीय वारंट संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के अंदर 79 चेकपोस्टों पर औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस एवं जिले को मिले केन्द्रीय बलों के साथ संयुक्त अभियान के तहत जिले के हर थाना क्षेत्र में प्रत्येक दिन फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इस दौरान मुफ्फसिल पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोरबद्धा निवासी छोटेलाल के पुत्र व थाना कांड संख्या 311/22 के अभियुक्त पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ताजपुर, बंगरा, मुसरीघरारी, कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र अन्तर्गत बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले व 10 कांडों में वांटेड ताजपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर वार्ड नंबर 26 निवासी युगेश्वर दास के पुत्र सुरेंद्र दास एवं कल्याणपुर थाना कांड संख्या 195/98 के प्राथमिकी अभियुक्त कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के जगतसिंहपुर निवासी रामअवतार पासवान के पुत्र संजय पासवान को गिरफ्तार किया गया है।

## गुप्त सूचना पर पुलिस ने किया विदेशी शराब बरामद

**प्रात: किरण संवाददाता**

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जीतवरिया गांव के डीह टोला स्थिति एक खंडहर मकान से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की जीतवरिया गांव में एक खंडहर मकान में छुपा कर रखा हुआ है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शराब को जब्त कर थाना ले आई। वहीं गिनती के दौरान 260 लीटर विदेशी शराब बरामद होने की बात कही। वहीं पुलिस को देखते ही शराब के सभी कारोबारी भागने में सफल रहा। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि शराब कारोबारी की पहचान कर जल्द ही आगे कार्रवाई किया जाएगा।

## सेक्टर पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रात: किरण संवाददाता**

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड पंचायत समिति भवन के सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर नए सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण बीडीओ देवेन्द्र कुमार के द्वारा शनिवार को दिया गया। जिसमें सेक्टर पदाधिकारी संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, राजीव रंजन, बृजेश कुमार एवं अन्य सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं सभी को सेक्टर पदाधिकारी के कार्य दायित्व के बारे में जानकारी दी गई है। मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षण, मतदाताओं को जागरूक करने वोटर हेल्पलाइन, 1950 के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया।

## जिस स्कूल में पढ़ता था उसी स्कूल में फंदे से लटका मिला दसवीं के छात्र का शव, परसों रात से था लापता

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में एक स्कूल के बरामदे पर ग्रिल से दसवीं कक्षा के एक छात्र का शव लटका हुआ मिला। घटना रोसड़ा थाना क्षेत्र के ढ़ट्ठा गांव की है। मृतक रोसड़ा के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय ढ़ट्ठा का छात्र था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रोसड़ा-सिंघिया मुख्य पथ एसएच-88 को जाम कर दिया। इसकी सूचना पर रोसड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। छात्र भी इसी स्कूल में पढ़ता था। मृतक की पहचान ढ़ट्ठा गांव के शंभू महतो के पुत्र अमूल कुमार के रूप में पहचान हुई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की रात आठ बजे खाना खाने के बाद छात्र कुछ देर में आने की बात कह निकला था, लेकिन फिर वापस घर नही लौटा। इधर, शनिवार की सुबह स्कूल में छात्र के शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के पीछे हत्या की आशंका भी लोग जाता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार लापता छात्र अमूल की खोज रात से ही की जा रही थी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। इसी दौरान शनिवार की सुबह लोग स्कूल की तरफ गए तो एक किशोर का शव स्कूल के ग्रिल से लटका हुआ मिला। यह सूचना गांव में दी गई। जिसके बाद ग्रामीणों के भीड़ स्कूल परिसर में पहुंच गयी। फिर ग्रामीणों ने मृतक छात्र की पहचान अमूल कुमार के रूप में की, जो गांव के ही रहने वाले थे। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही रोसड़ा थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल आक्रोशित ग्रामीणों को समझाकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी है। वहीं घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया गया है। पुलिस लोगों को समझाने बुझाने में लगी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार हत्या करने के बाद छात्र के शव को ग्रिल में टांग दिया गया है। हालांकि इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## तीन युवक को देसी कट्टा व दो गोली के साथ गिरफ्तार

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयला कुंड गांव के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार तीन युवक को देसी कट्टा एवं दो कारतूस के साथ दबोच लिया। प्रशिक्षु डीएसपी व थाना अध्यक्ष नीतिश चंद्रधरिया ने शुक्रवार को कल्याणपुर थाना में प्रेसवार्ता में बताया कि कोयलाकुंड गांव के समीप वाहन चेकिंग के दौरान रतवारा गांव की ओर से स्कूटी पर सवार तीन युवक पंचवटी चौक की ओर जा रहे थे। शंका होने पर पुलिस ने रूकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर तीनों युवक को पकड़ा। तलाशी में रतवारा गांव निवासी मोहम्मद खुर्शीद का पुत्र मो. शमशाद की कमर से देसी कट्टा और पॉकेट से दो कारतूस मिली। गिरफ्तार युवकों में उसी गांव के मोहदल अंसारी का पुत्र मोहम्मद दिलनमाज व मो. रजी अहमद का पुत्र मो. आकिब राजा शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवकों का आपराधिक इतिहास नहीं है। तीनों को समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपर थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार, दारोगा संतोष कुमार एवं मनोज कुमार आदि शामिल थे।

## नल जल की समस्या को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम

**प्रात: किरण संवाददाता**

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रमोली गांव के वार्ड 14 में नल जल की समस्या को लेकर कुछ परिवार के द्वारा सड़क जाम कर दिया गया। सड़क जाम करीब 30 मिनट तक सड़क जाम रही। वहीं लोगों का बताना है कि वार्ड 14 में नल जल का क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की सप्लाई सही ढंग से नहीं हो पाती है। जिसे कई परिवार नल जल के लाभ से वंचित हो जाते हैं। वंचित परिवार नाराज होकर रमोली गांव के समीप सड़क जाम कर दिया। स्थानीय लोगों और समाज सेवी के प्रयास से आक्रोशित लोगों को समझने के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। इसके बाद सड़क पर आवागमन शुरू कराई गई। इस कड़ी धूप में सड़क जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बीडीओ देवेंद्र कुमार ने सड़क जाम की घटना से इनकार किया है।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**प्रात: किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। जिले के मुशहरी थाने और शिवहर जिला की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर शुक्रवार की शाम में मुसहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ में अपने रिश्तेदार के घर छुपे हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शिवहर जिला के तरियानी थाना को जानकारी मिली थी कि तरियानी थाना क्षेत्र के राजा बाजार गांव निवासी विक्रम कुमार (28 वर्ष) मुसहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ स्थित अपने ससुराल में छिपा हुआ है। उसके बाद शिवहर जिला के डीएसपी अमित कुमार,डीआइयू प्रभारी नरेंद्र कुमार और मुसहरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ रोहुआ पहुंचे। उसके बाद लाल बिहारी पासवान के घर को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस को देखते ही विक्रम कुमार घर के पिछवाड़े से भागा। उसका पीछा पुलिस भी करने लगी। थानेदार रंजीत गुप्ता के साथ पुलिस कर्मी शैलेंद्र भारद्वाज, संजीव कुमार आदि ने खदेड़कर विक्रम कुमार को पकड़ लिया।उसके बाद उसको तरियानी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। शिवहर के डीआइयू प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी पर अपनी भतीजी का दुष्कर्म करने का आरोप है। वह घर छोड़कर फरार था। उसका लोकेशन और जानकारी लेकर उसको गिरफ्तार किया गया है। मौके पर रोहुआ गांव में भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

## जेके सीमेंट ने पूर्वी भारत में किया कारोबार का विस्तार

**प्रात: किरण संवाददाता**




पटना/मुजफ्फरपुर। ग्रे सीमेंट और व्हाइट सीमेंट की अग्रणी भारतीय निमार्ता जेके सीमेंट ने बिहार में अपना ग्रे सीमेंट कारोबार आधिकारिक तौर पर शुरू किया है, जो पूर्वी भारतीय बाजार में एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसका जश्न पटना के होटल मौर्या में एक भव्य लॉन्च कार्यक्रम में मनाया गया। यह रणनीतिक कदम कंपनी की राष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करने और बिहार के बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कंपनी ने नौ जिलों को कवर करते हुए दक्षिणी बिहार में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना बनाई है। कंपनी बिहार में अपने मूल ब्रांड जेके सुपर सीमेंट को पेश करेगी, जो टिकाऊ, छेड़छाड़-प्रूफ एलपीपी पैकेजिंग में प्रीमियम उत्पाद पेश करेगी, जो बिहार के बाजार की समझदार मांगों को पूरा करेगी। भविष्य की योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, माधवकृष्ण सिंघानिया, उप जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, हम अगले वर्ष तक बिहार में एक संयंत्र स्थापित करने की संभावना पर सक्रियता से विचार कर रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

## गिद्धौर प्रखंड में गांव-गांव घूमकर समाजसेवी सूर्यावत्स ने निकाला मतदाता जागरूकता अभियान




**प्रात: किरण संवाददाता**

जमुई /गिद्धौर :- प्रखंड के गिद्धौर बाजार में समाजसेवी सूर्या वत्स के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में समाजसेवी सूर्या वत्स ने लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि मतदान आपका कर्तव्य एवं अधिकार है। वहीं उन्होंने गिद्धौर के नागरिको को 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव करने की बात करेंगे। वहीं उन्होंने चुनाव में जाति,धर्म,नस्ल,भाषा, निस्वार्थ समुदाय के आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करेंगे। उन्होंने जागरूकता अभियान के दौरान ह्यघर घर मे संदेश दो वोट दो वोट दोह्ल, अंकल आन्टी मान जाओ,वोट करेंगे कसम खाओ, सारे काम छोड़ कर सबसे पहले वोट दो स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों में प्रभातफेरी का आयोजन



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में शिक्षा विभाग के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षिका, रसोईया, शिक्षा सेवक, तालीमी मरकज एवं छात्रों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। शहर स्थित मध्य विद्यालय भौआड़ा के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षक, रसोईया, शिक्षा सेवक एवं छात्रों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।जो विद्यालय से प्रारंभ होकर दरगाह चौक,सिंघिनिया चौक, दुर्गा स्थान होते हुए वार्ड 36 के पोषक क्षेत्र में किया गया। सभी प्रतिभागी के हाथ में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखी बैनर, तख्तियां था। सभी लोग मधुबनी ने ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। डालें वोट बूथ पर जायें, लोकतंत्र का पर्व मनायें। अप्पन वोट अप्पन अधिकार, मतदान के लेल मधुबनी तैयार।बढ़ाये कदम दिखायें वोट का दम आदि नारे लगा रहे थे।उत्सवी माहौल से आम लोगों में मतदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ी। इसी तरह जिले के सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन कर मिशन 70 के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर मतदाताओ जागरूक किया गया।

## महिला से दुर्व्यवहार मामले में मुखिया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड के दिनमानपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया गोविंद पासवान को पंचायत के ही वार्ड संख्या-12 की एक महिला से दुर्व्यवहार करने के आरोप में जेल जाना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत की एक महिला ने मुखिया सहित तीन लोगों पर दुर्व्यवहार एवं मारपीट के संबंध में कोर्ट में परिवारवाद दायर किया था। जिसके बाद खानपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। गुरुवार को मुखिया जमानत के लिए कोर्ट में उपस्थित हुए थे। मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुखिया को कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया गया है। बताते हैं की मुखिया ने दिनमानपुर दक्षिणी पंचायत के ही वार्ड 12 निवासी व्यक्ति व उसके पुत्र पर रंगदारी मांगने एवं गाली गलौज कर जान मारने की धमकी से संबंधित प्राथमिकी खानपुर थाने में दर्ज करायी थी। वहीं दूसरे पक्ष से महिला ने कोर्ट में परिवार दायर किया था। जिस आधार पर खानपुर थाने में मुखिया एवं अन्य पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## मधुबनी में योग पर कार्यक्रम आयोजित किया मिथिला चित्रकला संस्थान ने



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में एक दिवसीय योग पर व्याख्यान-सह- योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग पर व्याख्यान, प्राणायाम, ध्यान एवं योग निंद्रा अवधेश झा द्वारा कराया गया तथा विभिन्न आसनों का अभ्यास स्वामी रितेश मिश्र द्वारा कराया गया। उक्त अवसर पर ट्रस्टी एवं अंतराष्ट्रीय योग समन्वयक, ज्योतिर्मय ट्रस्ट (यूनिट ऑफ योग रिसर्च फाउंडेशन, मियामी, फ्लोरिडा, यूएसए) अवधेश झा ने कहा कि योग की प्रासंगिकता आधुनिक काल में स्वास्थ्य और आध्यात्मिक दृष्टि दोनों से है इसलिए इसे अपने जीवन में धारण करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार योग विद्यालय, मुंगेर से योग प्रशिक्षित हैं तथा ज्योतिर्मय ट्रस्ट के विशेष योग प्रशिक्षक स्वामी रितेश मिश्र ने गुल्फ नमन, ताड़ासन, कटी चक्रासन, सूर्य नमस्कार, तितली आसन, तीर - नीर योग क्रीड़ा आदि का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक वीरेन्द्र प्रसाद, आई.ए.एस.; पद्मश्री बौआ देवी, पद्मश्री दुलारी देवी, पद्मश्री शिवम पासवान, वरीय आचार्य डॉ रानी झा, वरीय आचार्य संजय कुमार जायसवाल, वरीय आचार्य प्रतीक प्रभाकर, प्रशाखा पदाधिकारी दिलीप झा, लेखा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहित डिग्री कोर्स तथा सर्टिफिकेट कोर्स के सभी छात्र - छात्रा उपस्थित थे। श्री झा को पद्मश्री बौआ देवी एवं पद्मश्री दुलारी देवी द्वारा पाग तथा अंग वस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं पद्मश्री शिवम पासवान एवं प्रशाखा पदाधिकारी दिलीप झा द्वारा स्वामी रितेश मिश्र को पाग तथा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

## पुलिस ने अलग अलग जगहों से शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार




**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग अलग जगहों से देशी नेपाली शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार। रहिका थाना अध्यक्ष ने बताया की यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के ग्राम बसौली से एक व्यक्ति बोलो यादव के पुत्र मदन यादव को शराब बेचते हुए पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके कमर से 08बोतल देशी नेपाली शराब के साथ ही उनके घर के बगल से दो कार्टून देशी नेपाली शराब बरामद किया गया वही दूसरा व्यक्ति को धनुषि गांव के रामनंदन पासवान के पुत्र गणेश पासवान के घर से देशी चुलाई शराब 22.400लीटर एव 08बोतल देशी नेपाली गौरव सोफी शराब बरामद किया गया। दोनो गिरफ्तार शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

## पतैलिया व महथी उत्तर पंचायत के उपमुखिया ने बचाई कुर्सी, अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पतैलिया पंचायत के उपमुखिया रामदेव पासवान और महथी उत्तर की उप मुखिया रिंकू देवी ने अपनी कुर्सी बचा ली है। दोनों पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। पतैलिया पंचायत पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उप मुखिया पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 6 अप्रैल को पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में मुखिया राजकुमार की अध्यक्षता में विशेष बैठक बुलाई गई। जिसमें कुल 17 सदस्य उपस्थित हुए। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग की गई।

अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 07 मत डाले गए। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में 10 मत डाला गया। इस प्रकार उप मुखिया पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव विशेष बैठक में खारिज हो गई। बता दें कि पतैलिया पंचायत के उप मुखिया रामदेव पासवान के विरुद्ध अमरजीत कुमार एवं आठ अन्य के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए विशेष बैठक बुलाने की मांग की गई थी।

वहीं महथी उत्तर पंचायत के उप मुखिया पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में अविश्वास के पक्ष में 6 मत एवं अविश्वास के विपक्ष में 8 मत पड़े। एक सदस्य अनुपस्थित रहा। इस प्रकार उप मुखिया रिंकू देवी पर संजय कुमार एवं अन्य आठ वार्ड सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव खारिज हुआ। उक्त बात की जानकारी पंचायत सचिव नितीश कुमार ने दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से गेहूं का फसल जलकर हुआ राख

लहलादपुर। पछुआ हवा के झोंके से गेहूं के फसल सुखकर झूर्रा गया है. जिसकारण जनता बाजार थाना के ठीक पीछे गेहूं के खेत में अचानक आग लग जाने से कई बीघा के खेत का फसल जलकर राख हो गया. आग लगने के कारण का पत्ता नहीं चल पाया. स्थानीय युवकों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका. शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़कर आये तथा आग को आगे बढ़ने से रोके. अन्यथा खेत के बगल में स्थित मकान भी आग की चपेट में आ सकते थे.

### पुलिस ने बालू लदी ओवरलोड छः ट्रक जब्त, तीन चालक गिरफ्तार

नगरा।खैरा थाना क्षेत्र के कृष्णा चौक से खैरा पुलिस ने ओवर लोड बालू लदी छह ट्रक को जब्त कर तीन चालक को गिरफ्तार कर लिया तथा तीन फरार हो है गया.गिरफ्तार चालक कुशीनगर जिला निवासी ब्रजेश गुप्ता व उमेश कुमार तथा मोतिहारी जिला निवासी प्रद्युमन यादव बताया जाता है.वहीं इस संबंध में खैरा अपर थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की वाहन चेकिंग अभियान में करवाई की गई है. गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया है तथा फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### सारण के लाल ऋषभ राज को एनडीए में मिला देश भर में 43 वां रैंक

छपरा। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमिक और नौसेना एकेडमिक के कंबाइंड परीक्षा में सारण के लाल ऋषभ राज ने सफलता का परचम बुलंद किया है. उन्हें इस परीक्षा में देश भर में 43 वां स्थान प्राप्त हुआ है. उन्होंने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में अर्जित किया है. अभी वह बारहवीं के अपीयरेंस छात्र हैं. अभी 11 मार्च को उनके सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा समाप्त हुई है. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी( एनडीए) में चयनित ऋषभ राज छपरा के नारायण नगर नेवाजी टोला निवासी शिक्षक राधे श्याम सिंह और ममता देवी के पुत्र हैं. उनका पैतृक गांव गरखा प्रखंड का नराव है. उन्होंने वर्ग छह तक की पढ़ाई छपरा में करने के बाद सातवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई हरियाणा कुरुक्षेत्र के गुरुकुल से पूरी की. ऋषभ का बचपन से ही हवाई जहाज उड़ाने का सपना था. उसने अपने सपने को साकार करने के लिए शुरू से ही प्रयास किया और अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की. ऋषभ ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने जिला समेत माता पिता का नाम रोशन किया है. उनके सफलता पर आमी अवस्थित ननिहाल, फुआ-फूफा व बड़े भाई रवि राज समेत परिवार के सदस्यों में जश्न का माहौल है. सभी ने उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### महम्मदपुर मठिया गाँव के समीप चँवर में लगी आग

माँझी।माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के टोलापर मठिया गाँव के समीप चँवर में लगी आग मे लगभग तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।आगलगी की सूचना पा कर पहुँचा अग्निशमन वाहन व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से परशुराम यादव,स्वामी नाथ यादव,शँकर दयाल भारती तथा बाबूलाल महतो के खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई जिससे पककर तैयार हो चुकी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।घटना की सूचना पाकर पहुँचे महम्मदपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय ने इसकी सूचना बिजली विभाग के जेई को दी और जबतक गेंहू की फसलें कट नही जाती तब तक दिनभर बिजली बन्द रखने की बात कही।मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नकाबपोश बदमाशों ने सीएसपी पिस्टल के बल पर एक लाख उड़ाई

बनियापुर।बनियापुर के हरपुर छतवा गाव मे एक सीएसपी मे घुस कर संचालक के मोबाइल लौप टाप सहित एकलाख रुपया लेकर फरार हो गए।जिसके बाद सीएसपी संचालक द्वारा मामले अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।घटना के संबंध मे बतया गया है कि प्रमोद कुमार द्वारा ग्रामीण बैंक का सीएसपी चलाया जा रहा था,जहा हथियार के बल पर नकासपोश काउंटर पर घुस कर सीएसपी संचालक के सीर पर पिस्टल तान दिए ,वही काउंटर से मोबाइल टाइब सहित नगदी लाख रुपया लेकर फरार हो गए, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस-सीसीटीवी कमरे मे कैद फुटेज के आधार पर जांच मे जुटी हुई है।

# मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्कूटी रैली का आयोजन

- उपविकास आयुक्त एवं नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना
- रैली में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुये शामिल महिलाओं ने सभी वर्गों के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु किया प्रेरित



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों द्वारा लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। यह रैली प्रातः 8 बजे राजेन्द्र स्टेडियम छपरा से प्रारंभ होकर नगरपालिका चौक के रास्ते सरकारी बस स्टैंड गोपेश्वर नगर होते हुये पुनः राजेन्द्र स्टेडियम में समाप्त हुई। स्वीप कोषांग की वरीय प्रभारी -सह- उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी एवं नगर आयुक्त सुमित कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि इस रैली के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को, विशेष रूप से महिलाओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि मतदान हेतु मतदान दल के कर्मी सुदूर स्थित मतदान केंद्रों पर भी कठिनाइयों का सामना करते हुये मतदान कराने जाते हैं।

इसलिये सभी मतदाताओं का कर्तव्य है कि मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इससे पूर्व सारण जिला के स्वीप लोगो का अनावरण अधिकारी द्वय द्वारा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। मौके पर मतदान के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता शंभु शरण पांडेय, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर संजय कुमार राय, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डीपीओ आईसीडीएस कुमारी अनुपमा, जिला योजना पदाधिकारी भानु प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### छपियां में सार्वजनिक अष्टयाम आयोजित

इसुआपुर । प्रखंड के छपियां गांव स्थित जंगली ब्रह्मस्थान के प्रांगण में शनिवार को 13 में वार्षिक सार्वजनिक अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पूर्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, कन्याओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने घोघारी नदी से जलभरी की। वहां से हाथों में कलाश लिए गाजे बाजे-गाजे के साथ काली स्थान होते लगभग 6 किलोमीटर की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां आचार्य धीरज तिवारी, राजनारायण शुक्ला, मिंटू शुक्ला व अन्य विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ अष्टयाम की शुरूआत हुई। यजमान के रूप में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमार सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी गुंजा देवी थे। जलभरी जुलूस का नेतृत्व कामाख्या सिंह ,डॉ रामेश्वर सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, बीडीसी मनू राम, बच्चा सिंह, राजाराम सिंह, शिवपूजन दास, शिक्षक देवेंद्र सिंह, रविंद्र गिरी, उदय सिंह,राजू सिंह मिट्ठू सिंह व अन्य ने किया। अष्टयाम के समापन के पश्चात रविवार की रात्रि व्यास मनीष हलचल तथा हेमंत गिरी के बीच दुगोला कीर्तन का मुकाबला होगा। स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने भी पहुंचकर पूजा अर्चना की।

# अतरसन उच्चतर स्कूल के शिक्षक व आदेशपाल की समारोह पूर्वक दी गई विदाई



प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर। उच्च विद्यालय सह राजकीय इंटर कॉलेज अतरसन के सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश राम और आदेशपाल हरि नारायण सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गई।प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद की अध्यक्षता और वरिष्ठ शिक्षक डॉ संतोष कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन सुनिल कुमार राम ने किया।सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश के अनुशासित जीवन शैली की सराहना अतिथि मुखिया प्रतिनिधि व राजद नेता अनिल चौधरी व समाजसेवी उमेशचंद्र सिंह ने की।भावुक शब्दों में सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि उनका सबसे बड़ा सम्मान होगा कि हमारे नये शिक्षक साथी भी इस शैक्षणिक माहौल को बनाये रखेंगे।मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका काजल कुमारी का राग खमाज में छोटा ख्याल की वंदिश आलाप तराना,सोनम मिश्रा का नृत्य ,संतोष शरण का गजल भजन,आदित्य राज व संगीत शिक्षक निपुण झा के तबलावादन के साथ लोकगायक रामेश्वर गोप के चइती गीत ने भरपुर मनोरजन किया।सेवानिवृत्त शिक्षक व आदेशपाल को अंगवस्त्र के साथ उपहार देकर सम्मानित करने वालों में नवादा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार जोगिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के अलावे विद्यालय परिवार के शिक्षक ऋषिकेश प्रसाद, नरेंद्र यादव , अंकित , सुशील , संतोष कुमार पांडेय, भरत , अमित , अभिषेक तथा शिक्षिका अर्पणा , रूबी ,अर्चना आदि शामिल थे।प्रीति भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

### अग्निपीड़ितों से मिले तरैया विधायक जनक सिंह

पानापुर(सारण) तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह शनिवार को तुर्की पहुँचे एवं गत बुधवार को अगलगी की घटना में अपना आशियाना गंवा चुके पीड़ित परिवारों से मुलाकात की .उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया .उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है .इस मौके पर सत्यदेव साह ,सुरेश सिंह ,शारदानंद सोनी ,गुड्डू कुशवाहा ,उपेंद्र सिंह ,सोनू राज सोनू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे .मालूम हो कि गत बुधवार की दोपहर तुर्की महादलित बस्ती में अगलगी की घटना में ललन राम , बबन राम ,रामकली कुंवर एवं शिवकुमार राम के घर जलकर राख हो गए थे।

# फुटपाथ वेंडर्स को महमूद चौक व जेल के पीछे किया गया शिफ्ट

- शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिशा में हो रहा है प्रयास

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर आयुक्त के बेहतर प्रयास से जल्द ही शहर स्वच्छ और सुंदर दिखेगा, किस दिशा में कवायत भी शुरू हो गई है। शनिवार को नगर निगम के आयुक्त सुमित कुमार के आदेशानुसार शहर को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाने को लेकर म्युनिसिपल चौक, थाना चौक होते हुये दरोगा राय चौक तक लगाए जा रहे वेंडर्स को समझाकर मोची, टोपी तथा बेल्ट वाले वेंडर्स को महमूद चौक एवं जेल से पीछे के तरफ शिफ्ट करावाया गया है। सभी वेंडर्स को शहर को सुन्दर बनाने में सहयोग करने की अपील फुटपाथ वेंडर्स संघ के द्वारा अपील भी किया गया है।

इसके अलावा शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने के लिए नगर आयुक्त ने दीवाल पेंटिंग का कार्य डीएम ऑफिस के सामने से शुरू करने का आदेश नगर आयुक्त ने दिया है। जल्द ही शहर को आकर्षक बनाए जाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिया गया है। हैप्पीनेस प्लेस भी बनाने को लेकर कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया जा चुका है। फुटपाथ दुकानदार द्वारा शहर की सड़कों को किया गया अतिक्रमण को भी हटाने की कार्रवाई चल रही है। अतिक्रमण दल में स्वच्छता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, नगर मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, अर्चना सिंह, नगर थाना से पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल,सामुदायिक संगठन नितेश चौहान, सुनील कुमार, अभिनव कुमार, चन्दन कुमार सिंह, अरविन्द कुमार एवं नगर निगम से ट्रैक्टर, सफाई कर्मी,उपलब्ध आदि शामिल है।

# अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नगद समेत लाखों का समान की चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। शुक्रवार की रात स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रताप छपरा में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर दो कमरों में रखे पेटी व अलमारी से सोने चांदी का गहने व नगद समेत लाखों का समान की चोरी का घटना को अंजाम दिया गया है. जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गईं।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच पीड़ित परिजनों से जानकारी ली।व आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इस संबंध में प्रताप छपरा गाँव निवासी स्व



सीता राम सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने बताई की मेरे घर का सभी पुरुष बाहर रहते है। केवल घर में महिला है.जो सभी परिवार शुक्रवार की रात गहरे नींद में शोये हुए थे।इसी क्रम में अज्ञात चोरों द्वारा माझील पतोह के कमरा में रखे अलमीरा से नगद समेत गहना चोरी की गईं है।जबकि दूसरे कमरें रखे शादी सुदा पुत्री का अटैची व मेरा पेटी घर से निकाला कर घर के कुछ दुरी पर सड़क किनारे खेत में रख कर अज्ञात चोरो द्वारा उसमे रखे सोने चाँदी के गहने व नगद समेत लाखो का सम्मान की चोरी कर ली गईं।वही ग्रामीणों ने बताया की शुक्रवार की ही रात गाँव के ही कृष्णा सिंह के बंद मकान का निशाना बनाया गया।लेकिन असफल रहा।लोगो ने बताया की अज्ञात चोरो द्वारा आये दिन सगुनी पंचायत के अलग अलग गावो में चोरी की घटना को अंजमा दिया जा रहा है। जिससे गावो के लोगो में दशत का माहौल बना हुआ है।

# मैट्रिक के प्रखंड तथा विधालय टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित




प्रात : किरण संवाददाता

परसा। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद वंशी लाल संत लाल उच्च विद्यालय कोहरा मठिया के प्रखंड स्तरीय लेबल में शामिल छात्र छात्राओं को सम्मानित कार्यक्रम का प्राचार्य राजेश कुमार द्वारा आयोजन किया गया।जिसमें प्रखंड स्तर पर और विद्यालय टॉपर छात्र छात्रा स्वाती सिंह 460,साक्षी सिंह 451,अमन आनंद 446,मो अरमान 425,सिमरन कुमारी 423 को रंजन कुमार 415,अंकित कुमार 408,कुंदन कुमार 402,प्रबीन कुमार 401समेत प्रथम श्रीणी से उतीर्ण दर्जनों छात्र छात्राओं को मुखिया संजीव कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह,प्राचार्य राजेश कुमार,हरेंद्र सिंह,अवधेश सिंह,पूर्व उप मुखिया डब्लू साह,अखलेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंटो, मेडल कलम से सम्मानित किया गया।मुखिया संजीव सिंह ने कहा कि परसा प्रखंड के बनौता पंचायत में संचालित हाई स्कूल से प्रखंड स्तर पर छात्रों से सफलता हासिल किया है।जो सराहनीय पहल है।उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षकों तथा छात्रों को बधाई देते हुए छात्र छात्राओं के उज्ववल भविष्य की कामना किया।मुखिया ने सभी उतीर्ण छात्र छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ देश में नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया।वही विद्यालय के शिक्षकों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।वही विद्यालय छात्र अमन आनंद ने कहा कि शिक्षकों के निरंतर प्रयास,माता पीता के सही मार्गदर्शन के बदौलत सफलता हासिल हुई है।अमन आनंद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने की इक्छा जताई।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अभय कुमार सिंह,सुधीर प्रसाद सिंह,रीना कुमारी,अशोक सिंह,सत्यनारायण सिंह,राधेश्याम उपस्थित थे।

# प्रवेशोत्सव अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरहा के छात्र छात्राओं ने शनिवार को प्रवेशोत्सव अभियान के अंतर्गत रैली निकाल लोगो से अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की ।जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षित कर ही एक सभ्य एवं सुसज्जित समाज का निर्माण किया जा सकता है ।रैली विद्यालय परिसर से क्वार्टर बाजार ,कोंध ,भगवानपुर बाजार ,मोरिया ,जीपुरा ,रामदासपुर होते हुए पुनः विद्यालय पहुँचा ।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून तक अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।उन्होंने लोगो से इस अभियान की सफलता में अपनी भूमिका के निर्वहन



की अपील की ।रैली में विनोद कुमार यादव , आरती शर्मा ,अभिमन्यु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, चन्दन कुमार, अनूप कुमार, शशिकांत, शुभम राय,धर्मेंद्र कुमार, रामबाबू,अशोक यादव, आनंद कुमार यादव, कृष्ण कुमार, कुंदन कुमार, शशिबाला,उर्मिला कुमारी,अंकिता कुमारी,अंजू यादव, अंजू तिवारी सहित सभी शामिल थे।

# चमकी बुखार को ले अपर निदेशक ने किया निरीक्षण, जागरूकता के लिए दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक(सारण) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के परिसर में चमकी बुखार को लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों,आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका और एएनएम की बैठक आयोजित की। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन समेत आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में चमकी बुखार पर विशेष ध्यान देने की बात बताई गई। अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निर्देश दिया कि सभी आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने पोषण क्षेत्र में सभी बच्चों का प्रत्येक दिन स्वास्थ्य का जायजा लेगी और बच्चों के परिजनों को चमकी बुखार को लेकर जागरूक करेंगी। वही इसकी मॉनेटरिंग प्रभारी डॉ संजय कुमार करते रहेंगें। उन्होनें से 0 से 15 वर्ष के बच्चों का सर्वे कर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया।

### मशरक में पलानी में आग लगने से 8 बकरी समेत हजारों रुपये की संपति जलकर राख

मशरक (सारण) मशरक प्रखंड के चांद कुदरिया गांव में पलानी में भयंकर आग लग गई,आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया, पर आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। पीड़ित चांद कुदरिया गांव निवासी कृष्णा राम ने बताया कि पलानी में आग लग गई ।जिसमें पलानी में रखी 2 साइकिल, 8 बकरी और चौकी बिछावन समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर मुखिया धर्मेन्द्र मांझी और पूर्व उप-प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने पीड़ित के यहां पहुंच जायजा लिया और सरकारी मदद दिलवाने का भरोसा दिलवाया।

# जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नामांकन को लेकर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सभी सरकारी विद्यालयों में प्रवेशिकोत्सव (विशेष नामांकन अभियान) के तहत विद्यालय से बाहर 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन निकटतम विद्यालयों में कराया जाना है। इस अभियान को लेकर आज जिलाधिकारी अमन समीर ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। 6-14 वर्ष आयु वर्ग के विद्यालय से बाहर के बच्चों का सर्वे पंचायत वार एवं नगर निकायों में वार्डवार करने का निदेश दिया गया। सभी पंचायतों एवं शहरी वार्डों में सर्वे के लिये शिक्षा सेवक के साथ साथ स्थानीय जीविका एवं आंगनबाड़ी सेविका को पंचायतवार एवं शहरी वार्डवार टैगिंग करने का निदेश दिया गया। इस संबंध में डीपीओ आईसीडीएस तथा डीपीएम जीविका को अपने पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। टैगिंग के उपरांत प्राधिकृत सर्वे दल 15 दिनों के अंतर्गत संबंधित पंचायत/वार्ड में घर घर जाकर उक्त आयुवर्ग के विद्यालय से बाहर वाले बच्चों को चिन्हित कर सूची तैयार करेंगे। प्रतिदिन किये गए सर्वे को पंजी में तिथिवार संधारित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों एवं शहरी वार्डों में महादलित टोलों तथा झुग्गियों में विशेष फोकस देकर सर्वे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रतिदिन सर्वे के प्रगति की समीक्षा करने एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पंचायतवार सर्वे दल के साथ बैठक कर विद्यालय से बाहर के चिन्हित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करायेंगे। सभी नामांकित बच्चों की इंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर सुनिश्चित कराने को कहा गया। शिक्षा सेवकों के माध्यम से सभी अभिभावकों को उनके बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से आगामी ईद, चैती छठ, रामनवमी एवं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव प्राप्त करते हुए इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि किसी भी तरह के जूलूस के आयोजन हेतु लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा। लाइसेन्स में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही आयोजन की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक आयोजन के लाइसेन्स हेतु 10-15 लोगों को पहचान पत्र जमा करना होगा,




जिसका सत्यापन भी कराया जायेगा। जूलूस में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित है। किसी भी तरह के शस्त्र का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। किसी भी तरह के अश्लील/भड़काऊ गीत, संगीत एवं संवाद के उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सभी आयोजनों को लोकसभा आम चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुये सुनिश्चित करने को कहा गया। समिति के सदस्यों से भी एक एक कर उनके पूर्व के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया गया। इसके बाद विधि व्यवस्था को लेकर सभी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गई। किसी भी जूलूस के लिये लाइसेन्स की अनिवार्यता एवं निर्धारित शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने का स्पष्ट निदेश दिया गया। आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन करते हुये ही आयोजन सुनिश्चित कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद से पूर्व बाजारों में काफी भीड़ होती है, इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी निरंतर रात्रि में पेट्रोलिंग करते रहें। सभी नगर निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निदेश दिया गया। ईद के दिन प्रातः 7 बजे से नमाज अदा की जाती है, इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रातः 5 बजे से ही अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कोई भी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी या पुलिस पदाधिकारी अगर अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाया जायेगा तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं गोपनीय शाखा प्रभारी को सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ससमय उपस्थिति की जाँच करने को कहा।

# मांझी के राम घाट पर पाप मोचनी एकादशी के अवसर पर सरयू में स्नान को जुटी महिलाएं

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। शनिवार को माँझी के प्रसिद्ध राम घाट पर पवित्र सरयु नदी में पाप मोचनी एकादशी के पारण के अवसर पर आयोजित चैत्रवर्णी पर्व का स्नान करने सैकड़ों की संख्या में पहुँची व्रती महिलाओं ने गोबर के उपले पर लिट्टी चोखा बनाकर ग्रहण किया। पूछे जाने पर स्नान करने पहुँची महिलाओं ने बताया कि भगवान श्री राम के अवतरण के पूर्व अयोध्या में इस पर्व की शुरूआत की गई थी। उक्त पर्व में एकादशी के पारण की तिथि को सरयु नदी में स्नान के बाद घाट पर लिट्टी चोखा बनाकर उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने की परंपरा रही है। स्थानीय मौनिया बाबा मंदिर के पुजारी संत राम दास उदासीन महाराज



ने बताया कि भक्त शबरी के श्राप से लाल हुई नदी को भगवान श्री राम के चरण स्पर्श से मुक्ति मिली थी और नदी पुनः अविरल बहने लगी थी अतः चैत्रवर्णी पर्व को पाप नाशिनी अथवा पाप मोचनी भी कहा जाता है। यह पर्व प्रत्येक 50 वर्ष बाद मनाने की परंपरा रही है उन्होंने बताया कि काल कमार्नुसार अबकी बार 35 वर्षों बाद ही यह महासंयोग बना है। अलग अलग गाँवों से ताल्लुक रखने वाली तथा अलग अलग वाहनों पर भगवान का भजन कीर्तन करते माँझी के राम घाट पर स्नान करने पहुँची महिलाओं में ज्यादातर यूपी के बलिया जिले से की रहने वाली बताई जाती हैं। स्नान को लेकर माँझी चट्टी से रामघाट तक चहल पहल देखी गई। स्नानार्थियों की सुरक्षा एवम साफ सफाई को लेकर माँझी नगर पँचायत के कर्मी मुस्तैद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गांजा के साथ महिला कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

सुरपुरा (रोहतास) सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनहर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांजा के साथ एक महिला कारोबारी मालती देवी पति शंकर साह को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना के एसआई विमलेश कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ नोनहर गांव में छापेमारी कर एक महिला कारोबारी के घर से 600 ग्राम गांजा जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

काराकाट(रोहतास):; प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वे मतदान केंद्र संख्या-176 प्राथमिक विद्यालय भरतकस्बा,181-प्राथमिक विद्यालय दुआरी,183-मध्य विद्यालय काराकाट,184, 261- बेसिक विद्यालय जयश्री, 263- बेसिक विद्यालय जयश्री, 264, 299-मध्य विद्यालय इटवां भाग संख्या-304, 305- उत्क्रमित मध्य विद्यालय करूप (इंग्लिश) ,321 जोरावरपुर में ए एम एफ एफ - शौचालय, पानी, बिजली रैम्प इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत संबंधित प्रधानाध्यापकों को सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी, कर्मी और संबंधित ट्रक विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम पर मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

● शिक्षा में प्रगति पर अभिभावक -शिक्षक गोष्ठी पर हुई चर्चा

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के जमोढी पंचायत के मध्य विद्यालय में वर्ग 1 से 8 का 2023-24 वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित होते छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सहित अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रकाशित रिजल्ट में वर्ग 1 से प्रथम स्थान आयुष कुमार, सेकेंड ममता कुमारी, तृतीय राजीव कांत। वर्ग 2 से प्रथम स्थान दीपक कुमार, सेकेंड मधुराज, तृतीय महिमा कुमारी। वर्ग 3 से शिवानी कुमारी, सेकेंड सोनम कुमारी, तृतीय स्थान रिया कुमारी। वर्ग 4 से प्रथम स्थान अनुराधा कुमारी, सेकेंड स्थान रिया कुमारी, तृतीय आकाश कुमार। वर्ग 5 में प्रथम स्थान सुगंधा कुमारी, सेकेंड स्थान साक्षी कुमारी, तृतीय पर श्रीधि कुमार रही। वही वर्ग 6 से प्रथम कार्तिक कुमार, सेकेंड स्थान कृति कुमारी, तृतीय इंद्रजीत प्रकाश रहा। जबकि वर्ग 7 से प्रथम अनु कुमारी, सेकेंड अनुराधा कुमारी व तृतीय कृति कुमारी रही। साथ ही वर्ग 8 में प्रथम स्थान अंजली कुमारी, सेकेंड स्थान सलोनी कुमारी सहित तृतीय स्थान साक्षी कुमारी प्राप्त को विद्यालय को गौरवान्वित किया। वही सभी अव्वल छात्रों को फूल माला पहना प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद और मुख्य अतिथि जमोढी पंचायत मुखिया मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कलम, कॉपी, किताब से सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों के माता-पिता उनके उजव्वल भविष्य के लिए उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें। ताकि वह बेहतर शिक्षा से अपने भविष्य को संवार सके। वही मुखिया मनोज ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र का मध्य विद्यालय,जमोढी पूरे रोहतास जिला में शिक्षा के प्रभाव से उच्चे शिखर पर पहुंच रहा है। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष, सचिव नीतू देवी,वार्ड सदस्य बृन्दा लाल सिंह, अरुण कुमार सिंह व मध्य विद्यालय सभी शिक्षक सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थें।

# पुलिस पर हमला मामले में पांच गिरफ्तार, भेजा जेल




प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास):कछवां पुलिस ने पुलिस पर हमला मामले में गुप्त सूचना के आधार पर भोजपुर जिला के इमादपुर थाना अंतर्गत पश्चिमी व पूर्वी इंग्लिश से पांच लोगों को गिरफ्तार कर जांच के बाद जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष सोन नदी के तटीय क्षेत्र में छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया था। कच्छवां थाना अंतर्गत पुलिस पर हमला कांड संख्या 133/23 में धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 307/ 353/ 427/ 379/ 411/ 504/ 506 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट में भोजपुर पुलिस के साथ छापेमारी कर कुल इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिश से अरविंद सिंह पिता स्व जुल्मी सिंह, संतोष कुमार उर्फ लोहा पिता स्व सियाराम सिंह, भीम सिंह पिता कृष्ण सिंह, अभय कुमार पिता कृष्णा सिंह वहीं पूर्वी इंग्लिश से पिंटू कुमार पिता नागा सिंह को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

## जनता दरबार में निबटाये गए मामलें

प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास): काराकाट थाना परिसर में शनिवार को सीओ डॉ रितेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जमीनी विवाद के चार मामले सामने आये ।जिसमें तीन मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि इंद्रजीत राम गम्हरिया, संतोष पासवान गम्हरिया से भूमि सीमांकन का विवाद था जिसमें मापी के बाद सीमांकन विवाद समाप्त किया जाएगा। कन्हैया प्रसाद गोड़ारी व शिव शंकर प्रसाद गोड़ारी से दोनों पक्षों में रास्ता को लेकर विवाद था। सीओ ने आदेश दिया कि भूमि का मापी के बाद सीमांकन कर विवाद का समापन किया जाएगा। हजारी सिंह गांव खिरोडीह तथा जोरावरपुर द्वितीय पक्ष विजय सिंह के बीच खिरोडीह व जोरावरपुर गांव में रास्ता को लेकर विवाद था। जिसमें हजारी सिंह का कहना था कि रास्ते में विजय सिंह द्वारा गोबर रख दिया जा रहा है। सीओ ने विपक्षी विजय सिंह को रास्ते से गोबर हटा तत्काल हटा लेने का निर्देश दिया। दुर्गावती देवी सिकरिया विपक्ष सुरेश सिंह सिकरिया , दुर्गावती देवी का कहना था कि विवाद का मुख्य वजह सुरेश सिंह के द्वारा मेरे हिस्से की भूमि को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसको लेकर घर निर्माण का स्थल निरीक्षण के बाद ही अगले शनिवार बैठक में सुनवाई की जाएगी। जनता दरबार में थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी व अंचल के राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारूपुर में अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विश्वंभर मध्य विद्यालय धारूपुर के प्रांगण में शनिवार को अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने की। आपको बताते चलें कि वार्षिक परीक्षा 2024 के मद्देनजर प्रगति पत्रक वितरण करने को लेकर विद्यालय परिसर में अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह आयोजित की गई। उक्त दौरान प्रधानाध्यापक ने कक्षा चतुर्थ ,छठवीं एवं सातवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को घोषित किया। उन्होंने बताया कि कक्षा चतुर्थ की छात्रा अमृता कुमारी प्रथम , प्रिया कुमारी द्वितीय एवं अर्चना कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की है। कक्षा छठवीं की छात्रा साक्षी कुमारी 90% अंकों के साथ प्रथम , काजल कुमारी 88.5% अंकों के साथ द्वितीय एवं बेबी कुमारी 87.5% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की है। जबकि कक्षा सातवीं की छात्रा रिंकू कुमारी 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम , मनु कुमार 81 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं राहुल कुमार 80% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को मेंडल ,कॉपी,कलम देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सफल छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को कार्यक्रम दौरान फूल माला से स्वागत किया। उसके उपरांत सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को जलपान भी कराया गया। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक कमलेश दुबे , विश्वनाथ मौआर , पुष्प कुमार प्रमोद , केसनाथ चौधरी , सुधीर कुमार वहीं अभिभावकों में विष्णु शंकर तिवारी , पत्रकार राजू रंजन दुबे , चंदन सिंह , सुल्ताना खातून , विंदा देवी ,विभा देवी ,विंदु देवी , पूजा देवी व छात्र- छात्राओं में सुरभी ,जूही , राहुल , बेबी , साक्षी ,काजल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शौच को निकले दो व्यक्ति को तेज रफ्तार टेम्पो ने रौंदा, एक की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के करूप-बेलवाई रोड़ स्थित गोरख परासी नहर पुल के समीप एक तेज रफ्तार टेम्पो ने शौच कर रास्ते से घर जा रहे दो व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई व दूसरा व्यक्ति पूरी तरह से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि गोरख परासी गांव निवासी 58 वर्षीय हरिनारायण कहार पिता स्व. हजारी कहार और मुनि प्रसाद पिता स्व. मंगरू कहार शौच करने के लिए घर से बाहर गांव के नहर के तरफ गए थे। शौच कर वापस सड़क के रास्ते घर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेम्पो ने दोनो व्यक्ति में धक्का मारकर मौके से टेम्पो लेकर चालक फरार हो गया। हादसे में एक व्यक्ति नहर की चाट में जा गिरा। जहां चाट में पानी रहने के कारण घायल व्यक्ति निकल नही पाया और पानी के अंदर ही दम तोड दिया। वही दूसरा घायल व्यक्ति अचेत अवस्था में रोड़ के किनारे पड़ा हुआ था।

जहां रास्ते से जा रहे कुछ राहगीरों ने दोनो व्यक्ति को इलाज के लिए गोड़ारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अस्पताल के डॉक्टरों ने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि करते हुए दूसरे व्यक्ति की इलाज जारी रखा। घायल व्यक्ति को बहता इलाज के लिए सासाराम रेफर किया गया है।सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति अभी खतरे से बाहर है ।वही स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच काराकाट पुलिस ने घटना के जायजा लिया और मौत हुए व्यक्ति का पोस्टमार्टम हेतु सासाराम भेज दिया गया।

# स्नातक पार्ट-थ्री परीक्षा के दूसरे दिन वीर कुंवर सिंह केंद्र पर हुई सघन जांच



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-थ्री परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रशासन दिखा सख्त। जिससे परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया। जबकि शहर में बने अन्य परीक्षा केंद्रों पर जारी परीक्षा केंद्र में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2791 वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्र पर ही है। जहां शनिवार को दोनों पालियों में साइंस और कला संकाय विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या सूची 1527 के साथ शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। हालांकि दूसरे दिन भी कोई परीक्षार्थी निष्कासित नही हुए, लेकिन अनुपस्थित जरूर रहें। वही संचालित परीक्षा में केंद्र पर सघन जांच को देखते हुए परीक्षार्थी में हड़कंप जरूर थी। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त स्नातक संचालित परीक्षा के दूसरे दिन भी परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ,गेस पेपर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक व चिट पुर्जे के खिलाफ मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर सघन जांच कर नकलची पर नकेल कसा गया। जो संचालित परीक्षा के निर्धारित तिथि तक यह अभियान जारी रहेंगी। वही परीक्षा दो पालियों में साइंस व कला संकाय विषयों के साथ परीक्षा निर्धारित समय पहली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे जबकि दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हो रही है।

# बिहार पुलिस के जवान छत से गिरकर घायल अस्पताल ले जाने के क्रम में तोड़ा दम

प्रात :किरण संवाददाता



नुआंव(कैमूर ) : बिहार पुलिस के जवान छुट्टी में पहुंचा घर छत से गिरकर घायल अस्पताल जाने के क्रम में तोड़ा दम। नुआंव थाना अंतर्गत जैतपुरा गांव निवासी स्वर्गीय शिवनारायण राम का पुत्र रामानुज राम जिसका जानकारी समाजिक कार्यकर्ता त्रिलोकी राम ने बताया कि सहरसा जिला अंतर्गत चिरैया कोट थाना में बिहार पुलिस के पद पर कार्यरत थे। 2 अप्रैल 2024 को छुट्टियां बिताने पहुंचे अपने पैतृक गांव जैतपुर जहां 4 अप्रैल 2024 को छत के छज्जे से गिरकर हुए घायल परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल रामगढ़ पहुंचाया गया जहां नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर किया ट्रामा सेंटर वाराणसी 5 अप्रैल को बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए डाक्टरों ने रेफर किया दिल्ली जहां बिच रास्ते में जवान ने तोड़ा दम परिजनों ने पार्थिव शरीर को ले पहुंचे अपने पैतृक गांव जैतपुरा नुआंव थाना प्रभारी रौशन कुमार ने कागजी प्रक्रिया को पूरा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल भभुआ पोस्टमार्टम के बाद जवान के शव को परिजनों को सौंपा परिजनों को रो रो कर हुआ बुरा हाल जानकारी मिलते ही प्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों का लगा तांता।

# ट्रैक्टर पलटा, ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदुर की हुई मौत



प्रात :किरण संवाददाता

कैमूरः सोनहन थाना क्षेत्र के हरला मोड़ के पास ट्रेक्टर से पशु का चारा बेचकर घर लौट रहा रहा मजदूर का ट्रैक्टर हरला मोड़ के पास पलटा गया। जहां ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि मृतक सोनहन थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी बगेदन नोनिया के 33 वर्षीय पुत्र अनिल नोनिया बताया जाता है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी का काम करता था जो पशु का चारा चैनपुर थाना क्षेत्र में बेचकर ट्रैक्टर से अपने घर के लिए लौट रहा था। तभी हरला मोड़ के पास ट्रैक्टर पलट गया, जिसके निचे दबने से उसकी मौत हो गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। जहां सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया,और उसके बाद सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों और पुलिस की मदद से शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने सरकारी मुआवजा की मांग किया है।

## मढौरा में महिला से अपराधियों ने 30 हजार छीना

प्रात :किरण संवाददाता

मढौरा ग्रामीण मिजार्पुर स्थित अंशु मेडिकल के समीप एक बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने एक महिला से 30 हजार रुपये के थैले को छीन लिया और फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर इस छिनतई कांड की प्राथमिकी दर्ज की और जरूरी कार्रवाई शुरू की है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पटेढ़ी जलाल निवासी कृष्णा राय की पत्नी सुमित्रा देवी मिजार्पुर पंजाब नेशनल बैंक से 30 हजार रुपया निकली थी। रुपया निकासी के बाद में वे वहां बाजार से कुछ जरूरी खरीददारी की जिसके बाद वे रुपये और पासबुक तथा आधार कार्ड आदि एक साथ प्लास्टिक के एक थैले में रखकर अपने घर की तरफ लौटने लगी इसी बीच जैसे ही वे मिजार्पुर अंशु मेडिकल के पास पहुची वैसे ही एक बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी पीछे से आये और इस महिला के हाथ से रपयो वाला प्लास्टिक का थैला झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस प्रथमिकी दर्ज झरने के बाद पहले क मामलों की तरह इसकी भी जरूरी जांच शुरू कर दी है।

# पारस एचएमआरआई में वर्ल्ड हेल्थ डे पर आर्ट ऑफ हेल्दी लिविंग पर कार्यक्रम आयोजित



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई में वर्ल्ड हेल्थ डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका थीम था आर्ट ऑफ हेल्दी लिविंग (स्वस्थ जीवन जीने की कला)। इस थीम पर बोलते हुए पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर इन्टर्नल मेडिसीन डॉ. बिकास सौरभ ने कहा कि आज के समय में हमारे अनियमित जिवन शैली के कारण बी.पी. शुगर आदि जैसे बीमारीयों से ग्रसित हो जाते हैं। इस से बचाव के लिए नियमित व्यायाम, योग, सन्तुलित भोजन और समय-समय पर बिमारी पता करने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट करवाते रहना चाहिए इन सब प्रयासों से बीमारी को दूर रख सकते हैं और समय रहते जल्दी बीमारी पकड़ कर समुचित इलाज भी करा सकते हैं।

चीफ डायटिशियन सुकृति कुमारी ने कहा कि हमारे बिहार में बहुत ऐसे व्यंजन हैं जिसको बीमारी में खाने से रोका जाता है जबकि उसका साइंटिफिक वैल्यू कुछ और होता है जैसे-सर्जरी में दूध-दही खाने से मना कर दिया जाता है। पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे तो इन दोनों खाद्य पदार्थ में मौजूद कैल्सियम और प्रोटिन घाव भरने में मदद करता है। इसी तरह भिंडी, कोहरा, बैंगन भी मना कर दिया जाता है जबकि इन सब में मिनरल और विटामिन भरपूर होता है। दही सर्दी-खांसी में मना कर दिया जाता है जबकि ताजा दही से नुकसान नहीं होता है। फल में संतरा, अंगूर, अमरूद आदि सर्दी-खांसी का कारक कहा जाता है जबकि इसका विटामिन सी हमें सर्दी से बचाता है।

कार्यक्रम को पारस एचएमआरआई के इंटरनल मेडिसीन सिनियर कंसल्टेंट डॉ. वी.के. ठाकुर, इंडोक्रायनोलॉजिस्ट डॉ. नीरज सिन्हा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नाजिया निगार और आईजीआईएमएस की डायटिशियन डॉ. पल्लवी सिंह ने भी विभिन्न उप-विषयों पर संबोधित किया।

पारस एचएमआरआई के यूनिट हेड डॉ. वैभव राज ने कहा कि स्वस्थ रहना बहुत हद तक अपने हाथ में है। बस थोड़ी सावधानी और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाने की जरूरत होती है। खानपान को लेकर समाज में बहुत सारी धारणाएं बाद में गलत साबित हुई हैं। इसलिए वैज्ञानिक एप्रोच ही सबसे बेहतर तरीका है।

पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉपोरेट अस्पताल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध है।

# आरा में छिनतई के दौरान छपरा निवासी युवक जख्मी

जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज



प्रात :किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के मुफस्सिल एवं बड़हरा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके के पैगा रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार की देर शाम छिनतई के दौरान छपरा निवासी एक युवक जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के दयाल चक गांव निवासी राम जीवन शाह का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है एवं वह पेशे से ऑटो चालक है। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा तफरी मच गई वहीं घटना की सूचना मिलते हैं कृष्णा नगर थानाध्यक्ष पवन कुमार एवं बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की छांव में जुट गए हैं। इधर राहुल कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी पत्नी को पहुंचने के लिए कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव अपने ससुराल आया था। शुक्रवार की देर शाम वह अपने साला के साथ पैगा गांव स्थित बगीचा घूमने के जा रहा था। जाने क्रम में वह दोनो पैगा तीन मोहान स्थित हनुमान मंदिर के पास बैठकर पानी पीने लगे। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां आए और उसे पिस्टल भिड़ा कर उन दोनो से मोबाइल और उसके पास रहे पैसे को छीन लिया। छिनतई के दौरान उनके बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद वह तीनों उन दोनों का मोबाइल व पैसा छीनकर भाग निकले। हाथापाई के दौरान वह जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी और जख्मी राहुल कुमार ने उक्त बाइक सवार तीनों हथियारबंद बदमाशों पर अपने मसाला का मोबाइल व उसके पास रहे दो हजार रुपए छिनने एवं उक्त बदमाशों द्वारा एक राउंड फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि जख्मी युवा के किस चीज से घायल हुआ है। इसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हो पाई है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## मशरक में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

मशरक (सारण) पाक महीना रमजान के मौके पर मशरक नगर पंचायत के तख्त टोला गांव में रंजन सोनी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ ही अन्य धर्मों के लोग शामिल हुए। आयोजित इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश और दुनिया में अमन की दुआ मांगी। इस मौके पर सूफी संत जौहर सफियाबाद ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम हिदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं।नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। मौके पर चन्द्रकेतु सिंह, पप्पू सिंह, डॉ पीके परमार,शुभनारायण सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 07 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### हवाई फायरिंग कर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

बेतिया(घनश्याम)। मनुआपुल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जोकहां ग्राम स्थित दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायरिंग कर भाग रहे दो लोगों को बसंत टोला ग्राम के पास धर दबोच लिया। तलाशी के क्रम में गिरफ्तार युवकों के पास से एक यूएस मेड पिस्टल एवं आठ जिंदा कारतूस बरामद किया है। उक्त जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ 1 विवेक दीप ने बताया कि गिरफ्तार युवक पप्पू मिश्रा 38 वर्ष पिता धमीकांत मिश्रा ग्राम जोकहां एवं भरपटिया मुसहरी टोला निवासी मुस्लिम अंसारी 40 वर्ष पिता लतीफ अंसारी बताया गया है। उन्होंने बताया कि पप्पू मिश्रा के पास से एक पिस्टल एवं मैगजीन में रखें पांच जिंदा कारतूस तथा मुस्लिम अंसारी के पास से तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है और दो मोबाइल तथा एक नेक्सन कार रजिस्ट्रेशन नंबर इफ22इ31430 जप्त किया गया है । छापामारी टीम में मनुआपुल थाना अध्यक्ष नरेश कुमार दरोगा सत्येंद्र कुमार आदि शामिल थे।

### पुलिस ने तमंचा के साथ एक युवक को पकड़ा, की जा रही है पूछताछ

शेरघाटी। हथियार दिखाकर शादी के नियत से आया युवक को ग्रामीण एवं घर के परिजनों ने दबोचा घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के दरियापुर की है, जहां गया जिले के बेला थाना अंतर्गत के रहने वाला रोहित कुमार नामक युवा ने दरियापुर में एक युवती के प्यार के चक्कर में पडकर उसके घर पहुच गया और परिजनों को हथियार दिखाकर शादी करने का भय बना रहा था। तभी मौजूद ग्रामीणों ने युवक को धर दबोचा और पुलिस को सौंप दी वही ग्रामीणों ने युवक को पुलिस को सौंपते हुए एक तमंचा भी दिया है, इसमें ग्रामीणों ने कहा कि युवक हथियार दिखाकर शादी करने का भय परिजनों से बना रहा था, तभी हल्ला हंगामा सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और उसे पड़कर पुलिस को सौंप दिया है, इधर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### चुनाव को ले 10 अप्रैल को मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया जाएगा गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार में सभी मास्टर ट्रेनर को 08, 09 एव 10 अप्रैल को पी1, पी2, पी3 के चलने वाले द्वितीय प्रशिक्षण के लिये ठीक तरीके से संचालन करवाने को कहा है। ताकि मतदान के दौरान त्रुटिरहित कार्यो को निष्पक्ष रूप से सम्पन्न करवा सके। सभी कर्मियों को ईवीएम का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करवा लें। आपस मे बी यू, सी यू और विविपैट को कैसे जोड़ना है, इसका भी पूरी तरह समझ ले। डीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान मास्टर ट्रेनर की बहुत बड़ी रोल होती है। मास्टर ट्रेनर वह श्रेणी है कि उनकी भागीदारी काफी अहम रहती है। हर चुनाव में आपकी अनुभवों को आधार पर आपकी भागीदारी ली जाती है। उन्होंने कहा कि काफी खुशी की बात है कि आप सभी मास्टर ट्रेनर काफी अच्छे तरीके से वरीय अधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व से ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि आप सभी अपने डिस्पैच सेंटर से सीधे संबंधित मतदान केंद्र या कलेक्टर सेंटर पर ही जाएंगे। अपने क्षेत्र के पोलिंग एजेंट की पूरी जानकारी रखना सुनिश्चित करेंगे 90 मिनट के अंदर हर हाल में मॉक पोल कराना आवश्यक है। मतदान कर्मियों के लिए नहीं भूलने वाली बातेंडिस्पैच सेन्टर से ई०वी०एम०, वी०वी० पैट और मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद वाहन कोषांग से उपलब्ध कराए गए वाहन के माध्यम से सीधे या तो संबंधित मतदान केन्द्र पर जाना है, या डिस्पैच सेन्टर पर यदि कोई क्लस्टर के संबंध में सूचना दी जाती है, तो क्लस्टर पर जाना है। संबंधित मतदान केन्द्र या क्लस्टर के अतिरिक्त कहीं अन्यत्र रूकना, ठहरना, विश्राम करना, चाय, नाश्ता आदि करना पूरी तरह से मना है ।मतदान के 90 मिनट पहले मॉक पोल शुरू करना अनिवार्य है ।मॉक पोल के बाद क्लोज रिसल्ट क्लीयर करना जरूरी है। मॉक पोल की पर्ची भी भीपीएटी से निकालना है। प्रथम मतदान कर्मी, प्रथम मतदाता का नाम 17ए में अंकित करने के पहले सी उ को चेक करेंगे। पोल क्लोज करने के बाद भी भीपीएटी की बैटरी को निकाल लेना है और बैटरी को अलग से रिसिविंग केन्द्र पर जमा करवाना है ।मतदान अभिकर्ता सामान्यतः उसी बूथ या बगल के बूथ के वोटर होंगे। अधिक से अधिक उसी विधान सभा के वोटर को मतदान अभिकर्त्ता बनाया जा सकता है ।जिन मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग होगी, उस मतदान केन्द्र की गतिविधियों की आवाज भी वेबकास्टिंग के माध्यम से हर जगह निर्वाचन आयोग तक सुनी जा सकेगी। भी भीपीएटी को न तो सीधी रौशनी के नीचे रखें, न खुली खिड़की के पास रखें ।डिस्पैच सेन्टर से लेते समय भी भीपीएटी को ऑन करके चेक नहीं करना है।

# डीएम ने लोस चुनाव को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

- भीषण गर्मी व लू से निपटने के लिए प्रत्येक बूथ पर होंगे स्वास्थ्य कर्मी
- सभी मतदान केन्द्रों पर शौचालय व पेयजल की व्यवस्था



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। आगामी लोक सभा चुनाव हेतु स्वीप गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई एवं जिला पदाधिकारी द्वारा कतिपय निदेश दिये गये। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, अरवल को निदेशित किया गया कि आँगनवाडी सेविकाओं को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का निदेश दें, ताकि आमजनों को यह पता चल सके कि मतदान की तिथि 01 जून, 2024 है। इसी प्रकार स्वीप से संबंधित बैनर / फ्लैक्स बोर्ड जिले के प्रमुख स्थानों को चिन्हित करते हुए संस्थापित कराने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा सिविल सर्जन, अरवल को निदेशित किया गया कि वह अपने जाँच पूर्जा पर भी स्वीप संबंधित लोगो एवं मतदान की तिथि अंकित कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग, अरवल को निदेशित किया गया कि स्कूली बच्चों को जागरूक करें एवं यह सुनिश्चित करें कि मतदान का संदेश उनके घर तक पहुँचे। इस हेतु विद्यालयों में विभिन्न गतिविधि यथा निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि कराने का निदेश दिया गया। जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, अरवल को निदेशित किया गया कि वह जीविका दीदीयों को गृह भ्रमण करने हेतु निदेशित करें एवं मतदान की तिथि (01 जून) का संदेश लोगों के बीच फैलायें। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरवल को सेल्फी प्वाईट बनवाने हेतु निदेशित किया गया। अरवल जिले में मतदान की तिथि 01 जून है इस दौरान काफी गर्मी पड़ने की प्रबल संभावना है। अतः भीषण गर्मी एवं लू से निपटने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, को निदेशित किया गया कि प्रत्येक बूथ पर स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध रहेंगे ताकि किसी भी असहज स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर शेड की व्यवस्था की जाय, ताकि पंक्ति में लगे मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की पंक्ति के प्रबंधन हेतु वॉलेन्टियर्स को चिन्हित करने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश शिक्षा विभाग को दिया गया।

### अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद का बैठक आयोजित

करपी, अरवल। अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद जिला इकाई अरवल के तत्वाधान में जिले के करपी प्रखंड अंतर्गत ग्राम नादी मे बैठक आयोजित किया गया, बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष अजय पासवान ने किया। इस दौरान संगठन का विस्तार एवं आरक्षण से संबंधित संविधान बचाओ उद्देश्य के साथ आने को बिंदुओं पर बात करते हुए निर्णय लिया गया कि संविधान को कैसे बचाया जाए। अखिलेश पासवान ने अपने विचार देते हुए कहा की अगर संविधान बचाना है तो हमें वैसे पार्टी को वोट देना होगा जो हमारे हक की लड़ाई लड़ता हो न की किस संविधान मिटाने की बात करता हो। अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने अपना विचार रखा। जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद अखिलेश कुमार दीनानाथ पासवान अलख पासवान सभी ने अपना-अपना विचार दिए

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसके अन्तर्गत शहरी पीएचसी जमादार टोला, कोतवाली चौक वार्ड नंबर 13 के हुगली महिला आयोग समिति के सदस्यों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें चार महिला आरोग्य समिति से 23 महिला सदस्यों की जांच की गई ।पीएसआई इंडिया के जिला समन्वयक प्रताप कोशयारी ने बताया की राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में प्रत्येक 200 से 250 मालिन बस्ती की आबादी पर 10 से 15 सदस्यों वाले एक महिला आयोग समिति का गठन करने का प्रावधान है जो कि समुदाय के स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं , पीएसआई इंडिया के सहयोग से समुदाय एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के बीच आपसी समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सारे सदस्यों का त्रैमासिक अंतराल पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रशिक्षण किया जाएगा। वहीं शिविर में महिलाओं को प्रसव पूर्व परीक्षण, परिवार नियोजन टीकाकरण, मासिक धर्म की साफ सफाई, रक्तचाप, मधुमेह आदि विषयों पर उचित परामर्श स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दिया गया ।उन्होंने बताया की जिले में अब तक 123 सदस्यों का परीक्षण किया जा चुका है ।मौके पर कई आशा कार्यकर्त्ता मौजूद थीं।

गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन करना आवश्यक है : जिले के डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन करना बेहद आवश्यक है ।इस समय में देखा जाता है की कई महिलाए खान पान की गड़बड़ी के कारण एनीमिया का शिकार हो जाती है ऐसे में महिलाएं खान-पान में सजगता बरतकर इस घातक बीमारी से मुक्ति पा सकती हैं। डॉ सोनाली गुप्ता ने बताया की एनीमिया की शिकार महिलाओं में इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। खून की कमी दूर करने को संतरा, व एक गिलास नींबू पानी प्रतिदिन सेवन लाभकारी होता है। इसके अलावा पालक, सरसों आदि पत्तेदार हरी सब्जियों को भोजन में शामिल करने से स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## ईद पर्व एवं रामननमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



- विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन रहेगा अलर्ट

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल ।ब समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील की संयुक्त अध्यक्षता में ईद पर्व एवं रामननमी पर्व को लेकर शांति समिति एवं विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक आहूत की गई। ईद को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी पदाधिकारी एवं सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों में निरीक्षण करने एवं विधि व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण स्थिति को सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि पुलिस प्रशासन अलर्ट रहे, छोटे-छोटे बातों को लेकर साम्प्रदायिक विवाद होने की संभावना हो तो ऐसे स्थानों पर शीघ्र ही शांति समिति की बैठक करें। अपने अपने क्षेत्रों के अंतर्गत सभी पदाधिकारी तत्पर रहे। अशांति फैलाने वालों पर पैनी नजर रखा जाय। जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को जानकारी दी कि महत्वपूर्ण स्थलों पर रैपिड एक्शन टीम तैनात रहेगी। सभी अस्पताल के कर्मी भी तैयारी मोढ में रहेंगे। क्विक रिस्पांस टीमों का भी गठन किया गया है। प्रशासन पूरी तरह सजग रहेगा। पुलिस द्वारा मद्य निषेध के साथ इनके सेवन पर भी प्रभावी रोक लगाने का प्रयास किया जाए, ताकि नशे के शिकार असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल न बिगाड़ा जाए। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़कों पर नमाज अदा नहीं किया जायेगा। ईद की नमाज के दौरान राभी मरिजदों एवं ईदगाहों के पारा अतिरिक्त रातर्कता बरती जाएगी एवं दडाधिकारी भ्रमणशील रहकर सारी स्थिति पर नजर रखेंगे। जिससे कि आपसी टकराव की संभावना क्षीण हो सके। सभी नमाज स्थल / ईदगाह पर पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। उपस्थित सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई कि कहीं भी किसी स्तर पर विधि व्यवस्था की समस्या जिले में अबतक नहीं हुई है। अरवल जिला साम्प्रदायिक सौहार्द की हमेशा एक मिसाल पेश करता रहा है, यहीं हिन्दू व मुस्लिम भाईचारे के साथ रहते है व एक दूसरे का त्योहारों का सम्मान करते है। ईद पर्व जिले में शांति सद्भाव एवं भाईचारा के माहौल में मनाते आ रहे है तथा उसी माहौल में मनाया जायेगा। बैठक में जिला नगर परिषद अध्यक्षा, आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जन सपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## शैक्षणिक परिभ्रमण से लौटा छात्र-छात्राओं का दल

प्रात : किरण संवाददाता

करपी, अरवल। मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत एक दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए गए प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू रामेश्वर उच्च विद्यालय, बम्भई के छात्र-छात्राओं का दल गुरुवार की देर शाम सकुशल लौट आया। स्कूल के कुल 58 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षिक भ्रमण पर बीते दिन(सुबह में) ऐतिहासिक महत्व का स्थल सासाराम गया था। छात्र-छात्राओं ने आज विद्यालय पहुंचने पर अन्य विद्यार्थियों के साथ जानकारी साझा की और कहा कि उनका भ्रमण काफी यादगार व ज्ञानवर्धक रहा। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक परवेज अहमद अंसारी ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से बच्चों को ऐतिहासिक व भौगोलिक स्थलों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान हासिल होता है। बताते चलें कि बच्चों को सुरक्षित तरीके से महान मुस्लिम शासक शेरशाह का ऐतिहासिक मकबरा (पानी रौजा), तुतला भवानी वाटर फॉल, रोहतास गढ़ का किला, ताराचंडी इत्यादि विभिन्न दर्शनीय स्थानों का दर्शन कराने तथा उनके ऐतिहासिक महत्त्व के बारे में बताने के लिए शिक्षक डॉ० ज्योति कुमार, राकेश रंजन, अक्षय कुमार, मुकुल राज, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, सत्यनारायण कुमार, श्याम सिंह, सुश्री जया कुमारी(शिक्षिका), रणविजय शर्मा को छात्र-छात्राओं के साथ रवाना किया गया था। भ्रमण कर लौटे छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है।

## कार से 15 किलो गांजा बराम तस्कर एवं कार चालक फरार

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। गुप्त सूचना के आधार पर साठी पुलिस ने छापामारी कर एक कार से 15 किलो गांजा बरामद किया और मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को जप्त कर लिया जबकि तस्कर एवं कार चालक भागने में सफल रहे । उक्त जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ 1 विवेक दीप ने बताया कि साठी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तस्कर चार पहिया वाहन से परसौनी के रास्ते सोमगढ़ गांव स्थित गांजा कि एक खेप लाने वाले हैं । सूचना के आलोक में साठी थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी करने का निर्देश दिया गया ।

# आईआईएम बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।आईआईएम बोधगया में एमबीए 08 बैच के दीक्षांत समारोह का हो रहा भव्य आयोजन जिसके विशिष्ट अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रहेंगे। उपराष्ट्रपति के साथ डॉ. सुदेश धनखड़, बिहार राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर एवं आईआईएम बोधगया के चेयरपर्सन श्री उदय कोटक भी दीक्षांत समारोह में उपस्थित रह कर उसे शोभायमान करेंगे। कार्यक्रम 7 अप्रैल की दोपहर उपराष्ट्रपति एवं डॉ. सुदेश धनखड़ द्वारा आईआईएम बोधगया में पौधरोपण के साथ शुरू होगा, तत्पश्चात उपस्थित सभी द्वारा राष्ट्रगान गाये जाने के बाद उदय कोटक दीक्षांत समारोह को जीवंत करेंगे। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना पश्चात उपराष्ट्रपति के स्वागत में भाषण के बाद आईआईएम बोधगया निदेशक डॉ. विनीता एस सहाय संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पर प्रकाश डालेंगी। निदेशक के निर्देशन में शपथ ग्रहण के बाद एमबीए 08 बैच के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उपराष्ट्रपति द्वारा मेडल्स एवं डिग्री प्रदान की जाएगी।266 छात्रों के अब तक के



सबसे बड़े बैच, एमबीए 08 के प्लेसमेंट के लिए, संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों में फैली 120 प्रतिष्ठित कंपनियों की रिकॉर्ड-तोड़ भागीदारी देखी गई है। चुनौतीपूर्ण बाजार के बावजूद, बैच के लिए औसत पैकेज 14 एलपीए रहा। वहीं यह उल्लेखनीय है कि, शीर्ष 25, 50 और 75 प्रतिशत के लिए औसत डोमेस्टिक पैकेज क्रमशः 18.2, 16.6 और 15.2 एलपीए रहे हैं। बीएफएसआई, एफएमसीजी, आईटीईएस, इकॉमर्स, एजुकेशन, मैन्युफैक्चरिंग एंड लोजिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों से इस बार अलुडेकोर, भारती एयरटेल सर्विसेज, बेनक्यू इंडिया, कॉफी डे बेवरेजेज, डीपी जैन, डीएस ग्रुप, ईजमायट्रिप, जीएमआर ग्रुप, इंडस टावर्स लिमिटेड, आईएफबी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जियो-बीपी, कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड, रीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रॉयल एनफील्ड, शतकीगढ़ टेक्सटाइल एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, ट्राइडेंट ग्रुप इंडिया, टाटा पावर, टाटा प्रोजेक्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सेंचर, एक्यूइटी लैब्स, ब्रैन एंटरप्राइजेज, कॉग्निजेंट, क्लिक2क्लाउड इंक., बैंस होल्डिंग्स, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एक्सिस बैंक, बीएनवाई मेलॉन, कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड, फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, एचएसबीसी, आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल रही है। छात्रों को सम्मानित करने के बाद राज्यपाल द्वारा भाषण के बाद उपराष्ट्रपति उपस्थित सभी को सम्बोधित करेंगे। पुनः राष्ट्रगान पश्चात भारत के उपराष्ट्रपति के संस्थान से प्रस्थान के बाद भी कार्यक्रम जीवंत रहेगा एवं एमबीए 08 के सभी मेधावी छात्रों को संस्थान द्वारा डिग्री प्रदान करते हुए सम्मानित किया जायेगा।

### एक हजार लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद

गया। मदाक द्रव्यों एवं शराब कारोबारीयों पर रोकथाम हेतु उत्पाद थाना शेरघाटी गया में प्रतिनियुक्त निरीक्षक प्रभात विद्यार्थी, सहायक अवर निरीक्षक, रंजीत कुमार, समसाद हुसैन बिक्की कुमार मो० हाबिल मद्यनिषेध सिपाही मोहित कुमार एवं गृह रक्षकों के साथ विभागीय वाहन द्वारा मोहनपुर थानान्तर्गत हरियाडाग मोड़ में छापामारी की गई है। छापामारी के क्रम में दो बलेरो वाहन जिसका पंजीयन संख्या 1. खल्173-0899 की तलासी लेने पर पिछे वाले सिट के उपर तथा बीच वाले सिट के उपर तथा निचे उजले रंग के प्लास्टिक के बोरे में 05 लीटर क्षमता वाले 200 रंगहीन प्लास्टिक के पॉलीथीन में कुल 1000 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुआ। तथा 2. पंजीयन संख्या ठक्छछ की तलासी लेने पर पिछे वाले सिट के उपर तथा बीच वाले सिट के उपर तथा निचे उजले रंग के प्लास्टिक के बोरे में 05 लीटर क्षमता वाले 200 रंगहीन प्लास्टिक के पॉलीथीन में कुल 1000 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुआ है। एवं 3. मोटरसाईकिल हिरो पैशन प्रो जिसका पंजीयन संख्या इफ02अह-4704 के सीट पर उजले रंग के पलास्टि के बोरे में लगभग 50 ली० अवैध चुलाई शराब बरामद हुआ है ।एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। जिसका नाम उदेश्य कुमार पिता स्व० रामदेव यादव सा० टेगैनी थाना गुरपा जिला गया उम्र 27 वर्ष है।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया एसएसपी के निर्देश पर गया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच रोको टोको अभियान चलाया गया। इस दौरान रोको टोको वाहन चेकिंग अभियान में कुल 245 वाहनों का चेकिंग किया गया, जिससे 3,24,500/- रूपया का चालान काटा गया है। इसकी जानकारी गया के एसएससी आशीष भारती ने प्रेस रिलीज जारी कर की है। एसएसपी



आशीष भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए गया जिले के सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सघन वाहन जांच रोको टोको अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद सभी थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच रोको टोको अभियान चला कर कुल 245 वाहनों से 3,24,500/- रूपया का चालान काटा गया है। इस दौरान सतर्क होकर वाहन को चलाने का सलाह दिया गया है।

## दो बहनों को विदाई सामग्री देकर कन्या विवाह विकास सोसायटी ने किया विदाई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गरीब की बेटियों के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाइटी की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय के जोबरइया मोहल्ला गांव में जरूरतमंद सुनील कुमार बिंद की पुत्री व उंचरी मोहल्ला निवासी रामजी राम की पुत्री को विवाह सामग्री दिया गया है। सोसाइटी के जिला प्रबंधक बबन उर्फ अयूब खान ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार में हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। अब यह संस्था छत्तीसगढ़ व महानगर मुंबई में भी जागरूक करने का कार्य शुरू कर दी है। बहुत जल्द महानगर के मुंबई में भी सामुहिक विवाह कराकर अपने गरीब बहनों का डोली सजाने का कार्य करेगा।

# सरकारी राशि गबन के मामले में फंसे मैनाटांड के पूर्व मुखिया अशोक राम व दुकानदार

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)। मैनाटांड पंचायत में बने पंचायत सरकार भवन की राशि गबन करने के आरोप में पूर्व मुखिया व दुकानदार पर पंचायत सचिव ने किया प्राथमिकी दर्ज. पंचायत सचिव रामजी साह कोर्ट में केस दर्ज कराया की वित्तीय वर्ष 2020-21 के योजना संख्या एक के तहत बना मैनाटांड पंचायत सरकार भवन जो एक करोड़ 36 लाख की लागत से बनाया गया है. भवन की सामग्री के लिए मैनाटांड निवासी रंजित पटेल का दुकान अम्बे ट्रेडर्स चयनित किया गया था. सामग्री के लिए चेक दिया गया था. चेक से राशि निकालने के बाद 6 लाख 46 हजार की ना सामग्री आया नहीं पैसा वापस किया गया. दुकानदार और पूर्व मुखिया अशोक कुमार राम ने मिलकर 6 लाख 46 हजार रुपए गबन कर लिया. पंचायत सचिव ने यह भी आवेदन में लिखा था कि पैसा मांगने पर दोनों ने गाली-गलौज करते है और जान से मारने की धमकी भी देते है. थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया की कोर्ट परिवाद में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. थाना क्षेत्र के मैनाटांड निवासी पूर्व मुखिया अशोक कुमार राम व अम्बे ट्रेडर्स के ऑनर रंजित कुमार पटेल दोनों कर मामले की जांच कर अग्रसर कार्यवाही की जायेगी।

## निर्वाचन के सभी कार्य महत्वपूर्ण, किसी भी कार्य को हल्के में नहीं ले पदाधिकारी : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भवन के सभागार में लोक सभा निर्वाचन-2024 के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर जिला के सभी प्रखण्ड विकास पवाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से फिल्ड में चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि कौन सी कार्य किस समय करनी है इसका पूरा डीटेल्स दिया गया है जो बिल्कुल स्पष्ट रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 03-पूर्वी चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 04-शिवहर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी, जिस दिन से नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिला करने की अंतिम तिथि 06.05.2024 निर्धारित है। 07 मई को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र का कोई भी कॉलम अपूर्ण या बिना भरा हुआ नही होना चाहिए। अगर कोई कॉलम अपूर्ण है तो तुरंत संबंधित उम्मीदवार को सूचना देनी होगी और समीक्षा की तिथि के पहले अगर इसे पूर्ण नहीं कराया गया है तो नामांकन रद्द करनी होती है। जो पदाधिकारी नामांकन सेल में हैं, इसकी पूर्ण तैयारी कर लेंगे। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 09.05.2024 निर्धारित है। इसके तुरंत बाद प्रपत्र 7 ए में अभ्यर्थी सूची बनेगी। इसमे कोई भी चूक नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रपत्र 7 ए तैयार होने के साथ ही पोस्टल बैलट के लिए प्रपत्र 12-डी में आवेदन प्राप्त किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि अधिसूचना जारी होने के पाँच दिन बाद अर्थात 03.05.2024 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में प्रपत्र 12-डी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य नामांकन की अंतिम तिथि अर्थात 06.05.2024 तक किया जाएगा।

## अभिकर्ता विष्णु के नहीं रहते हुए भी कैसे होता है उनके एजेन्सी कोर्ड पर फिक्स डिपोजिट का कार्य

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया (प.च) कलेक्ट्रेट कैम्पस में कथित युगाड़ टेक्नॉलोजी के तहत संचालित राष्ट्रीय बचत कार्यालय द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता विष्णु कुमार कौन हैं देव या मानव ? यह प्रधान डाकघर सहित जिले के विभिन्न डाकघरों से जुड़े अभिकताओं में चर्चा का विषय बना हुआ है। बिहार राज्य राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ शाखा पश्चिम चम्पारण के अध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव सचिव कुमार नृपेन्द्र, उपाध्यक्ष महेश प्रसाद, शशि देवी, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष विनोद सोनकर, वरीय अभिकर्ता उमाशंकर पंडित, सुमन वर्मा आदि कि मानें तो विष्णु कुमार नामक अभिकर्ता को एजेन्सी लेने की तिथि से अब तक प्रधान डाकघर परिसर में हमलोगों में से किसी ने आत-जाते नहीं देखा है। फिर भी उसके एजेन्सी कोर्ड पर नियमित फिक्स डिपोजिट होता है। शायद हीं कोई ऐसा हों जिस दिन उक्त एजेंट के कोर्ड पर कार्य नहीं होता है। जबकि राष्ट्रीय बचत संस्थान भारत सरकार राष्ट्रीय बचत अभिकताओं को एजेंट के रूप में डोर टू डोर जाकर लोगों को बचत करने की आदत डालने के लिए जिला बचत पदाधिकारी के हस्ताक्षर से एजेन्सी दी गयी ताकि वे लोग राष्ट्रीय बचत संस्थान भारत द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करे। साथ हीं निवेशकों को जागृत कर उनसे प्राप्त रकम को संबंधित डाकघर में जमा कराकर उनके कागजात को उनके घर जाकर दे दें। ज्यादातर अभिकर्ता तो इस कार्य को नियमानुसार कर रहे हैं। जिन्हें डाकघर से लेकर निवेशक के घर आने- जाने में तरह -तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन डाककर्मियों की कृपा पर कार्य करनेवाले अभिकताओं की चांदी कट रही है। यहा तक कि वो आये या नहीं आये उसके कोर्ड पर कार्य हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई किट का किया गया वितरण

बरियारपुर(मुंगेर)। सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी मंडल टोला रहिया मे 91 छात्र-छात्राओं के बीच पढाई कीट वितरण किया गया।प्रथम वर्ग के 28 द्वितीय वर्ग के 30 तृतीय वर्ग के 33 बच्चों के बीच पढाई कीट का वितरण किया गया वही चतुर्थ व पंचम वर्ग के बच्चों के लिये एफ एल एम कीट विद्यालय को उपलब्ध किया गया है इस सम्बन्ध मे पुछने पर विद्यालय के प्रभारी प्रध्यानाधिपिका निशा चन्द्र ने कहा वर्ग चार एवम पॉच के लिये जो सामग्री प्राप्त हुआ है खेल के बाद विद्यालय मे सुरक्षित रखने के प्रावधान है।

### एक शराबी गिरफ्तार

हवेली खडगपुर (मुंगेर)।श्यामपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बाजार से एक शराबी को गिरफ्तार कर आई जेल भेज दिया उपायुक्त बातों की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस की गलती टीम की जांच के दौरान श्यामपुर बाजार से अग्रहण गांव निवासी दिनेश कुमार राम का पुत्र प्रवीण कुमार को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### प्रधानाध्यापक ने बीईओ पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

गया।जिले के कोंच प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर (उत्तरी) के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने कोंच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर मनमानी और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसे लेकर आज प्रधानाध्यापक नवीन कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी, अपर मुख्य सचिव बिहार, जिला पदाधिकारी को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है. इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर (उत्तरी) के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने बताया कि 21 मार्च 2024 को उपनिदेशक उप शिक्षा विभाग बिहार सरकार पटना के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था. उस दिन हम अवकाश पर थे, जिसकी सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोंच को भी थी. उस तिथि को अवकाश पर रहने के बीच भी मुझे 5 अप्रैल 2024 को पंचायत सचिव के द्वारा मुझे निलंबन का एक पत्र हस्तगत कराया गया है वहीं, बीईओ कोंच और उनके कथित बिचौलिए के द्वारा प्राथमिक विद्यालय बड़गांव एचटी के शिक्षक चंचल कुमार को हमारे सूचना पंजी में लिखकर योगदान कराया जाता है, वह भी प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर (उत्तरी) को प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर दक्षिणी दशार्या गया। प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने कहा है कि निलंबन से पहले नियमानुसार स्पष्टीकरण की मांगा किया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं किया और और निलंबन का पत्र हस्तगत कराया गया, जो कहीं से भी जायज नहीं है. इसमें स्पष्ट है कि बीईओ अपने कथित बिचौलियों के साथ मिलकर मनमानी कर रहे हैं।प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उत्तरी कोंच प्रखंड के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोंच पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं।उन्होंने कहा है कि हमारे प्रखंड में 153 विद्यालय हैं, जिसमें से कुछ विद्यालय को छोड़कर बाकी विद्यालयों से 5 हजार प्रतिमाह वसूला जाता है और उन विद्यालयों की जांच नहीं की जाती है. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोंच एवं उनके कथित बिचौलियों को पैसे की भूख इस कदर बढ़ी हुई है, कि उन्हें अच्छे गलत भी नहीं सूझता और कोई भी हथकंडा कर रहे हैं. आरोप लगाया कि हमसे भी 10 हजार की अवैध मांग की गई थी, नहीं दिए तो की जबरदस्ती निरीक्षण पदाधिकारी को विद्यालय में घुमाया जाता है. निरीक्षण पदाधिकारी के समक्ष ग्रामीणों ने बीईओ के बारे में बताया कि वह पैसे लेकर काम करते हैं।प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने जिला पदाधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है, कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और मुझे आरोप मुक्त करते हुए दोषियों पर कार्रवाई किया जाए. वही, इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क साधा गया, लेकिन उनकी ओर से मोबाइल रिसीव नहीं किया गया है।

# भविष्य के साथ प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने किया खिलवाड़: छात्र

- विद्यालय के नामांकित 73 छात्र छात्राओं का नही कराया रजिस्ट्रेशन
- रजिस्ट्रेशन फी लेने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा नहीं कराया छात्राओं का रजिस्ट्रेशन
- बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावकों के बीच बना दिखा आक्रोशित माहौल



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला के पीरपैंती प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय धनपाल टोला के प्रांगण में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक विद्यालय के नामांकित कुल 73 छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किये जाने का आरोप लगते हुए छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंटू कुमार और शिक्षक जितेन्द्र कुमार के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन करने का मामला सामने आया है। वही मामले को लेकर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय पहुंच लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने हम छात्र छात्राओं से रजिस्ट्रेशन के एवज में निर्धारित शुल्क के तहत पैसा लेने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा रजिस्ट्रेशन नही किया गया है, जिसके कारण हम छात्र छात्राओं का वर्तमान समय में निर्धारित परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। मामले को लेकर आपको बता दे कि विद्यालय के प्रधानध्याक द्वारा कुल 73 नामांकित छात्राओं के साथ रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसा गवन किये जाने का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद से विद्यालय के नामांकित छात्र छात्राओं के बीच में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बलदेव ठाकुर ने कहा है कि जो भी शिक्षक इस तरह से बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है वैसे सभी विद्यालय के शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी, साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात कर सभी नामांकित छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन करवाया जायेगा। वही बच्चो ने एक स्वर में प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग करते हुए उज्वल भविष्य की कामना के साथ रजिस्ट्रेशन करने का मांग की गई है। ताकि विद्यालय के सभी छात्रों का साल बरबाद ना हो सकें। वही उक्त मामले को लेकर छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुनेश कुमार ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके लिए हमलोग प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देकर संबंधित विद्यालय के प्राध्यापकों व शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग रखे जाने की बात कही है, साथ ही उन्होंने कहा कि हमलोग छात्र के हित हमेशा खड़े है, जरूरत पड़ी तो छात्राओं के भविष्य को लेकर सड़क पर उतरने के साथ आंदोलन करने को बाध्य हो जायेगें। अन्यथा विद्यालय के गलत कार्य निति को सुदृढ़ करने के साथ छात्राओं के भविष्य के मद्देनजर शिक्षा विभाग त्वरित कार्रवाई करें।

### चुनाव को लेकर पुलिस ने किया छापेमारी

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपराध नियंत्रण एवं क्षेत्र में सुरक्षा को दुरुस्त करने और शांति व्यवस्था को लेकर सोमवार को एसपी के निर्देश पर प्रशिक्षण डीएसपी सा थाना अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में एसएसबी जवानों के साथ थाना क्षेत्र के दर्जनों संवेदनशील जगहों पर छापामारी किया गया प्रशिक्षण डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान इलाके के लोगों से बातचीत भी की गई किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर पुलिस को तुरंत सूचित करने को कहा गया है इलाके में शांतिपूर्ण चुनाव हो इसके लिए फरार अपराधियों को की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है वहीं पुलिस जेल से छूट अपराधियों पर भी नजर रखी रख रही है मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कारण कारण साथ ही कहा कि कहा गया कि मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखें ताकि शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न हो सके

# महादलित परिवार ने लोकसभा चुनाव में मतदान का करेंगे बहिष्कार



- अंचल अधिकारी पर लगाया मनमानी करने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

बारियापुर (मुंगेर)।करहरिया पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 07 में दास टोला के महादलित परिवारों ने अंचल अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए मतदान बहिष्कार करने का आवेदन मुंगेर जिला अधिकारी को दिया है । महादलित परिवार के सदस्य सदानंद दास रंजीत दास दिलीप दास सुनील कुमार दास छट्ठु दास रीता देवी निशा देवी अरुणा देवी सरिता देवी सहित अन्य हस्ताक्षरित जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन के बारे में बताते हुए कहा कि दास टोला में महादलित के लिए बिहार महादलित विकास मिशन से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना था जिसके लिए सरकारी जमीन मौजा करहरिया थाना 27 खाता 327 खेसरा 1372 खतियानी रकवा 56 डिसमिल का आवेदन अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए हम महादलित परिवारों के द्वारा अंचल अधिकारी को आवेदन दिया गया लेकिन अंचल अधिकारी के मनमानी एवं भेद भाव करते हुए जमीन बदलकर गड्ढे वाला जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया। जो कि सामुदायिक भवन निर्माण होने से वंचित रह गया इसलिए हम सभी महादलित परिवार अपना मत नहीं देने का निर्णय लिया है हम लोग 400 मतदाता हैं मतदान नहीं देने की सारी जवाबदेही अंचलाधिकारी बरियारपुर कि होगी क्योंकि जमीन बदल देने से भवन का कार्य बाधित हुआ है

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्र की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

- 13 वर्षीय किशोर छात्र को ट्रैक्टर चालक ने रौंद उतारा मौत के घाट

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । पुलिस जिला के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 नंबर मुख्य सड़क पर नवगछिया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से एक बच्चे की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि तेजी व लापरवाही से टैक्टर चालक ने स्थानीय इलाके के एक तेरह वर्षीय छात्र को ट्रैक्टर ट्राली के चक्के के निचे आ गया जिससे कुचल कर उक्त छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना को देखते हुए आनन फानन में स्थानीय लोगों व परिवार के लोगो द्वारा त्वरित इलाज के लिए गम्भीर व जख्मी हालत में अनुमंडल अस्पताल लेजाया गया । जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने की बात जान पूरे परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया था। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सूरज कुमार प्रत्येक दिन की तरह सुबह अपने घर पोखरिया से चपरघट स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने गया था, लेकिन उसे लौटते समय सुबह लगभग साढ़े सात बजे के आसपास नवगछिया की ओर से आ रहे हैं ट्रैक्टर चालक ने धक्का मार मौके पर मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना में मृतक छात्र चक्के के नीचे गिर गया और पिछला चक्का उसके शरीर पर पूरा चढ़ चुका था। जिसे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मौत के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक सूरज के पिता दिल्ली में मजदूरी करता है, मृतक छात्र अपने परिवार में तीन भाई-बहन में से बड़ा था। वह परिवार के बच्चों के बीच पढ़ने में काफी तेज व मेधावी था। घटना के बाद मां ललिता देवी एवं दादा का रो रोकर हाल बुरा था। घटना को लेकर स्थानीय गांव के सरपंच सुबोध यादव ने बताया कि हम लोगों ने जैसे ही घटना की सूचना हुई थी त्वरित मौके पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जप्त कर लिया और घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। घटना के बाद से मृतक के घर परिवार सहित गांव इलाके में मातम का माहौल छाया हुआ है।

# चौबीस वर्षीय युवक की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) ।गोपालपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत बड़ी मकनपुर के गुणेश्वर शर्मा के एक विक्षिप्त 24 बर्षीय पुत्र अरविंद कुमार शर्मा की उनके घर पर संदेहास्पद स्थिति में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक सुबह जब उसके घरवाले उसे नींद से जगाने गए तो वो मृत पड़ा हुआ मिला था। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मृतक अरविंद शर्मा का दिमागी हालत काफी समय से सही नही था, और वह शारीरिक रुप से भी वह काफी कमजोर था। घटना को लेकर मृतक युवक अरविंद के पिता ने बताया कि विगत रात परिवार के लोगों के साथ खाना पीना खाकर घर के सभी लोग सोने चले गए थे। वही जब सुबह अरविंद को देर तक सोता हुआ देख घर के सदस्यों ने उसे जगाने की कोशिश की लेकिन व नही जगा देखा कि वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।

यह देखते ही सभी घर परिवार के बीच कोहराम मच गया और रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा होने लगे, वही मृतक अरविंद की मां बबिता देवी ने जमीनी विवाद में हत्या कर देने की बात कह रही है। जबकि मृतक के पिता गुणेश्वर शर्मा ने थाना में आवेंदन देकर बीमारी से अरविंद की मौत होने की बात बतायी गयी है। इधर घरवालों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराने का अनुरोध स्थानीय पुलिस से की है। जिस कारण मृतक के शव का पोस्टमार्टम नही कराया गया है। घटना के बाद मां बबिता देवी सहित पिता व घरवालों के रोरोकर बुरा हाल है। मृतक अरविंद दो भाई सात बहन है, जबकि बड़ा भाई अमर कुमार बिहार पुलिस के जवान के रूप में आरा जिला पुलिस बल में पोस्टेड है। वही अपने भाई की मौत की खबर सुनकर वह घर के लिए निकल गए हैं। शनिवार को भाई के घर आने के बाद स्वजनों के साथ मृतक अरविंद के शव का दाह संस्कार विधिवत रूप से सम्पन्न किया गया है।

# नबालिक युवती को बेहोशी की हालत में किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इशाकचक थाना परिक्षेत्र अंतर्गत भीखनपुर इलाके में एक नाबालिग युवती को बेहोशी की हालत में बरामद किया गया है।युवती को लेकर बताया जा रहा है कि डॉक्टर सुमन पांडे के यहां उक्त नाबालिक युवती काम करती थी, और डॉक्टर द्वारा अपने घर पर रख उसका भरण पोषण किया जाता था, लेकिन पहले सुबह परिजनों को डॉक्टर के द्वारा यह जानकारी दी गई कि आपकी पुत्री बीमारी से ग्रसित है और वह अपने घर चली गई है।इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन डॉक्टर के क्लीनिक पहुंचे तो जहां लहू लोहान स्थिति में नाबालिक युवती को बरामद किया गया है और उसे इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि बच्ची के शरीर पर कई अंग में जख्म का निशान है जिसे या प्रतीत होता है कि उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या की गई है, हालांकि पुलिस ने मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई प्रक्रिया में जुट गई है।

### पूर्वएमएलसी मनोरमा देवी ने किया जनसंपर्क

गया। वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत वजीरगंज प्रखंड के तरवा पंचायत के ग्राम तरवां एवं पतेड़ मंगरवा में गया लोकसभा से एनडीए समर्थित हम सेड्ट सांसद प्रत्याशी जीतन राम मांझी के समर्थन में जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित जनता से भारी मतों से विजय बनाने के लिए अपील की है, इसके साथ में तरवां मुखिया रामाशंकर यादव हप्पू यादव,मेयारी पंचायत के पूर्व मुखिया बालदेव यादव , पटेड मांगरावा पंचायत के पूर्व मुखिया रामचंद्र यादव , फतेहपुर उपप्रमुख रणधीर यादव, रविभूषण यादव,मंटू यादव राजेश यादव, रंजीत यादव,सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के निर्देश पर मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निकल गया कैंडल मार्च

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर ।स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर जमालपुर प्रखंड दौलतपुर स्थित बीएमपी 9 के बूथ एवं मतदान केंद्र संख्या 152 मध्य विद्यालय बीएमपी 9 से मतदाता जागरूकता को जागरूक करने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा बीएमपी 09 के महिला व पुरुष सिपाही ने हिस्सा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता हेतु तरह तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं, ताकि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता आए। उन्होंने सभी आम जन से अपील करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र का पर्व है और इसमें 18 आयु वर्ष से सभी आयु वर्ग के मतदाता अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। मताधिकार हर आदमी का अधिकार है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आमजन को जागरूक होना होगा तभी एक बेहतर लोकतंत्र का निर्माण संभव है। उन्होंने हर उम्र के मतदाताओं को मतदान के दिन पहले वोट करने को अपील की।

# बच्चे कैसे स्वस्थ रहें विषय को लेकर हुई कार्यशाला: डॉ. विनय

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। आईएमए भागलपुर शाखा के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सप्ताह के पांचवें दिन क्राइस्ट चर्च स्कूल प्रांगण में नामांकित बच्चों के बीच स्वास्थ्य रहने के टिप्स को साझा करते हुए चिकिसक ने कहा कि अपने स्वास्थ्य जीवन को कैसे ठीक रख सकते हैं, इस विषय बिंदू को लेकर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया। इस कार्यशाला में बच्चों के स्वास्थ्य जीवन पर प्रभाव डालने वाले मुख्य बीमारी के बारे में विस्तृत चर्चा के साथ बचाव विधि को भी बताया गया है। वही चिकिसक की टीम द्वारा विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य रहने की तकनीकी रूप से चर्चा करते हुए उन्होंने स्वस्थ रहने की जानकारी के साथ साथ साथ कैसे ठीक रहे इस पर भी मुख्य रूप से मौजूद डॉक्टर ने बताया है। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय सिंह ने बताया कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को जंक फूड ना खिलाए इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। वही उन्होंने कहा कि यदि किसी को हार्ट की बीमारी हो तो सीपीआर पद्धति के द्वारा आप उसे ससमय बचाव कर सुरक्षित रख सकते हैं। इस क्रम में डॉ. अजय सिंह द्वारा निदेर्शीत शॉर्ट फिल्म का लोकार्पण भी किया गया, जिस फिल्म का नाम ह्लबदतमीज ड्राइवर का तमीजह्व है। इस फिल्म में यह दशार्या गया है कि किस तरह ड्राइवर अपने वाहन मालिक को सड़क दुर्घटना से बचाव उनके जीवन की रक्षा करता है। इस मौके पर भागलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ./प्रो. डीपी सिंह, डॉ./प्रो. मणि भूषण, डॉ. विनय कुमार झा, सहित शहर के कई वरीय चिकित्सक मौजूद थे।

### इनर व्हील क्लब द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

गया। इनर व्हील क्लब गया द्वारा दो दिवसीय इनर व्हील प्रदर्शनी का आयोजन 6 तथा 7 अप्रैल को किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नेहा त्यागराजन के हाथों फीता कटवाकर तथा दीप प्रज्वलं कर किया गया है ।उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी शहर में अलग उत्साह ले आती है और इनर व्हील का बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है जो महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण है चीफ कोऑर्डिनेटर पी पी सीमा भदानी में बताया कि प्रदर्शनी सुबह 11:00 बजे से शुरू होकर शाम के 9:00 बजे तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में धनबाद कोलकाता बनारस पटना जमशेदपुर और गया से मुख्ता बनारसी साड़ी डिजाइनर सलवार सूट मैट्रेस आर्टिफिशियल ज्वेलरी पेस्ट्रीज कुकीज ,होटल हयात एवं तरुणिका द्वारा फूड स्टॉल भी लगाया गया है ।कुटीर उद्योग का बना बड़ी,पापड़ और अचार भी लगाया गया,खाखरा हर्बल ब्यूटी इत्यादि का भी स्टॉल लगाया गया है ।इनर व्हील अध्यक्ष आभा सिंह ने कहा कि इस आयोजन से हुई आमदनी को सामाजिक उपयोगी कार्य में लगाया जाएगा ।

# न्याय की गुहार ले पीड़ित परिवार पहुंचा एसएसपी कार्यालय

- निजी जमीन को यूनियन बैंक और एससी/एसटी थाना के थानाध्यक्ष पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जमीन विवाद को लेकर कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं तो वही दियारा क्षेत्र इलाके में अपराधियों की गतिविधि भी चरम सीमा पहुंचा पुलिस को चुनौती दे किसानों को पिरोती मांग, धमकी व फसल लूट सहित कई अन्य मामले लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एक और मामला सबौर थाना क्षेत्र इलाके से सामने आया है। दरअसल भूमि विवाद से जुड़े मामले को लेकर एक पीड़ित परिवार अपनी न्याय की गुहार ले जिला पुलिस कफ्तान आनंद कुमार के कार्यालय पहुंचा है। जहां उन्होंने अपनी परेशानियों को साझा कर बताया है कि उनकी निजी संपत्ति लगभग 3.9284 डेसिमल जमीन 2015 ई. में किसान जनार्दन यादव से खरीदा गया था। जिसके बाद उन्होंने 2017 में उक्त जमीन पर भवन निर्माण कार्य हेतु स्थानीय यूनियन बैंक से लोन लिया था। वही पीड़ित परिवार के मुताबिक उन्होंने लोन की राशी समयनुसार 2019 तक चुकाया दिये जाने की बात कही, पीड़ित ने बताया कि उसके ठीक एक वर्ष के पश्चात कोरोना काल के दौर में आर्थिक तंगी के कारण वे लोन चुकाने में असफल रहे थे, तो वहीं बैंक द्वारा लोन राशी नहीं चुकाए जाने पर मॉर्गेज कर लिया गया और एनपीए के बाद एससी एसटी थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष महेश लाल राम को रजिस्ट्री कर दिया गया। वादी ने बताया की मामला हाई कोर्ट में लंबित है और न्यायालय के आदेश लंबित रहने के बावजूद थाना अध्यक्ष और बैंककर्मी की उपस्थिति दर्ज. नही हुई थी, जबकि हाल ही में थानाध्यक्ष के सहयोगियों ने जेसीबी चला कर जमीन पर दखल करने की कोशिश की गई है।

### आधा अधूरा खनुआ नाला निर्माण

छपरा सिटी।ऐतिहासिक खनुआ नाला का आधा अधूरा निर्माण इस बार के मानसून में जिला प्रशासन और आम शहरियों के लिए महंगा साबित होने वाला है. क्योंकि इस बड़े नाले को कई जगह से आपस में लिंक नहीं किया गया है जिस वजह से सड़क का पानी नाले में जाएगा और नाले का पानी पूरे उन्माद के साथ सड़क पर आ जाएगी. ऐसे में जहां-जहां नाले को लिंक नहीं किया गया है वहां वहां के ऑफिस और परिसर नाले और बारिश के पानी में डूब जाएंगे. समय रहते प्रशासन और बुडको को चेत जाना होगा अन्यथा लेने को देने पड़ेंगे। यहां होगी सबसे बड़ी समस्याः इस मानसून में यदि सबसे पहले कोई सड़क डूबेगा तो वह होगा कलेक्टरेट रोड और इसके किनारे अवस्थित सभी ऑफिस। यानी लगभग 40 से 45 कार्यालय जल जमाव के जद में आएंगे. इंजीनियरों की माने तो इसका सबसे बड़ा कारण है कलेक्टरेट रोड में सुलभ इंटरनेशनल के पास सड़क के दोनों तरफ नाले का बन जाना और उनका आपस में लिंकअप नहीं होना। निश्चित है कि दोनों तरफ का पानी कलेक्टरेट रोड में ही आएगा।

# सोशल मीडिया पर टशन दिखाना लड़की को पड़ा महंगा

## हथियार के साथ आरोपी लड़की के पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पुलिस आरोपी लड़की की कर रही तलाश

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। इस दिनों सोशल मीडिया साइड पर तरह तरह की तस्वीरें व वीडियो को साझा करने के की दिशा में हाथों में हथियार के साथ अपनी फोटो फ्रेम के साथ साझा करने का दौर लगातार उजागर हो रहा है। इस फोटो पोस्ट करने का क्रेज आज कल के युवाओं व युवतियों पर इस कदर हावी हो चुका है कि कई बार वो इसके लिए अपने आप को भी मुसीबत में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। वही चुनाव को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सोशल मीडिया एप्लीकेशन व साइट पर लगातार नजर बनाए रखने की दिशा में एक्टिव मोड़ में दिख रही हैं। वही यूजर अपने आप को फेमश करने के लिए यूजर कई तरह के हथकंडे अपनाते दिख रहे है। कई बार इनके उटपटांग हड़कत के चक्कर में वो अनजाने में कानूनी नियमों को ताख पर रखने के साथ उनकी धज्जियां उड़ाते हुए कई तरह से खिलवाड़ करते नजर आते है। इसी कड़ी में एक बार फिर नवगछिया पुलिस ने सोशल मीडिया साइड पर गलत तरीके से इस्तेमाल करने के आरोप में कार्रवाई प्रक्रिया शुरू की है। दरअसल नवगछिया पुलिस जिला क्षेत्र इलाके में एक युवती को सोशल मीडिया पर अपने हाथ में हथियारों के साथ अपनी तस्वीर को अपलोड करना काफी महंगा पड़ गया है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी युवती की तलाश जाँच के क्रम में आरोपी युवती के पिता को पुलिस ने उनके घर से हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस की गतिविधियों को देखकर आरोपी लड़की अब तक पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रही है, जिसे गिरफ्तार करने के लिए जिला पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी युवती की पहचान नवगछिया पुलिस जिला के परबत्ता थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के वेदानंद यादव की पुत्र साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। वही आरोपी साक्षी कुमारी द्वारा अपने इंस्टाग्राम सोशल मीडिया अकाउंट पर एक देशी कट्टा के साथ अपनी तस्वीर लगाकर टशन बनाने का प्रयास की गई थी। जब युवती के इस तरह की तस्वीरों को जब ग्रामीणों ने देखा तो पूरे गांव इलाके में चचाओं का बाजार गर्म हो गया था। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस की हुई कार्रवाई तेज, परबत्ता थाना प्रभारी को फोटो के संबंधित जब सूचना मिली की सोशल मीडिया पर एक लड़की के हाथ में लिये देशी कट्टा का फोटो वायरल हो रहा है तो त्वरित परबत्ता थाना प्रभारी के द्वारा वायरल फोटो की जाँच में पाया गया की वायरल फोटो सही है।

# आग से बचाव को ले ग्रामीण इलाकोंमें किया मॉक ड्रिल: पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। पुलिस जिला नवगछिया परिक्षेत्र के दर्जनों गांव इलाके में आग से बचाव को लेकर जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस दौरान विभाग के कर्मियों व पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न थानों के कई स्थानों पर मॉक ड्रिल किया गया। इसी क्रम में सहोड़ा पंचायत कोरीडोर, वार्ड नं. 5, ग्राम+ पंचायत मदरौनी के वार्ड नं. 9 ग्राम पकरा एन एच 31 के किनारे थ्रेसर मालिक के साथ साथ ग्राम मुस्लिम टोला, तेतरी, पंचायत पकरा के पल्लवी फ्यूल सेंटर, जीरोमईल तेतरी ग्राम बिंद टोली के वार्ड नं.7, पंचायत कमलाकुण्ड व तिनटंगा करारी के वार्ड नं. 8, पंचायत तिनटंगा करारी, ग्राम तिनटंगा करारी के बहियार के अलावा पंचायत तिनटंगा करारी के थ्रेसर मालिक के साथ मिलकर ग्राम सैदपुर, बहियार, सतियार भ्रमरपुर, वार्ड नं.1, पंचायत नगरपाड़ा पूरब ग्राम बिरबन्ना, वार्ड नं. 10 पंचायत नगरपाड़ा, पूरब ग्राम नन्हकार जयरामपुर, वार्ड नं. 3, पंचायत धर्मपुर रत्ती गांव इलाके में मॉकड्रिल के साथ साथ आम लोगों को आग बचाव कार्य को लेकर जागरूक करने का कार्य किया है। इस अभियान के तहत गांव इलाके के अन्य थाना क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा।

# कप्तानी विवाद के बीच दिखी हार्दिक-रोहित की बॉन्डिंग

## चेहरे पर मुस्कान के साथ मिलाया हाथ





**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित के फैंस उन्हें कप्तानी से हटाए जाने से नाराज थे। हार्दिक ने इस दौरान अपनी कप्तानी में कुछ गलतियां भी की। इस कारण बार-बार हार्दिक हूटिंग का शिकार हो रहे हैं। हालांकि पिछले मैच के दौरान रोहित हार्दिक के बचाव में आए थे और उन्होंने दर्शकों से हार्दिक की हूटिंग नहीं करने की अपील की थी। मुंबई इंडियंस 5और टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। मुंबई को लगातार तीन मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम फिलहाल अंक तालिका में आखिरी स्थान पर है। इस बीच कप्तान को लेकर भी विवाद छिड़ा हुआ है। हार्दिक पांड्या को इसकी वजह से कई मौकों पर फैंस के विरोध का भी सामना करना पड़ा है। वहीं, कुछ खबरों में ये भी दावा किया जा चुका है कि हार्दिक और रोहित के बीच सब कुछ ठीक नहीं हैं। हालांकि, अब दोनों की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें हार्दिक-रोहित के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। हालांकि पिछले मैच के दौरान रोहित हार्दिक के बचाव में आए थे और उन्होंने दर्शकों से हार्दिक की हूटिंग नहीं करने की अपील की थी।

**मुंबई इंडियंस ने साझा किया वीडियो** - मुंबई इंडियंस ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट से एक वीडियो जारी किया। इसमें रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या को एक-दूसरे से हाथ मिलाते देखा गया। इस दौरान दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी जिसे देखकर कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि दोनों के बीच किसी तरह का विवाद है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि मुंबई के सभी खिलाड़ी शहर से दूर मोटरबोटिंग का आनंद ले रहे हैं।

### सोमनाथ मंदिर पहुंचे हार्दिक पांड्या, भोलेनाथ को जलाभिषेक किया

मुंबई इंडियंस की कप्तानी में खराब शुरुआत के बीच हार्दिक पांड्या को शुक्रवार को गुजरात के प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा करने पहुंचे। हार्दिक के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा करने का वीडियो सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा साझा किया गया है। हार्दिक की मुंबई इंडियंस एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद एक छोटे ब्रेक पर है। उसका अगला मैच सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से है। वीडियो में हार्दिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। हार्दिक से पहले भी कई क्रिकेटर्स भगवान के शरण में पहुंच चुके हैं। विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव कई बार मंदिर में दिख चुके हैं।

# अभिषेक ने पहले 6 ओवर में ही तय कर दी थी सनराइजर्स की जीत

### धरी की धरी रह गई रुतुराज की कप्तानी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 12 गेंद में 37 रन की आक्रामक खेलने वाले अभिषेक शर्मा अपनी बल्लेबाजी काफी खुश हैं। अभिषेक की दमदार बल्लेबाजी से सनराइजर्स ने मैच में एकतरफा जीत हासिल की। टीम को मिली इस जीत के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि धीमी पिच पर शुरुआती ओवरों में तेजी से रन बनाने की टीम की रणनीति कारगर रही। सीएसके को पांच विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने इस दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके लगाए। उन्होंने महज 17 गेंद में ट्रेविस हेड के साथ 46 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजी करते समय हमें लगा कि इस पिच पर गेंद धीमी आ रही है। ऐसे में हम पावरप्ले का फायदा उठाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले उन्होंने कड़ी मेहनत की थी जिससे वह दमदार प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा, हमें पता था कि यह धीमी विकेट है लेकिन हम गेंदबाजों पर प्रहार करना चाहते थे क्योंकि शुरुआत में परिस्थिति गेंदबाजों के लिए मुश्किल थी।

### अपने लय को जारी रखना चाहता हूं

अपने बड़ा स्कोर बनाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बड़ा स्कोर मायने रखता है लेकिन मैं आज अपनी लय को जारी रखना चहता था। उम्मीद है कि अगली बार बड़ा स्कोर बनाउंगा। उन्होंने कहा, यह उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो मैंने इससे पहले की है। इसके लिए मैं अपने पिता, युवी पाजी और ब्रायन लारा को धन्यवाद करना चाहता हूं।

# आज मुंबई इंडियंस अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स से करेगी मुकाबला

### फिर तेज गेंदबाज रहेंगे हावी या बल्लेबाज करेंगे कुटाई





**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का 20वां मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। रविवार को डबल हेडर के इस पहले मुकाबले में दोनों टीमों की टक्कर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर होगी। मुंबई अभी तक लीग में अपना खाता नहीं खोल पाई है। हार्दिक पंड्या की टीम अपने तीनों मुकाबले हार चुकी है। दूसरी तरफ दिल्ली को चार मैचों में सिर्फ एक ही जीत मिली है। दोनों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों लय में नहीं है।

**ऐसी होगी वानखेड़े की पिच** – वानखेड़े स्टेडियम की पिच भारत में बल्लेबाजी के लिए सबसे अच्छी पिचों में एक है। यह डे मैच होगा और ऐसे में ओस फैक्टर भी खत्म हो जाता है। मुंबई की पिच में शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को मदद रहती है। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने मुंबई के खिलाफ इसका खूब फायदा उठाया था। इस मैच में भी दोनों टीमों के बल्लेबाजों को शुरुआती कुछ ओवर सचेत होकर खेलने की जरूरत है।

**लय में लौटेगी मुंबई इंडियंस** –मुंबई इंडियंस इस सीजन में एकमात्र टीम है, जो जीत हासिल नहीं कर पाई है। लेकिन इस मैच से सूर्यकुमार यादव की वापसी हो सकती है। इससे मुंबई की बैटिंग मजबूत होगी। इसी मैदान पर राजस्थान के खिलाफ मैच में मुंबई के टॉप-4 में से टॉप तीन बल्लेबाज गोल्डन डक हो गए।

### टीम इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस**– हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स**– ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।
मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 3.30 पर शुरू होगा।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान खान ने की गद्दारी

### ईसीबी ने सबक सिखाते हुए 5 साल के लिए बैन ही कर दिया



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान खान को यूएई क्रिकेट बोर्ड ने 5 साल का बैन लगा दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बोर्ड के साथ किए गए वादों को तोड़ा है। इस वजह से उन्हें आईएलटी20, अबु धाबी टी-10 और किसी भी अन्य ईसीबी द्वारा मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खेलने से रोक दिया गया है। उस्मान को पाकिस्तान में मौके नहीं मिल रहा थे। बेहतर करियर की तलाश में वह यूएई पहुंचे। वहां उन्हें पूरी सुविधा मिली। लेकिन अब वह पाकिस्तान के लिए खेलने की तैयारी कर रहे हैं।

### ईसीबी ने जांच में पाया दोषी

ईसीबी ने जांच की और पाया कि उस्मान यूएई के लिए खेलने के लिए जरूरी योग्यता हासिल करने के लिए तैयार नहीं थे, जबकि यह उनकी जिम्मेदारी थी। ईसीबी के बयान में कहा गया है कि, उस्मान ने यूएई के लिए खेलने के अपने फैसले के बारे में गलत जानकारी दी। उन्होंने ईसीबी द्वारा दिए गए मौकों और सहयोग का इस्तेमाल करके दूसरे रास्ते तलाशने की कोशिश की। यह साफ हो गया कि वह अब ना तो ईसीबी के लिए खेलना चाहते हैं और ना ही यूएई के लिए खेलने की योग्यता हासिल करना चाहते हैं।

### पीएसएल में किया कमाल का प्रदर्शन

गौरतललब है कि उस्मान ने हाल ही में खेले गए पीएसएल में मुल्तान सुल्तान्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सिर्फ 7 मैचों में 430 रन बनाए और दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने पीएसएल के 9वें सीजन में लगे सिर्फ 4 शतकों में से 2 शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 164.12 रहा, जो टॉप 10 रन बनाने वालों में सबसे ज्यादा था। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी 5 मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल कर सकता है।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर बिस्माह और गुलाम कार हादसे का शिकार, लगी चोटें





**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान महिला टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और स्पिनर गुलाम फातिमा को कार दुर्घटना के बाद 'मामूली चोटें' लगीं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बात की जानकारी दी है। पीसीबी ने शनिवार को एक बयान जारी किया जहां क्रिकेट संचालन संस्था ने कहा कि दोनों खिलाड़ी एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थी। हालांकि दुर्घटना के बारे में कोई और जानकारी सामने नहीं आई।

पीसीबी के बयान के हवाले से आईसीसी ने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी दो महिला खिलाड़ियों बिस्माह मारूफ और गुलाम फातिमा के बारे में एक अपडेट प्रदान किया है जो शुक्रवार शाम एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थीं। मामूली चोटों के बावजूद दोनों खिलाड़ियों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिला और वर्तमान में वे पीसीबी मेडिकल टीम की देखभाल में उपचाराधीन हैं।

इसमें कहा गया है कि बिस्माह और गुलाम दोनों वर्तमान में संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं जो वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं। पाकिस्तान तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए विंडीज की मेजबानी कर रही है, जिसके बाद पांच टी20 मैच होंगे।

**पाकिस्तान की महिला संभावित टीम** – आलिया रियाज, आयशा जफर, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नाजिहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, रमीन शमीम, सदफ शमास। सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टीव स्मिथ ने माना टेस्ट ओपनर के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करना चुनौती पूर्ण होता है लेकिन वह अपनी इस नई भूमिका में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डेविड वार्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आस्ट्रेलिया ने स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया लेकिन वह अभी तक इसमें सफल नहीं रहे हैं। उन्होंने ओपनर के रूप में अभी तक जो चार टेस्ट मैच खेले हैं उनमें 28.50 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके करियर का औसत 56.27 है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं इन चीजों पर बहुत गौर नहीं करता। मुझे लगता है कि मैं अभी बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मुझे तकनीक के तौर पर कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है लेकिन मैं अपने पूरे करियर के दौरान ऐसा करता रहा हूं और यह वास्तव में मायने नहीं रखता कि इस मामले में मैं किस स्थिति में हूं। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

उन्होंने कहा, 'यह अभी तक चुनौती पूर्ण रहा है। हम कुछ मुश्किल विकेट पर खेले हैं विशेष कर ऐसे विकेट जिनमें नई गेंद मुश्किल पैदा करती रही है। यह चुनौती पूर्ण होता है। मुझे इस नई भूमिका में कुछ रन बनाने होंगे और यह निश्चित है कि मैं इसमें सफल रहूंगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी और स्मिथ उसमें खेलने को लेकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'हम वास्तव में एक दूसरे के खिलाफ खेलने का आनंद लेते हैं। पहली बार हम पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेंगे जो रोमांचक है। यह शानदार मुकाबला होगा।

### हार का शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है असर : सानिया मिर्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने शुक्रवार को कहा कि टूर्नामेंट में हार खिलाड़ियों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। उन्होंने कहा कि जब वह खेलती थीं तब खिलाड़ियों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई चर्चा नहीं होती थी। एक कार्यक्रम से इतर सानिया ने कहा कि जब भी उन्हें किसी टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा तो उन्हें अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। उन्होंने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि उस दौर में हम आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा बात नहीं करते हैं। हमने हाल ही में इस पर चर्चा शुरू की है। दैनिक आधार पर टूर्नामेंट में हार से निपटना काफी मुश्किल था। सानिया ने पिछले साल फरवरी में टेनिस को अलविदा कह दिया था। हार से निपटने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उस दौरान, मैं काफी भाग्यशाली थी कि मुझे अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। मेरी कोशिश दिमाग को स्थिर रखने की थी ताकि ज्यादा नुकसान नहीं हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई नुकसान झेल रहा हो तो मानसिक स्वास्थ्य से निपटना वास्तव में कठिन होता है और कभी-कभी खिलाड़ी इससे उबर नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए शारीरिक से लेकर मानसिक स्वास्थ्य तक हर चीज को संभालना हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर जूरी सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर इस साल के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारत की पहली महिला बनने के लिए तैयार हैं जिसकी मेजबानी 26 जुलाई से से 11 अगस्त तक पेरिस में होनी है। पेरिस खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में मीर की नियुक्ति की आधिकारिक सूचना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रशासन को एक पत्र के माध्यम से दी गई थी।

आईओए ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को लिखे पत्र में कहा, बिल्किस मीर, वॉटर स्पोर्ट्स प्रमोटर, डेवलपर, एथलीट, भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन के जूरी सदस्य को पेरिस ओलंपिक खेलों में संचालन के लिए जूरी के सदस्य के रूप में नामित की गई हैं। वह पेरिस ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की पहली महिला हैं।

बिल्किस ने इस मौके पर कहा कि यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि ओलंपिक न केवल एथलीटों के लिए बल्कि सभी के लिए अंतिम गंतव्य है। ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति पर बिल्किस ने कहा कि उन्होंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि वह महिला कैनोइंग टीम की पूर्व कोच हैं जो इस साल पेरिस खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्होंने कहा कि वह पिछले साल चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में जूरी सदस्य भी थीं।



अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में संवैधानिक विशेषाधिकारों को रद्द करने से पहले के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक कश्मीरी लड़की के लिए उस समय खेल खेलना बहुत मुश्किल था, लेकिन उन्होंने रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों पर काबू पाया। उन्होंने कहा कि उन्हें कैनोइस्ट के रूप में अपनी असली पहचान मिली, जो उस समय जम्मू-कश्मीर में लगभग अनसुना खेल था और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया।

बिल्किस ने कहा, यह न केवल मेरे या केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मैं पेरिस ओलंपिक में प्रतिष्ठित जूरी के सदस्य के रूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात मानती हूं। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी लड़कियों या महिलाओं के लिए विजय का क्षण है जो खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छा रखती हैं, इस बार (ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए) एशिया से केवल दो जूरी सदस्यों को चुना गया है जिसमें एक जापान से हैं।

अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों को धन्यवाद देते हुए बिल्किस ने कहा, मैंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपना करियर शुरू किया, जब एक लड़की के लिए ट्रैकसूट पहनना भी एक चुनौती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### इरोड में लॉरी और कार की टक्कर से भीषण सड़क हादसा, डॉक्टर दंपती की मौके पर मौत

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड में लॉरी और एक कार की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में एक डॉक्टर दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओराची कोट्टई हाइडल इलेक्ट्रिसिटी बैराज के पास हुई, जब दंपती अपने बेटे से मिलने के बाद मेट्टूर स्थित अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने आगे बताया कि इस हादसे में घायल दोनों पीड़ितों को यहां पास के भवानी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहीं, अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान 75 साल के मडप्पन और उनकी 72 साल की पत्नी पद्मावती के रूप में की है। भवानी पुलिस दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमिलनाडु को ड्रग्स से एनडीए सरकार ही दिला सकती है मुक्ति



**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा शराब और ड्रग्स के आदी होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कक्षा नौ और दस के छात्र भी ड्रग्स ले रहे हैं। अमेरिका में मिलने वाले गांजा, हेरोइन और कोकेन जैसे सभी प्रकार के ड्रग्स तमिलनाडु में मिल रहे हैं। यह बात कहते हुए पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने समस्या के लिए द्रमुक और अन्नाद्रमुक को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्य को केवल राजग सरकार की ड्रग्स की समस्या से मुक्ति दिला सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए पीएमके ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है। पीएमके नेता रामदास ने आरोप लगाया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने 57 साल के शासन में राज्य को बर्बाद कर दिया। ड्रग्स राज्य की सबसे बड़ी समस्या है और सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। कई बार मुद्दा उठाए जाने के बाद भी मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को कोई चिंता नहीं है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले 10 साल में राज्य के विकास के लिए हमारे पास मानव संसाधन उपलब्ध नहीं होगा। लोग भ्रष्ट द्रमुक सरकार से तंग आ चुके हैं और वे सरकार से नाराज हैं। उन्होंने कहा,

### सीएम स्टालिन ने लोकसभा चुनाव को बताया देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा आरक्षण और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। यदि भाजपा एक बार फिर केंद्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा सामाजिक न्याय को दफना देगी और हमारे लोगों को 100 साल पीछे ले जाएगी। यह आरोप तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लगाए। वह शुक्रवार को विक्रवंडी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा चुनाव को देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन करार देते हुए कहा कि इस समय देश बहुत बड़े खतरे का सामना कर रहा है। पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के आरक्षण पर खतरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ है और यही कारण है कि केंद्र सरकार में पिछड़े वर्ग के तीन प्रतिशत सचिव भी नहीं हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, एससी और एसटी से संबंधित उम्मीदवारों को आरक्षण के माध्यम से प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर जैसे पदों पर नहीं चुना जाता है। यह पिछड़े समाज के साथ अन्याय है।

# जेवर से गाजियाबाद तक बनेंगे नमो भारत और मेट्रो ट्रेन के 22 स्टेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर में रहने वालों के लिए राहत की खबर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर से गाजियाबाद तक के लिए नमो भारत और मेट्रो को जोड़ने के लिए 22 स्टेशन बनेंगे। भविष्य में इसे 35 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। पहले 25 स्टेशन बनाने की तैयारी थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर यमुना प्राधिकरण को सौंप दी है। एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेंगी।

यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से वाया ग्रेनो वेस्ट, एल्फा-1 व जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत (रैपिड रेल) रूट का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। परियोजना की डीपीआर और फिजीबिलिटी रिपोर्ट में



4.58 करोड़ रुपये का खर्च आया है। अहम बात यह भी है कि जेवर एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और यमुना सिटी में बनने वाली फिल्म सिटी की सीधी कनेक्टिविटी होगी। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, एल्फा-1 और यीडा सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का रूट अब फाइनल कर लिया गया है। नमो भारत और मेट्रो में छह बोगी होंगी। गाजियाबाद आरआरटीसी से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य वर्ष 2031 रखा गया है। पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा ईकोटेक-6 तक 39.39 किलोमीटर का ट्रैक तैयार किया जाएगा। इस ट्रैक पर 18 स्टेशन बनेंगे, जिनमें से सात नमो भारत और 11 मेट्रो के होंगे। यह रूट गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से जुड़ेगा। इसे विश्वकर्मा रोड (सिद्धार्थ विहार/प्रताप विहार), ताज हाईवे, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार मूर्ति चौक, ग्रेटर नोएडा लिंक रोड नॉलेज पार्क-5 से घुमाकर सुरजपुर कासना से परी चौक से ले जाकर ईकोटेक-6 पर खत्म किया जाएगा।

नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेंगी। नमो भारत ट्रेन 80 किलोमीटर से 114 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। मेट्रो की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। उम्मीद जताई गई है कि वर्ष 2031 तक इस रूट पर 3.09 लाख यात्री होंगे।

परियोजना के मूर्तरूप लेने पर न सिर्फ नोएडा एयरपोर्ट बल्कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को काफी लाभ होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए यह परियोजना तो लाइफ लाइन साबित होगी। दरअसल अभी ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद पहुंचना आसान नहीं है। लोगों को ग्रेनो वेस्ट में प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है। एनसीआरटीसी ने यमुना सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी के लिए भी खाका तैयार किया है। इसके लिए फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक एलआरटी चलाई जाएगी। इसके लिए 14.6 किमी का अलग ट्रैक तैयार किया जाएगा। वहीं, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट के लिए भी नमो भारत चलाई जाएगी। दूसरे चरण में ईकोटेक-6 से जेवर एयरपोर्ट तक सिर्फ चार स्टेशन बनेंगे। यह चारों नमो भारत के स्टेशन होंगे।

## गवाहों को पट्टी पढ़ाया जाना चिंताजनक, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है। पीठ ने एक आदेश में कहा कि उनके सुबूतों को खारिज करना होगा, क्योंकि इस बात की स्पष्ट संभावना है कि उक्त गवाहों को पहले दिन



पुलिस द्वारा सिखाया गया था। न्यायिक प्रक्रिया में पुलिस द्वारा इस तरह का हस्तक्षेप चिंताजनक है। कोर्ट ने सख्त लहजें में कहा कि पुलिस को अभियोजन पक्ष के गवाहों को पाठ पढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह पुलिस मशीनरी द्वारा शक्ति का घोर दुरुपयोग है। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलकर्ताओं को जमानत दिए जाने से पहले वे 10 साल से अधिक समय तक जेल में रह चुके थे। दो आरोपितों मणिकंदन और शिवकुमार पर आरोप था कि उन्होंने चार अक्तूबर, 2007 को बालामुरुगन की हत्या कर दी थी।

## चूहे को जलाकर मारने वाले डीटीयू के 2 छात्र सस्पेंड, जुर्माना भी ठोका; साइको एनालिसिस टेस्ट कराने के आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के दो छात्रों को एक चूहे को डिब्बे में फंसाकर और निर्दयतापूर्ण जलाकर मारना महंगा पड़ गया। डीटीयू ने आरोपी दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास सस्पेंड कर दिया है। साथ ही, दोनों छात्रों को हमेशा के लिए हॉस्टल से बाहर निकालकर उन पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों ने खुद ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस मामले में दोनों छात्रों पर जनवरी 2024 में केस दर्ज होने के बाद पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रतीक शर्मा से मुलाकात कर शिकायत की थी।

पेटा ने इस मुलाकात के दौरान डीटीयू के कुलपति से अनुरोध किया था कि आरोपी दोनों छात्रों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके बाद डीटीयू ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास से सस्पेंड कर दिया। इन्हें अपनी डिग्री खत्म करने तक प्रोबेशन पर डाल दिया गया है। इनको भविष्य में इस प्रकार के कृत्यों में शामिल न होने की शपथ भी लेनी होगी। इसके अलावा इनके माता-पिता को दोनों छात्रों का इनका साइको एनालिसिस टेस्ट कराने और एक महीने के भीतर रिपोर्ट विश्वविद्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेटा इंडिया की क्रूएल्टी रिस्पॉन्स कोऑर्डिनेटर सुनयना बसु ने बताया कि जो लोग जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, वे मनुष्यों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आरोपी की हुई पहचान

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी और सह-साजिशकर्ता की पहचान हो गई है। बता दें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने ब्लास्ट को अंजाम देने वाले की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की।

बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को ब्लास्ट हुआ था। इस मामले को लेकर एनआईए की जांच चल रही है। एनआईए ने रामेश्वर कैफे में ब्लास्ट करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई ने एनआईए के हवाले से बताया कि रामेश्वरम कैफे में आईईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

## जहरीले खेल का आरोपी है एल्विश यादव, नोएडा पुलिस ने 1200 पेज की फाइल की चार्जशीट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत आठ आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने न्यायालय में 1200 पन्नों की चार्जशीट शुक्रवार दाखिल कर दी। इसमें 24 गवाहों के बयान नत्थी किए गए हैं। पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी ने बीते साल एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था।

संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग किया था। इसमें कोबरा समेत नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला। सभी को जेल भेज दिया गया। संस्था के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि



वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है।

राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई। इसके बाद एल्विश को दबोचने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया। पूछताछ के बाद उसे नोएडा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पांच दिन तक जेल में रहा। हालांकि होली के पहले उसे इस मामले में जमानत मिल गई। पुलिस ने चार्जशीट में एल्विश के ऊपर लगे सभी आरोपों का जिक्र किया है।

चार्जशीट में नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया है कि एल्विश का जहरीले खेल में जेल भेजे गए सपेरों से संपर्क था। एल्विश के खिलाफ लगी एनडीपीएस की धाराओं का आधार भी पुलिस ने इसमें बताया है। एल्विश और उसके सहयोगियों पर लगे आरोपों की पुष्टि पुलिस ने चार्जशीट में की है। 155 दिन बाद दायर हुआ आरोपपत्र नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव और उसके आठ साथियों के खिलाफ केस दर्ज होने के करीब 155 दिन बाद चार्जशीट दाखिल की है। उसके खिलाफ बीते साल तीन नवंबर को सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज हुआ था। बीते माह 17 मार्च को 136 दिन नोएडा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। केस दर्ज होने वाले दिन सपेरे राहुल, टीटूनाथ, जयकरन,नारायण और रविनाथ गिरफ्तार हुआ था। मामले में कुल सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसमें एल्विश के अलावा कई अज्ञात भी थे। एल्विश की गिरफ्तारी के बाद उसके दो करीबियों ईश्वर और विनय यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। राहुल और उसके साथियों से सांप बरामद हुए थे।

## द. अमेरिका के कराकस में सबसे अधिक अपराध, टॉप-20 में पांच अफ्रीकी शहर

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला का कराकस दुनिया का सबसे अधिक अपराध ग्रस्त शहर है। भारतीय शहरों की रैंकिंग में नई दिल्ली में आपराधिक वारदातें सबसे अधिक पाई गईं। यह दावा है नुम्बेओ की नई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का। रैंकिंग के अनुसार, दुनिया का दूसरा सबसे अपराध ग्रस्त शहर दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया है। रैंकिंग में अफ्रीका के चार और देश हैं, जिस वजह से दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ऐसा देश बन गया, जिसके पांच शहर शीर्ष 20 में शामिल हैं। इसके अलावा, डरबन सूची में तीसरे स्थान पर है। जोहान्सबर्ग चौथे स्थान पर है। पोर्ट एलिजाबेथ आठवें तो केप टाउन 18वें स्थान पर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका के पुलिस मंत्री भीकी सेले द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले अपराध आंकड़ों के अनुरूप है।




सूची में भारत के भी 11 शहर शामिल हैं। सूची में दिल्ली 70वें, नोएडा 87वें और गुड़गांव 95वें स्थान पर है। वहीं, बंगलूरू 102वें, इंदौर 136वें, कोलकाता 159वें, मुंबई 169वें, हैदराबाद 174वें, चंडीगढ़ 177वें और पुणे 184वें स्थान पर हैं। उकसावे और गलतफहमी के कारण हुईं सबसे अधिक हत्याएं रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 के आखिरी तिमाही में 7700 हत्याएं हुईं हैं। रिपोर्ट में लिंग आधारित हिंसा का भी खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 7340 हत्याओं में से 1116 हत्याएं तर्क, उकसावे और गलतफहमी के कारण हुईं हैं। वहीं, 431 हत्याएं मोब लिंचिंग (भीड़ की हिंसा) के कारण हुईं हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। फिरौती के लिए अपहरण दक्षिण अफ्रीका में संगठित अपराध बन गया है। अपहरण से जुड़े समूहों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी है। एक प्रमुख अपराध विज्ञानी प्रोफेसर खोलोफेलो रकुबू का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा या हिंसक अपराध के उच्च स्तर की व्याख्या करने वाला कोई एक कारक नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में हिंसक अपराध विभिन्न कारकों का परिणाम है। दक्षिण अफ्रीका में आग्नेयास्त्र से संबंधित अपराध लंबे समय से वहां व्याप्त हैं। आग्नेयास्त्रों की आसान उपलब्धता के कारण देश में हिंसक अपराध बढ़ रहा है।

## गाजा में सहायताकर्मियों पर हमला करने के मामले में इस्राइल सख्त, अपने दो अधिकारियों को किया बर्खास्त

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि, इस बीच इस्राइली सेना ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने गाजा में एक हमले में सात सहायताकर्मियों के मारे जाने वाली घटना पर कार्रवाई की है। सेना ने अपने दो अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है और तीन अन्य को फटकार लगाई है। उसका कहना है कि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी को गलत तरीके से संभाला और सेना के नियमों का उल्लंघन किया।



**सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो:** इस्राइली सेना ने कहा कि एक जांच में सामने आया है कि उनके जवानों ने गलती से यह मान लिया था कि वे जिन्हें निशाना बना रहे हैं, वो हमास के आतंकी हैं। इस्राइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने कहा कि यह एक गंभीर घटना है, जिसके लिए हम जिम्मेदार हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए था और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो।

**यह है मामला:** रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार रात एक इस्राइली ड्रोन द्वारा तीन हवाई हमलों में एक ऑस्ट्रेलियाई, तीन ब्रिटिश, एक फलस्तीनी, एक उत्तरी अमेरिकी और एक पोल सहित सात सहायताकर्मी मारे गए थे। यह सभी तीन वाहनों के बीच अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। अमेरिका स्थित चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके), जिसका काफिला मारा गया था, ने कहा था कि हमारे सहयोगियों की हत्या के लिए इस्राइल का सिर्फ माफी मांगना बहुत ही ढीले रवैये को दिखाता है। डब्ल्यूसीके ने हमले की स्वतंत्र जांच की मांग की थी।

डब्ल्यूसीके के सीईओ एरिन गोर ने कहा, इस्राइल को मानवीय सहायता कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारा अभियान अभी भी निलंबित है।

**सेना का बयान:** इस्राइली सेना ने कहा कि डब्ल्यूसीके सहायता को उतारने के बाद वाहन गोदाम से बाहर जा रहे थे, तभी जवानों ने देखा की वाहनों के अंदर कुछ बंदूकधारी मौजूद थे, जिन्हें उन लोगों ने हमास आतंकवादी समझा। इसलिए सेना ने सहायता वाहनों पर हमला कर दिया। इस्राइली सेना ने कहा कि वाहनों पर हमला करना एक गंभीर गलती थी।

## पाकिस्तान में हाईकोर्ट जजों को मिल रहे धमकी भरे लेटर में निकल रहा घातक पाउडर एंथ्रेक्स

**नाहौर, एजेंसी।** ाकिस्तान में नेताओं के अलावा, अब जजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ्क के बाद एक कई हाईकोर्ट जजों को ामकी भरे लेटर मिले हैं। हैरानी की बात ी है कि इन लेटर के अंदर पाउडर भरा है। ाुक्रवार को लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के एक न्यायाधीश अली ाकर नजफी को भी ऐसा ही एक संदिग्ध ात्र प्राप्त मिला है, जिसके अंदर घातक ाउडर भरा है। अब तक लाहौर हाईकोर्ट े कम से कम चार जजों को इसी तरह े पाउडर भरे खत मिल चुके हैं।

इससे पहले मंगलवार को, यह बात ामने आई थी कि इस्लामाबाद उच्च यायालय (आईएचसी) के सभी आठ यायाधीशों को सेलो-टेप से सील किए ाए सफेद लिफाफे में पत्र भेजे गए थे। लिफाफों पर न्यायाधीशों के नाम और




आईएचसी का पता लिखा हुआ था। सूत्रों ने कहा कि पत्रों में धमकी भरे संकेत थे और न्यायाधीशों पर पाकिस्तान के लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया था।

दो जजों के स्टाफ ने जब लिफाफे खोले तो अंदर संदिग्ध पाउडर मिला। मामले की सूचना इस्लामाबाद हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को दी गई, जिन्होंने उच्च न्यायालय की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मचारियों को बुलाया। इसके बाद पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि जिसने भी ये पत्र भेजे उसने अपना अधूरा पता लिखा है। पत्र में तहरीक-ए-नमूस पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए न्याय प्रणाली की आलोचना की गई है। इसमें कहा गया है कि धमकी के लिए पत्र में एक विशेष फोटो और अंग्रेजी शब्द बैसिलस एन्थ्रेसिस लिखा है।

अगले दिन, इसी तरह के पत्र सुप्रीम कोर्ट और लाहौर हाईकोर्ट में पहुंचे, जिसके बाद आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने इस्लामाबाद और लाहौर में मामला दर्ज किया है। शीर्ष अदालत में पत्र पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह, न्यायमूर्ति जमाल खान मंडोखाइल और न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन को भेजे गए थे। एक अज्ञात समूह द्वारा भेजे गए पत्रों में लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों शैतानों को बचा रहे हैं। लिफाफे के अंदर संदिग्ध पाउडर पाया गया और उसे फोरेंसिक लैब में भेजा गया। प्रत्येक लिफाफे से संदिग्ध पाउडर की एक मात्रा ली गई और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

खतों के अंदर पाए जाने वाले सफेद पाउडर के घातक 'एंथ्रेक्स' होने की आशंका है। पंजाब प्रांत के एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''पाउडर को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है कि क्या यह एंथ्रेक्स है। एंथ्रेक्स के हमले का एक लंबा इतिहास रहा है। एंथ्रेक्स पाउडर में बैसिलस एन्थ्रेसीस नामक ग्राम-पॉजिटिव, रॉड के आकार के बैक्टीरिया को प्रोसेस करके डाला जाता है। एंथ्रेक्स एक घातक हथियार की तरह है लेकिन इसे चुपचाप और बिना किसी को पता चले छोड़ा जा सकता है। सूक्ष्म बीजाणुओं को पाउडर, स्प्रे, भोजन और पानी में डाला जा सकता है। क्योंकि वे इतने छोटे होते हैं कि आप उन्हें देख या सूंघ नहीं सकते हैं।

## अमेरिका में भारतीयों को लाभ, प्रवासियों के रहने की अवधि बढ़ेगी

### 180 दिन की सीमा बढ़ाकर 540 दिन हुए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने अस्थायी अंतिम नियम (टीएफआर) की घोषणा की है। इसमें कार्य परमिट के लिए आप्रवासियों की पात्रता का विस्तार किया गया है। इसके तहत कुछ रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों (ईएडी) के लिए स्वचालित 180 दिन की अवधि 540 दिनों तक बढ़ा दी गई है। यानी अमेरिका में रहने की अवधि बढ़ जाएगी, जिसका सर्वाधिक लाभ भारतीयों को मिलना तय है।

इस कार्रवाई के तहत गत 12 महीनों में ईएडी प्रसंस्करण अवधि काफी कम कर दी गई है। बृस्पतिवार देर शाम घोषित ये अस्थायी उपाय, पहले से ही कार्य-अधिकृत गैर-नागरिकों को उनके लंबित ईएडी नवीनीकरण आवेदनों पर निर्णय लेने की प्रतीक्षा के वक्त, उनके रोजगार प्राधिकरण और दस्तावेजीकरण में चूक से रोकेंगे। इससे अमेरिकी नियोक्ताओं के लिए संचालन की निरंतरता भी सुव्यवस्थित हो सकेगी।

यह बाइडन प्रशासन द्वारा कार्य-अधिकृत व्यक्तियों को कार्यबल में शामिल करने के लिए नवीनतम कदम है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129